आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया 05:31 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 246, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आकाशगंगाओं के कोलाज का सबसे बड़ा मानचित्र 16

प्रियंका ने नई तस्वीरों में दिखाया ग्लैमरस लुक 15

सेंसेक्स समेत सभी सूचकांक धड़ाम

भारी गिरावट से निवेशकों को 9.78 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुई चिंता के बीच घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली हुई और मानक सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए। सेंसेक्स में 1,769 अंक और निफ्टी में 547 अंक की भारी गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की सतत निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। यह शेयर बाजार में गिरावट का चौथा दिन रहा। बड़ी गिरावट के बीच निवेशकों की

1,769 अंक लुढ़का सेंसेक्स

संपत्ति एक ही दिन में 9.78 लाख करोड़ घट गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,769.19 अंक यानी 2.10 % गिरकर 82,497.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,832.27 अंक टूटकर 82,434.02 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 546.80 अंक यानी 2.12 % का गोता लगाते हुए 25,250.10 अंक पर आ गया। बाजार की चौतरफा गिरावट का अंदाजा लगाया जा सकता है कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अकेले जेएसडब्ल्यू स्टील ही बढ़त लेने में सफल रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि इजराइल पर ईरान की तरफ से बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद घरेलू बाजारों में तेज गिरावट आई।

पंजाब-हरियाणा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान, रोकी ट्रेनें

- लखीमपुर खीरी की घटना की तीसरी वर्षगांठ पर न्याय की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

होशियारपुर/लुधियाना, एजेंसी

लखीमपुर खीरी कांड (2021) के पीड़ितों को न्याय दिलाने समेत विभिन्न मांगों के समर्थन में गुरुवार को किसानों ने दो घंटे के रेल रोको विरोध के तहत रेल की पटरियों पर धरना दिया। इससे पूरे पंजाब में कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की ओर से आयोजित यह विरोध प्रदर्शन मध्याह्न साढ़े 12 बजे शुरू हुआ। यह तीन कृषि कानूनों के खिलाफ लखीमपुर खीरी में 2021 में प्रदर्शन के दौरान चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत की घटना की तीसरी बरसी है।

पटियाला में रेल रोको विरोध प्रदर्शन के दौरान ट्रैक पर लेटे किसान। ● एजेंसी

प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने और लखीमपुर खीरी की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने की मांग की। अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, पटियाला सहित कई शहरों में ट्रेनों को रोका। किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के संयोजक सरवन सिंह पंधेर ने लखीमपुर खीरी की घटना में न्याय की मांग की तथा राज्य एवं केंद्र, दोनों सरकारों पर किसानों की लंबे समय से लंबित मांगों पर ध्यान न देने तथा उनके प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

लखीमपुर खीरी का तिकुनिया कांड: यह था मामला

लखीमपुर खीरी। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और खीरी के पूर्व सांसद अजय मिश्र टेनी के पैतृक गांव में उनके पिता की याद में तीन अक्टूबर को विराट दंगल और कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को जाना था। तीन कृषि कानून और संपूर्णानगर क्षेत्र में किसानों के प्रति दिए गए टेनी के बयानों से नाराज हजारों की संख्या में किसान तिकुनिया में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। डिप्टी सीएम की अगवानी करने जा रहे पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री की थार कार से चार किसानों, एक पत्रकार की कुचलकर मौत होने के बाद हिंसा भड़क गई थी। जिसमें तीन भाजपा कार्यकर्ता भी मारे गए थे। हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को मुख्य आरोपी बनाया गया था। तीन वर्ष बाद मृतकों की बरसी के रूप में किसानों ने गुरुवार को कार्यक्रम किया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अमेठी में एक ही परिवार के चार लोगों की गोली मारकर हत्या

सनसनीखेज हत्यारोपियों ने शिक्षक, उनकी पत्नी व दो पुत्रियों को बनाया निशाना

- शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे का मामला
- एडीजी एसबी शिरडकर व आईजी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई। अहोरवा भवानी कस्बे के मुख्य चौराहे पर किराये के मकान में रह रहे शिक्षक, उनकी पत्नी व 2 पुत्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति हो गई है। अधिकारियों ने भारी संख्या में पीएसी एवं पुलिस बल तैनात कर दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना भी व्यक्त किया है।

उनके निर्देश पर लखनऊ जोन के एडीजी एसबी शिरडकर व अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार भी मौके पर पहुंच गए है। दोनों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर डॉग स्क्वायड व एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। उधर, डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश पर एसटीएफ टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है। हत्यारोपियों की धरपकड़ को पुलिस सक्रिय हो गई है।

मृतक सुनील कुमार और उनकी पत्नी व दोनों बच्चियां।

> प्रथम दृष्टया घटना का कारण पारिवारिक विवाद लग रहा। घटना को अंजाम देने वाला मृतक सुनील का नजदीकी बताया जा रहा है। हम इस वीभत्स घटना के खुलासे के बेहद करीब हैं। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।
> –**प्रवीण कुमार**, आईजी, अयोध्या परिक्षेत्र

शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे में शिक्षक सुनील कुमार (35) अपनी पत्नी पूनम भारती(32), दो पुत्रियों सृष्टि(6) व समीक्षा(2) के साथ मुन्ना अवस्थी के मकान में किराये पर रहते थे। सुनील कुमार पीएमश्री विद्यालय पन्हौना में सहायक अध्यापक थे। गुरुवार देर शाम कुछ असलहाधारी लोग उनके आवास पर पहुंचे। बदमाशों ने सुनील कुमार को निशाना बनाते हुए परिवार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हादसे में शिक्षक की पत्नी व पुत्रियां भी गोली का शिकार हो गईं। घायलों को सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। तात्कालिक सूचना के बाद एसपी अनूप कुमार सिंह व एएसपी हरेंद्र प्रताप मय टीम मौके पर पहुंच गए। हत्या किस वजह से हुई, क्या कारण है, यह अभी पूरी तरह से कुछ कह पाना मुश्किल है। फिलहाल बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। बताया गया कि सुनील रायबरेली के मूल निवासी थे। सुनील की पत्नी पूनम ने बीते 18 अगस्त को रायबरेली कोतवाली में चंदन वर्मा के खिलाफ मारपीट, अश्लील हरकत व धमकी देने की धारा में मामला दर्ज कराया था। पुलिस को देय अपने प्रार्थनापत्र ने पूनम ने यह भी लिखा था कि यदि भविष्य में उसके व उसके परिवार के साथ कोई घटना होती है तो उसके लिए चंदन वर्मा ही जिम्मेदार होगा।

4 घंटे के डिजिटल अरेस्ट ने ले ली शिक्षिका की जान

साइबर अपराधियों ने धमकाया, सेक्स स्कैंडल में पकड़ी गई है बेटी

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : साइबर अपराधियों के चार घंटे के डिजिटल अरेस्ट ने सहायक शिक्षिका मालती वर्मा की जान ले ली। पुलिस अधिकारी बन कॉल कर उनसे कहा गया था कि उनकी बेटी सेक्स स्कैंडल में पकड़ी गई है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उसे बचाना चाहती हो तो 15 मिनट में 1 लाख रुपये हमारे खाते में ट्रांसफर कर दो। वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। शिक्षिका स्कूल में थीं। चार घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में अपराधी धमकाते रहे। बेटी से बात कराने का झांसा दिया। दूसरी तरफ से मां मुझे बचा लो की आवाज सुनाई गई तो सहायक शिक्षिका परेशान हो गईं। घर आने के बाद उनकी हालत बिगड़ी और मृत्यु हो गई। डिजिटल अरेस्ट में यह मौत का पहला मामला माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार आगरा के सुभाष नगर निवासी मालती वर्मा राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल अछनेरा में अध्यापिका थीं। 30 सितंबर की दोपहर 12 बजे उनके मोबाइल फोन पर व्हाट्स ऐप कॉल आई। कॉल करने वाले की डीपी पर पुलिस वर्दी में तस्वीर लगा रखी थी। देखकर यही लग रहा था कि यह कॉल किसी थाने से है। मालती ने कॉल रिसीव की। उधर से कहा गया आपकी बेटी को पुलिस ने सेक्स रैकेट में पकड़ा है। अभी पुलिस ने उसे लिखा-पढ़ी में शामिल नहीं किया है। आपकी बहुत बदनामी हो सकती है। अगर आप चाहती हैं कि बेटी की फोटो वीडियो वायरल न हो, केस न दर्ज हो, तो तुरंत एक लाख रुपये हमें भेज दें। फोन करने वाले शख्स ने इसके बाद एक नंबर भी भेजा। दोबारा कॉल करके 15 मिनट में रुपये भेजने के लिए फिर धमकाया। परेशान मालती वर्मा ने तुरंत अपने बेटे दीपांशु को फोन किया और उससे कहा कि बैंक से एक लाख रुपये निकालकर एक नंबर पर भेजने हैं। दीपांशु ने पूछा, तो उन्होंने बताया कि बहन को पुलिस ने पकड़ लिया है। बात करते-करते वो बेचैन हो रही थीं। उनकी सांस फूलने लगी थी।

- जेल भेजने और बदनामी से बचना चाहती हो तो भेज दो एक लाख रुपये
- सदमे के कारण बिगड़ी शिक्षिका की हालत, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

भारत और पाकिस्तान के नंबरों से किए गए फोन

दीपांशु ने बताया कि मम्मी ने उसे नंबर भेजा। एक नंबर भारत का था, तो दूसरा पाकिस्तान का, तभी उसे समझ में आ गया कि इस मामले में कुछ ठीक नहीं है। उसने भारत वाले नंबर पर फोन किया तो कहा गया कि रुपये भेज दो। दीपांशु ने तुरंत अपनी मां को बताया कि ये फर्जी कॉल है। बहन से बात हो गई है, परेशान मत हो। दीपांशु ने बताया कि मां के पास दोपहर करीब 3.30 बजे फोन आया। वह घर आईं और उनकी तबीयत खराब होने लगी। उन्हें बहुत समझाया, लेकिन उनकी तबीयत बिगड़ती गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई।

एक नजर

एयर मार्शल धारकर बने वायुसेना उप प्रमुख

नई दिल्ली। एयर मार्शल एसपी धारकर ने गुरुवार को यहां वायुसेना मुख्यालय में वायुसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला। वायुसेना के अनुसार एयर मार्शल धारकर ने वर्ष 1985 में वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। वह राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

कश्मीर में सुरक्षा बलों व आतंकियों में गोलीबारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को एक तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच कुछ देर गोलीबारी हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों ने छतरू में तलाशी अभियान शुरू किया।

जेल नियमावली से हटाएं भेदभाव बढ़ाने वाले नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 11 राज्यों के जेल मैनुअल में मौजूद भेदभावपूर्ण प्रावधानों को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को करीब 11 राज्यों की जेल नियमावली के भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खारिज कर दिया तथा जाति के आधार पर काम के वितरण व कैदियों को अलग-अलग वार्ड में रखने के चलन की निंदा की।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जेलों में जाति आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य का इस तरह के भेदभाव को रोकने का एक सकारात्मक दायित्व है। पीठ ने राज्यों को तीन महीने के भीतर जेल नियमावली में संशोधन करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि ऐसे सभी प्रावधान असंवैधानिक माने जाते हैं। सभी राज्यों को निर्देश दिया जाता है कि वे जेल नियमावली में बदलाव करें...। प्रधान न्यायाधीश ने खचाखच भरी अदालत कक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि आदतन अपराधियों का उल्लेख आदतन अपराधी कानूनों के संदर्भ में होगा और राज्य कारागार नियमावली में आदतन अपराधियों का उल्लेख यदि जाति पर आधारित है तो उसे असंवैधानिक घोषित किया जाता है। शीर्ष अदालत ने जेलों में जाति-आधारित भेदभाव के मामलों का भी स्वतः संज्ञान लिया और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि इसे तीन महीने बाद जेलों के अंदर भेदभाव के संबंध में शीर्षक के साथ सूचीबद्ध किया जाए। उसने राज्यों से फैसले की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

कोई भी समूह मैला ढोने के लिए पैदा नहीं होता

सीजेआई ने कहा कि हाशिए पर पड़े लोगों को सफाई और झाड़ू लगाने का काम देना और ऊंची जाति के लोगों को खाना पकाने का काम देना अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के एक कानून का हवाला दिया, जिसमें प्रावधान है कि साधारण कारावास की सजा काट रहा व्यक्ति नीचा समझा जाने वाला कार्य नहीं करेगा, बशर्ते उसकी जाति ऐसे कार्य न करती हो। पीठ ने कहा कि कोई भी समूह मैला ढोने वाले वर्ग के रूप में या नीचा समझे जाने वाला काम करने को पैदा नहीं होता है।

अमानवीय व्यवहार के लिए राज्य होंगे उत्तरदायी

फैसले में कहा गया है कि यदि कैदियों से अमानवीय काम करवाया जाता है और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है, तो इसके लिए राज्य उत्तरदायी होंगे। सीजेआई ने कहा कि जातियों के प्रति घृणा और अवमानना ने ऐसी जातियों के प्रति अंतर्निहित और व्यापक पूर्वाग्रह को दर्शाया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी किसानों के लिए 1 लाख करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों योजनाएं खाद्य सुरक्षा और कृषि आत्मनिर्भरता को समर्पित

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो बड़ी कृषि योजनाओं को मंजूरी दी। इन योजनाओं के नाम 'पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' (पीएम-आरकेवीवाई) और 'कृषोन्नति योजना' (केवाई) हैं। इनमें से पीएम-आरकेवीवाई योजना टिकाऊ खेती को बढ़ावा देगी जबकि कृषोन्नति योजना खाद्य सुरक्षा एवं कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को समर्पित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि मंत्रालय के तहत संचालित सभी केंद्र-प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) को दो बड़ी योजनाओं के रूप में युक्तिसंगत बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि इन दोनों कृषि योजनाओं पर कुल मिलाकर 1,01,321.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें से आरकेवीवाई के लिए 57,074.72 करोड़ रुपये और कृषोन्नति योजना के लिए 44,246.89 करोड़ रुपये चिह्नित किए गए हैं।

रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.72 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के 78 दिनों के कार्यकुशलता से जुड़े बोनस के भुगतान को गुरुवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। यह राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य कर्मचारियों को दी जाएगी।

जया बच्चन ने संसद की आईटी समिति छोड़ी

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति की सदस्यता छोड़ दी है जिसके अध्यक्ष भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे हैं।

राज्यसभा सचिवालय के अनुसार जया बच्चन अब कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता वाली श्रम, वस्त्र और कौशल विकास पर संसदीय स्थायी समिति की सदस्य होंगी। तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले अब जया बच्चन की जगह लेंगे।

नर्सिंग होम के अंदर डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में हुई वारदात

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में एक नर्सिंग होम के अंदर बुधवार देर रात एक डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दोनों आरोपी नाबालिग हैं, जो इलाज के लिए आए थे। आरोपियों ने यूनानी चिकित्सक (बीयूएमएस) जावेद अख्तर को देर रात करीब 1:45 बजे गोली मार दी।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, अख्तर को अस्पताल में एक कुर्सी पर पड़ा हुआ पाया गया और उनके सिर से खून बह रहा था। घटना तीन बिस्तरों वाले नीमा अस्पताल में हुई जो इलाके की खड्डा कॉलोनी के एक संकरी गली में स्थित है। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में हुई जांच में करीब 16 साल की उम्र के दोनों लड़कों की संभावित संलिप्तता का खुलासा हुआ, जो रात करीब एक बजे अस्पताल में ड्रेसिंग कराने के लिए आए थे। ड्रेसिंग के बाद दोनों लड़के अख्तर के केबिन में चले गए। कुछ समय बाद रात्रिकालीन नर्सिंग कर्मचारी गजाला परवीन और मोहम्मद कामिल ने गोली चलने की आवाज सुनी।

कुमारस्वामी पर जबरन वसूली का मामला दर्ज

बेंगलुरु। जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के सोशल मीडिया उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे कर्नाटक के रियल एस्टेट व्यवसायी विजय टाटा ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ 50 करोड़ रुपये की जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। विजय टाटा ने बेंगलुरु के अमृतहल्ली थाने में दर्ज अपनी शिकायत में एमएलसी रमेश गौड़ा का भी नाम लिया है। टाटा ने कहा कि कुमारस्वामी ने फोन पर चुनावी खर्च के लिए 50 करोड़ रुपये मांगे।

- व्यवसायी ने लगाए 50 करोड़ मांगने का आरोप

मैरिटल रेप को अपराध माना तो खतरे में पड़ेंगे विवाह

जटिल कानूनी प्रश्न पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई, केंद्र सरकार ने दंडनीय बनाने का किया विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किए गए यौन कृत्य को बलात्कार (मैरिटल रेप) की श्रेणी में लाकर उसे दंडनीय बना दिया जाता है, तो इसका वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है और इससे विवाह नामक संस्था में गंभीर गड़बड़ी पैदा हो सकती है।

वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में लाए जाने का विरोध करते हुए केंद्र ने शीर्ष अदालत में प्रारंभिक जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। कई याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका दायर कर वैवाहिक बलात्कार को अपराध के दायरे में लाने का अनुरोध किया है। न्यायालय में इस जटिल कानूनी प्रश्न को उठाने वाली याचिकाएं लंबित हैं कि क्या पति को बलात्कार के अपराध के लिए अभियोजन से छूट मिलनी चाहिए, यदि वह अपनी पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है जो नाबालिग नहीं है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के अपवाद खंड के तहत किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग करना या यौन कृत्य करना बलात्कार नहीं है, यदि पत्नी नाबालिग नहीं है। आईपीसी को अब निष्प्रभावी कर दिया गया है और उसके स्थान पर अब नये कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू किया गया है।

सहमति को साबित कर पाना बहुत मश्किल

केंद्र ने कहा कि तेजी से बढ़ते और लगातार बदलते सामाजिक एवं पारिवारिक ढांचे में संशोधित प्रावधानों के दुरुपयोग की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि किसी व्यक्ति के लिए यह साबित करना मुश्किल और चुनौतीपूर्ण होगा कि सहमति थी या नहीं। उसने कहा कि प्रावधान की संवैधानिकता पर निर्णय लेने के लिए सभी राज्यों के साथ उनके विचारों को ध्यान में रखते हुए एक समग्र दृष्टिकोण और परामर्श की आवश्यकता है। केंद्र ने कहा कि यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसमें शामिल मुद्दों का सामान्य रूप से समाज पर सीधा असर पड़ता है और यह भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची का हिस्सा है।

यह कानूनी से अधिक सामाजिक मसला : केंद्र

केंद्र सरकार ने कहा कि मामले में शामिल मुद्दा, कानूनी से अधिक एक सामाजिक मसला है और सभी हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बिना या सभी राज्यों के विचारों को ध्यान में रखे बिना इस पर फैसला नहीं किया जा सकता है। हलफनामे में कहा गया है कि यह प्रस्तुत किया गया है कि बोलचाल की भाषा में वैवाहिक बलात्कार के रूप में संदर्भित कृत्य को अवैध और आपराधिक बनाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार का कहना है कि विवाह होने से महिला की सहमति को समाप्त नहीं माना जा सकता और इसके उल्लंघन के दंडात्मक परिणाम होने चाहिए। हालांकि, विवाह के भीतर इस तरह के उल्लंघन के परिणाम वैवाहिक संबंधों के बाहर के परिणामों से भिन्न होते हैं।

एक नजर

नवरात्र व दशहरा पर दी जाए निर्बाध बिजली आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा कि नवरात्र व दशहरा पर लोगों को हर हाल में चौबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। त्योहारों को देखते हुए अधिकारी बिजली आपूर्ति को लेकर सजगता बरतें। स्थानीय खराबी कम से कम समय में ठीक की जाए।

बस्ती के अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कार्यों में लापरवाही पर बस्ती के अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि विभागीय क्रय समिति की बैठक व अन्य आवश्यक कार्य अगर शीघ्र नहीं पूरे हुए तो अगली समीक्षा बैठक में निलम्बित किया जा सकता है। समीक्षा बैठक में जल निगम के प्रबंध निदेशक राज शेखर, कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार आदि अधिकारी शामिल रहे।

सुधीर कुमार अग्रवाल बने हापुड़ के अधीक्षण अभियंता

अमृत विचार, लखनऊ : पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में अनियमितता पर निलंबित किए गए हापुड़ के निलंबित अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार के स्थान पर सुधीर कुमार अग्रवाल को अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। अभियंता राजेंद्र बहादुर के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशांत कुमार को अधीक्षण अभियंता वितरण मंडल मेरठ के पद पर तैनात किया गया है।

बदायूं समेत तीन जिलों के अस्पताल होंगे उच्चीकृत

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में अस्पतालों का उच्चीकृत करने के क्रम में जिला अस्पताल बदायूं को एक करोड़ 61 लाख 26 हजार 290, सहारनपुर के महिला अस्पताल को एक करोड़ 91 लाख 27,790 और अंबेडकर नगर में संयुक्त चिकित्सालय को एक करोड़ 70 लाख 32,760 रुपये का बजट उपलब्ध कराया गया है। इससे अत्याधुनिक उपकरण खरीदे जाएंगे।

प्रदेश में 23 अर्धनिर्मित सीएचसी होंगे पूरे

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए वाराणसी व प्रयागराज मंडल में अपूर्ण 23 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को जल्दी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने 34 करोड 44 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत कर पहली किस्त भी जारी कर दी गयी है। स्वास्थ्य महानिदेशक को निर्देश दिए गए हैं कि पीएचसी के शेष कार्य पूर्ण कराया जाए।

मनरेगा में नहीं काम, गिरा रोजगार का ग्राफ

बाढ़ और बारिश का असर, अगस्त में 16.4 लाख व सितंबर में 9.25 लाख परिवारों ने मांगा काम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में बाढ़ और बारिश का असर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के कामों पर पड़ा है। प्रभावित गांवों में कच्चा-पक्का काम न होने की वजह से जॉबकार्ड परिवारों ने काम की मांग भी कम की है। इससे सितंबर से मनरेगा के रोजगार का ग्राफ गिरा है और दिवाली नजदीक आते ही श्रमिक शहरों की तरफ भागने लगे हैं।

मनरेगा लक्ष्य नहीं बल्कि मांग आधारित योजना है। यानी श्रमिकों द्वारा जितनी मांग उतना काम मिलता है। विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो जून में 28,38,347 परिवारों ने काम मांगा था। जबकि जुलाई में 22,24,193, अगस्त में 16,48,098 व सबसे कम सितंबर में 9,25,975 परिवारों ने काम की मांग की है। इनमें वर्तमान में 9,62,037 श्रमिक काम कर रहे हैं। जबकि श्रमिक त्योहार पर बाहर न जाकर गांव में अधिक काम की मांग करते हैं। लेकिन, इस बार हालात खराब हैं। दूसरी वजह यह भी है कि मनरेगा में एक दिन की मजदूरी 237 रुपये है। वह भी समय पर खातों में नहीं आती। जबकि बाहर इससे अधिक और नकद मिलते हैं। इस वजह से श्रमिक परिवार बाहर को रुख करने लगे हैं।

66.57 लाख में 58.48 लाख ने किया काम

प्रदेश में इस वर्ष 1 अप्रैल से 3 अक्टूबर तक कुल 66,57,916 श्रमिकों ने काम मांगा है और 58,48,759 श्रमिकों ने काम किया है। शेष ने काम नहीं किया। जुलाई में पौधरोपण का मनरेगा के तहत अधिक कार्य हुआ। इस वजह से काम की मांग अधिक रही। जो अभियान के बाद कम होती गई। बाढ़ और बारिश के कारण फसलों की कटाई व बोवाई में भी देरी है। इस वजह से फसल संबंधित कार्य भी न के बराबर है।

ये होते कार्य

आवास निर्माण, जल संरक्षण, बागवानी, गोशाला निर्माण, पौधरोपण, लघु सिंचाई, तालाब, सड़क व चकबंध कार्य

> बाढ़ और बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में कार्य प्रभावित हैं। इस वजह से काम की मांग कम है। लेकिन, त्योहार को देखते हुए इस माह तेजी से मांग बढ़ेगी और श्रमिकों को काम उपलब्ध कराया जाएगा।
> –हरेंद्र सिंह, संयुक्त आयुक्त, ग्राम्य विकास

जेलों में व्रत रखने वाले बंदियों के लिए होगी फलाहार की व्यवस्था

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश के कारागारों में शारदीय नवरात्र के दौरान व्रत रखने वाले बंदियों के लिए विशेष फलाहार व खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई है। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने बताया कि इस संबंध में महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने जिलाधिकारियों को महिला बंदियों के लिए फलाहार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही महिला संस्थाओं में सक्षम अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

अवनीश अवस्थी ने दायर किया अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी के विरुद्ध वाद

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिना आधार एक प्रकरण से जोड़कर सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने का लगाया आरोप

अमृत विचार: प्रदेश सरकार के सलाहकार पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने सिविल जज सीनियर डिवीजन सुनील कुमार की कोर्ट में पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर तथा उनकी नूतन ठाकुर के विरुद्ध अलग-अलग सिविल वाद दाखिल किया है।

दोनों मुकदमों में कहा गया है कि अमिताभ व नूतन कई दिनों से वादी को बिना किसी आधार के एक प्रकरण से फर्जी तरीके से जोड़कर सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर रहे हैं तथा समाज में बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। न्यायालय से मांग की गई है कि इस प्रकार से चल रही समस्त भ्रामक खबरों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोनों को भविष्य में इस प्रकार की कोई भी टिप्पणी करने से रोके जाने की मांग भी की गयी है। हालांकि न्यायालय ने कोई भी अंतरिम आदेश देने से पूर्व ठाकुर दम्पति को नोटिस जारी किये जाने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने मामले में अंतरिम प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

अति गंभीर नवजातों के लिए सिर्फ दो अस्पतालों में ही वेंटीलेटर सुविधा

केजीएमयू और लोहिया को छोड़कर कहीं भी इलाज की सुविधा नहीं

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के दो बड़े चिकत्सा संस्थानों में रोजाना अतिगंभीर (जो स्वतः सांस न ले पाते हों) स्थिति में दो दर्जन ऐसे नवजात शिशु आते हैं, जिनका इलाज अन्य किसी भी सरकारी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। खासकर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) और डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आने वाले ऐसे बच्चों को बैरंग लौटा दिया जाता है। कारण बताया जाता है कि बेड खाली होने की प्रतीक्षा करें।

यह प्रतीक्षा इस कदर कभी-कभी इतनी लंबी होती है कि ज्यादातर गरीब परिवार के नौनिहाल अभिवावकों के हाथों में ही दम तोड़ देते हैं। यह स्थिति लखनऊ की ही नहीं, वरन प्रदेश के सभी जिलों में है, कुछ मेडिकल कॉलेजों में एनआईसीयू संचालित हो रहे हैं, किस्मत वाले शिशुओं को ही बेड उपलब्ध होता है।

दरअसल, पूरे राज्य में बेहतर चिकित्सा सेवाएं देना का दावा करने वाले स्वास्थ्य विभाग के पास नवजात शिशुओं के अति गंभीर होने पर इलाज के लिए निओनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन तमाम नवजात शिशु होते हैं जो समुचित इलाज के अभाव में काल के गाल में समा जाते हैं। ऐसे दम तोड़ रहे बच्चों का आंकड़ा शासन व स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

राजधानी के वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सलमान का कहना है सरकारी अस्पतालों के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में अब विकल्प के रूप में सी पैप (कॉन्टिन्यू पॉजिटिव एयर प्रेशर) की उपलब्धता करायी जा रही है, मगर, अतिगंभीर बच्चों को मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। एनआईसीयू में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ होते हैं जो शिशुओं की 24 घंटे विशेष निगरानी रखते हैं।

ऐसे बच्चों को पड़ती है एनआईसीयू की आवश्यकता

जिन बच्चों का जन्म प्रीमैच्योर होता है, इसके अलावा जन्म के तुरंत बाद रोया न हो, पेट में गंदा पानी पहुंच जाने से गंभीर संक्रमण, कम वजन के बच्चे, जन्मजात हृदय रोग, फेफड़ों में संक्रमण या जो जन्म के समय बीमार होते हैं और स्वत: श्वांस नहीं ले पाते है। उनके लिए एनआईसीयू किसी वरदान से कम नहीं है।

> राज्य के सरकारी अस्पतालों में करीब 100 एसएनसीयू स्थापित हैं, जिले की मांग के अनुरूप 10 बेड से लेकर 30 बेड तक की सुविधा उपलब्ध है। राजधानी में छह बड़े सरकारी अस्पतालों में एसएनसीयू हैं। वेंटीलेटर के विकल्प में सरकारी अस्पतालों की एसएनसीयू में सी पैप मशीन उपलब्ध कराई गई हैं। अस्पताल पहुंचने वाले हर बच्चे को पर्याप्त इलाज उपलब्ध है।
> – डॉ. सूर्यांश ओझा, एनएचएम

> डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में मात्र छह बेड की एनआईसीयू है और 12 बेड एसएनसीयू के हैं। एनआईसीयू के बेड कम है इसलिए खाली होने पर ही भर्ती किया जा सकता है। सामान्यत: रोजाना 20 से 25 बच्चे आते हैं, इनमें से कुल चार-पांच बच्चे भर्ती होते हैं।।
> –डॉ. दीप्ती अग्रवाल, आरएमएल

> क्वीन मैरी में नियोनेटल यूनिट (एनएनयू) में चार वेंटीलेटर हैं, यहां पर क्वीन मैरी में ही जन्मे बच्चे भर्ती किए जाते हैं, इसके अलावा ट्रामा सेंटर में 52 बेडेड एनआईसीयू में रोजाना बेड खाली होने की स्थिति में मुश्किल से तीन-चार बच्चे ही भर्ती हो पाते हैं।
> –डॉ. डॉ. माला कुमार, केजीएमयू

नीट यूजी में तीसरे चरण की काउंसिलिंग 7 से

अमृत विचार, लखनऊ : मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस दाखिले के लिए नीट यूजी की तीसरे चरण की ऑन लाइन काउंसिलिंग 07 अक्टूबर से शुरू होगी। धरोहर राशि जमा करने के साथ प्रपत्रों का सत्यापन 9 अक्टूबर तक किया जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रपत्रों की जांच के बाद 10 अक्टूबर को पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की जाएगी, अगले दिन 11 अक्टूबर से अभ्यर्थी मनपंसद कॉलेज की प्राथमिकताएं दे सकेंगे। अंत में 18 अक्टूबर को सीट आवंटन परिणाम जारी होने के बाद 23 अक्टूबर तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

6,411 पीड़िताओं को आर्थिक मदद का इंतजार

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▸▸ सबसे अधिक मामले लखनऊ, प्रतापगढ़, हरदोई और सीतापुर में लंबित

▸▸ अनुसूचित जाति-जनजाति की पीड़िताओं को समाज कल्याण विभाग देता है मदद

8.25 लाख रुपये तक की दी जाती है मदद

अमृत विचार : अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति की 6, 411 पीड़ित महिलाओं को पुनर्वास के लिए आर्थिक मदद का इंतजार है। इनमें सबसे अधिक पात्र लखनऊ, प्रतापगढ़, हरदोई और सीतापुर के हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष जांच विजय सिंह मीना ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर पीड़ित महिलाओं को लाभ दिलाने को कहा है। पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव समाज कल्याण को भी भेजी गई है। मालूम रहे कि समाज कल्याण विभाग की ओर से अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पुनर्वास के लिए पीड़िता या उसके आश्रित को 85 हजार रुपये से लेकर 8.25 लाख रुपये तक आर्थिक मदद दी जाती है।

जिला	पात्र	जिला	पात्र
लखनऊ	332	बहराइच	163
प्रतापगढ़	253	अलीगढ़	162
हरदोई	217	खीरी	161
सीतापुर	203	उन्नाव	144
रायबरेली	198	शाहजहांपुर	125
कुशीनीगर	175	बरेली	124
गोंडा	171		

> 30 करोड़ रुपये का बजट मिला था। 110 करोड़ की जरूरत है। शासन से बजट मांगा जा रहा है। बजट मिलते ही भुगतान किया जाएगा।
> –कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

आयुर्वेदिक दवा बिक्री लाइसेंस को ऑनलाइन आवेदन जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 14 अक्टूबर से ई औषधि पोर्टल पर स्वीकार किए जाएंगे आवेदन

अमृत विचार : आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण व बिक्री के लिए लाइसेंस प्राप्त करने के लिए ई औषधि पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आगामी 14 अक्टूबर से इस पोर्टल पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आफलाइन आवेदन की प्रक्रिया खत्म कर दी गयी है।

आयुर्वेद निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने गुरुवार को सभी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह पोर्टल पर बतौर औषधि निरीक्षक अपना पंजीकरण कराएं। अपना आइडी व पासवर्ड समय रहते जांच लें और किसी भी तरह की समस्या होने पर आयुर्वेद निदेशालय से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है, मांग बढ़ने से दवा निर्माता और विक्रेताओं की संख्या बढ़ रही है, इसलिए लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को सुगम व पारदर्शी बनाया गया है।

सार-संक्षेप

एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में बोलते समाज कल्याण राज्यमंत्री।

एससी-एसटी आयोग दिलाएगा पीड़ितों को न्याय : बैजनाथ

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि पीड़ितों को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि अति गंभीर प्रकृति के मामलों में आयोग स्थलीय निरीक्षण के बाद कार्रवाई करेगा, ताकि पीड़ित को निष्पक्ष न्याय मिल सके। उन्होंने गुरुवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यभार ग्रहण किया। उनके अलावा उपाध्यक्ष बेचन राम व जीत सिंह खरवार ने भी कार्यभार ग्रहण किया। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने शपथ दिलाई। 19 सदस्यीय आयोग में सदस्य के रूप में हरेंद्र जाटव, महिपाल वाल्मीकि, संजय सिंह, नीरज गौतम, नरेंद्र सिंह खजूरी, तीजाराम, विनय राम, अनीता गौतम, रमेश चन्द्र, मिठाईलाल, उमेश कठेरिया, जितेन्द्र कुमार व अनीता कमल शामिल हैं। तीन सदस्य दिनेश भारत, शिवनारायण सोनकर व रमेश कुमार तूफानी शामिल किन्हीं कारणवश शपथ के लिए उपस्थित नहीं हो सके। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ हरिओम, निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत आदि मौजूद रहे।

अयोध्या-लखनऊ के बाद आजमगढ़ में भी होम स्टे व्यवस्था

अमृत विचार , लखनऊ : ग्रामीण परिवेश को घरेलू व विदेशी पर्यटकों में प्रसिद्ध बनाने की परियोजना से आजमगढ़ मंडल को भी जोड़ा जा रहा है। आजमगढ़, मऊ व बलिया में 4 गांवों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे समेत विभिन्न पर्यटक सुविधाओं विकास किया जाएगा। पहले से ही देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ व वाराणसी मंडल परियोजना ग्रामीण पर्यटन के लिए होम स्टे विकसित किए गए हैं। अबतक ऐसे गांवों की संख्या 97 है। सभी गांव में एक विलेज को ऑर्डिनेटर, एक-एक जिला को ऑर्डिनेटर, एक टूरिज्म एक्सपर्ट, एक रूरल डेवलपमेंट एक्सपर्ट व टीम लीड की तैनाती होगी। प्रत्येक गांव में 10 लोकल गाइड, 5 स्टोरी टेलर, तथा लोकल कुजीन का स्वाद उपलब्ध कराने का दायित्म 5 परिवारों को सौंपा जाएगा। जरीदोजी, मूंज, लकड़ी के शिल्पकार, कुम्हार तथा बोटिंग, फिशिंग, फल व सब्जी तोड़ने व साइक्लिंग आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 20 कलाकारों व स्थानीय लोगों को कार्यभार सौंपा जाएगा। ग्राम स्तर पर 10 होम स्टे तक निर्मित किए जा सकेंगे।

अयोध्या के ट्रांसपोर्ट नगर में सड़कों का निर्माण होगा पूरा

अमृत विचार , लखनऊ : अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही ट्रांसपोर्ट नगर योजना में सड़कों का निर्माण कार्य अब पूरा हो जाएगा। शासन ने 19 करोड़ 41 लाख 67 हजार की स्वीकृति लागत के सापेक्ष 7 करोड़ की दूसरी किश्त जारी की है। अबतक कुल करीब 16 .71 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के विशेष सचिव राजेश कुमार राय के अनुसार प्राधिकरण की ओर से परियोजना के लिए 1 दिसंबर 2023 को 19 करोड़ 41 लाख 67 हजार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जिसके सापेक्ष पहली किश्त 9 .70 करोड़ दी गई थी, अब राज्यपाल की स्वीकृति के बाद गुरुवार को दूसरी किश्त के रूप में 7 करोड़ की धनावंटन किया गया है। शासन ने धनराशि से नियमानुसार कार्य कराने और उसका विवरण समेत तमाम अनापत्तियां और पर्यावरण संबंधी मानक पूरे करने के निर्देश दिए हैं।

अतिविशिष्टजनों की सुरक्षा को बनेगा रेडियो बेस स्टेशन

लखनऊ, लखनऊ : अयोध्या में तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों और अतिविशिष्टजनों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था मजबूत किए जाने को लेकर एंटिना के साथ एक रेडियो बेस स्टेशन बनेगा। गृह विभाग ने अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) को इसके लिए 3 .70 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत की है। इसके तहत चार बेस स्टेशन, 4 एंटिना, नेटवर्क मैनेजमेंट साफ्टवेयर, एनएमएस वर्क स्टेशन आदि कुल 20 कार्यों पर धन खर्च होगा।

विद्युत उपभोक्ताओं को सात दिन की मिल रहा है नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली बिल बकाए पर उपभोक्ताओं को पन्द्रह दिन के बजाय सात दिन की नोटिस दी जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि ऐसे कर बिजली कंपनियां विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 का खुला उल्लंघन कर रही हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह गंभीर मामला है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन इसे तत्काल रोके और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय।

महाराजा अग्रसेन की जयंती मनायी

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय पर गुरुवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उप्र. लघु उद्योग निगम, नटवर गोयल ने उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की व नमन किया। इस अवसर राम मोहन अग्रवाल पूर्व पार्षद मनीष बंसल, अशोक अग्रवाल, रीता मित्तल, सरोज अग्रवाल, रेखा बंसल, सुनील गर्ग, पवन गर्ग, समीर मित्तल आदि मौजूद रहे।

प्रदेश में भी गाय को राजमाता घोषित करने की कवायद शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने कहा, मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद भेजा जाएगा प्रस्ताव

अमृत विचार : महाराष्ट्र के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी गाय को राजमाता घोषित करने की कवायद शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी से चर्चा के बाद शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही है।

इंदिराभवन स्थित आयोग कार्यालय में गुरुवर को कार्यभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में स्वयंसेवी सस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों को साथ लेकर गोपालन, गो संरक्षण, गो संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। गौजनित उत्पादों को व्यावसायिक रूप से लाभकारी बनाना आयोग की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि गोवंश के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। गोशालाओं को प्रशिक्षण केंद्र बनाते हुए स्वावलम्बी बनाए जाने के लिए योजना तैयार की जाएगी। उनके साथ ही उपाध्यक्ष जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह व सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने भी कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण करते श्याम बिहारी गुप्ता

उप्र. महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली में संशोधन

सहायक समीक्षा अधिकारी से लेकर कंप्यूटर आपरेटर तक की नियुक्ति करेंगे महाधिवक्ता

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ प्रमुख सचिव (न्याय) की जगह अब महाधिवक्ता बनाए गए पांच पदों के नियुक्ति प्राधिकारी

▸▸ सेवा नियमावली 2009 के पांचवे संशोधन को राज्यपाल ने दी मंजूरी

अमृत विचार : राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली, 2009 को संशोधित करके नई नियमावली बनाई है। इसमें प्रमुख सचिव (न्याय) को दिए गए नियुक्ति प्राधिकारी के सभी अधिकार रद कर दिए गए हैं। अब सहायक समीक्षा अधिकारी से लेकर कंप्यूटर आपरेटर तक के 5 पदों की नियुक्ति का अधिकार राज्य के महाधिवक्ता के पास होगा। इस पांचवे संशोधन को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है।

महाधिवक्ता को मिला यह अधिकार बड़ा राजनीतिक फैसला माना जा रहा है। राज्य में महाधिवक्ता पद पर नियुक्ति सरकारें बदलने के साथ बदलती रहती हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली, 2009 को संधोधित करके अब उत्तर प्रदेश महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा (पंचम संशोधन) नियमावली, 2024 का स्वरूप दिया गया है।

प्रमुख सचिव (न्याय) विनोद सिंह रावत ने गुरुवार को जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि नई नियमावली के परिशिष्ट नियम 3 (ख), 4(2) और 25 (2) में बदलाव के बाद कुल 222 पदों पर नियुक्ति प्राधिकारी राज्यपाल होंगे। इसमें ज्येष्ठ मुकदमा अधीक्षक से लेकर मुकदमा अधीक्षक, प्रबंधन अधिकारी, अनुभाग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी, प्रधान निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी, निजी सचिव की सभी श्रेणी, अपर निजी सचिव, अनुभाग अधिकारी (लेखा-नकद), समीक्षा अधिकारी और पुस्तकालयाध्यक्ष शामिल हैं।

प्रमुख सचिव की जगह इन पदों पर राज्यपाल बने प्राधिकारी : नई नियमावली में प्रमुख सचिव न्याय की पूरी तरह छुट्टी हो गई है। उनसे अपर निजी सचिव लेखा के 53 पद और अनुभाग अधिकारी (लेखा-नकद) के 3 पद के नियुक्ति प्राधिकारी अब राज्यपाल होंगे।

अब इन पदों पर नियुक्ति प्राधिकारी बने महाधिवक्ता

इसी तरह प्रमुख सचिव (न्याय) की जगह महाधिवक्ता को जिन पदों पर नियुक्ति प्राधिकारी का अधिकार मिला है, उसमें सहायक समीक्षा अधिकारी के 101 पद, कंप्यूटर सहायक के 103 पद, सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) के 17 पद, उप पुस्तकालयाध्यक्ष के 1 पद, अनुसंधान सहायक के 2 पद, सूचीकार के 2 पद, कंम्प्यूटर आपरेटर श्रेणी ख के 6 पद, कंम्प्यूटर आपरेटर श्रेणी क के 18 पद, कंम्प्यूटर सहायक आपरेटर 1 पद, कंम्प्यूटर सहायक (उत्तरांचल) 1 पद और डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर 2 पद शामिल हैं। महाधिवक्ता के पास पहले से मौजूद फोटोस्टेट आपरेटर के 3, जमादार के 1, दफतरी के 9, अनुसेवक के 180, माली के 1, चौकीदार के 3, इलेक्ट्रीशियन के 1, स्वीपर के 5, बंडल उठाने वाला 4 और फर्राश के 2 पद यथावत रहेंगे।

रबी उत्पादकता गोष्ठी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा, किसानों से तकनीकी ज्ञान साझा करें

प्रधानमंत्री कल जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ इस बार अनुदान पर मिलने वाले यंत्रों पर अंकित होगा किसान का नाम और सरकार का लोगो

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इस बार अनुदान पर मिलने वाले यंत्रों पर उप्र. सरकार का लोगो और संबंधित किसान का नाम अंकित होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर के मार्स ऑडिटोरियम में गुरुवार को राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2024 में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह जानकारी देते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों का कम से कम उपयोग करने का अनुरोध किया। फसल बीमा कंपनियों को भी निर्देश दिए गए कि वे क्रॉप कटिंग के तुरंत बाद फसल की क्षति पूर्ति सुनिश्चित करें। उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने भी किसानों से अपील की कि वे र अन्य किसानों के साथ अपनी तकनीकी ज्ञान साझा करें और उन्हें नवीनतम तकनीक अपनाने को प्रेरित करें। कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग ने किसानों तक नवीनतम तकनीकी जानकारी सही तरीके से पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राज्य में 7634 कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो कृषि, उद्यान, रेशम एवं भू-गर्भ जल विभागों के साथ समन्वय कर किसानों तक योजनाओं को पहुंचाने में मदद कर रही हैं।

कृषि गोष्ठी को संबोधित करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

गोष्ठी में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के अलावा मंडलायुक्त लखनऊ, बीज विकास निगम, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग सहित कई विभागों के प्रमुख अधिकारी भी इस गोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर हुई लखनऊ मंडल की गोष्ठी में लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव और हरदोई के मुख्य विकास अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों की रबी-2024 के लिए बनाई गई रणनीति पर चर्चा की। कार्यक्रम में लगभग 600 किसानों ने प्रतिभाग किया।

मैनपुरी तक पहुंची जांच, डाक अधीक्षक का चालक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ग्रामीण डाक सेवक भर्ती फर्जीवाड़े में एसटीएफ ने दो दिन पहले किया था गिरफ्तार

अमृत विचार : ग्रामीण डाक सेवक भर्ती के फर्जीवाड़े की जांच मैनपुरी तक पहुंच गई है। दो दिन पहले एसटीएफ ने मैनपुरी के डाक अधीक्षक के चालक विकल यादव को 13 जालसाजों के साथ गिरफ्तार किया था। उसे गुरुवार को निलंबित कर दिया गया है। एसटीएफ की टीम जल्द ही मैनपुरी जाकर मामले की जांच शुरू करेगी।

पूरे मामले में डाक अधीक्षक अलीगढ़ संजय सिंह और सीपीएम झांसी देवेंद्र कुमार का नाम सामने आ रहा है। ये दोनों ही अधिकारी मैनपुरी में डाक अधीक्षक के पद पर तैनात रह चुके हैं। यहां भी भर्ती में फर्जीवाड़ा होने की आशंका है। जल्द ही एसटीएफ की टीम पूछताछ के लिए मैनपुरी जा सकती है।

एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया डाक अधीक्षक के चालक विकल यादव को पोस्टमैन से डाक ओवरशियर बना दिया गया। विकल के ओवरशियर रहने के दौरान ही शाखा डाकघर बरनाहल में 10 दिन के लिए भेजे गए रवि यादव की हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी। परिजन ने शाखा डाकपाल पर धमकी देने का आरोप लगाया था और गबन करने की भी बात कही थी। इसी के बाद विकल यादव आनन फानन में फिर से पोस्टमैन बन गया।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुई।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848

द्वितीय ब्रह्मचारिणी

दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।
बीज मंत्र- ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

धूप निकलेगी, हल्के बादल छाए रहने के साथ उमस होने की संभावना।

36.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि गांधी भवन में नृत्य प्रतियोगिता : 10:00 बजे।
- मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत कांटा करौदी व हसनपुर में ग्राम चौपाल : 10:00 बजे।
- यूपी बैडमिंटन अकादमी में राज्य स्तरीय सीनियर महिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन : 2:00 बजे।
- पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन : 2:00 बजे।

एक नजर

सुषमा खर्कवाल बनीं उप्र महापौर परिषद की उपाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल उप्र महापौर परिषद की उपाध्यक्ष बनाया गया है। परिषद के अध्यक्ष एवं बरेली नगर निगम के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने सुषमा खर्कवाल को उपाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि आप अपने दायित्वों का पूर्णतः निर्वहन करते हुए संगठन को और मजबूती प्रदान करेंगी।

पीआरएस सेवाएं चार घंटे रहेंगी प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ : दिल्ली पीआरएस में फाइलों के कम्प्रेशन के मद्देनजर 4 अक्टूबर को रात्रि 11.45 बजे से 5 अक्टूबर को प्रातः 4.15 बजे तक कुल साढ़े चार घंटों के लिए पीआरएस साइट बंद रहेगी। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ के अनुसार इस दौरान पीएनआर पूछताछ, करंट रिजर्वेशन, निरस्तीकरण, चार्टिंग, ईडीआर (असाधारण डेटा रिपोर्ट) व काउंटरों पर पीआरएस रिपोर्ट सेवाएँ उपलब्ध नहीं रहेंगी।

पहले निरस्त कर दिया आवंटन, बाद में गुपचुप करा दी भूखंड की रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आवास विकास के वृंदावन योजना सम्पत्ति कार्यालय में सामने आई बड़ी गड़बड़ी
- बाबू ने लगा दिया परिषद को लाखों का चूना
- वृंदावन योजना के सेक्टर 16 ए में भूखंड संख्या 378 का मामला
- नीलामी में लगाया था भूखंड 71 लाख लगी थी बोली

अमृत विचार : आवास विकास के वृंदावन योजना सम्पत्ति कार्यालय में भूखंड आवंटन में बड़ी गड़बड़ी सामने आयी है। बाबू ने ही परिषद को लाखों रुपये की चपत लगा दी। किश्त जमा न करने पर पहले भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया, बाद में उसी महिला आवंटी से 2,16,000 रुपये जमा कराके गुपचुप तरीके से रजिस्ट्री करा दी। सम्पत्ति कार्यालय ने उस भूखंड को नीलामी में डाला तो 71 लाख रुपये बोली लगी। जब यह जानकारी बोलीकर्ता को हुई तो उसने बोली कैंसिल करा दी। जिससे परिषद को लगभग 69 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

महिला आवंटी रानी पाल को 2014 में वृंदावन योजना के सेक्टर 16 ए में भूखंड संख्या 378 आवंटित हुआ था। समय पर किश्त जमा न करने पर परिषद ने जुलाई 2022 में आवंटन निरस्त कर दिया था। आरोप है कि बाबू मोबिन ने आवंटन निरस्तीकरण का आदेश ही फाइल से गायब कर दिया और कम्प्यूटर ऑपरेटर ने इसका रिकार्ड ऑनलाइन नहीं चढ़ाया। जिससे अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं हुई। इसके बाद परिषद ने दिसंबर 2022 में भूखंड नीलामी पर लगा दिया। जिसमें खरीदार ने 71 लाख रुपये की बोली लगाई थी। इस बीच बाबू ने आवंटी से पैसा जमा कराके अप्रैल 2024 में उसके नाम रजिस्ट्री करा दी। खुलासा होने के बाद जोनल अधिकारी ने मामले की रिपोर्ट और बाबू पर कार्रवाई के लिए पत्र एक महीना पहले ही मुख्यालय भेज दिया है।

> बाबू मोबिन ने भूखंड निरस्तीकरण का आदेश ही फाइल से गायब कर दिया था। इसका रिकार्ड भी कम्प्यूटर पर अपडेट नहीं कराया। जिससे इस भूखंड को नीलामी में लगाया गया था। मूल आवंटी से बकाया पैसा जमा कराके उसके नाम रजिस्ट्री भी करा दी। मामले की जांच और बाबू के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यालय को पत्र एक महीने पहले ही भेजा जा चुका है।
>
> **हिमांशु गुप्ता, जोनल अधिकारी एवं उप आवास आयुक्त**

अयोध्या सम्पत्ति कार्यालय में तैनात है बाबू

बाबू मोबीन का जुलाई 2024 में वृंदावन योजना सम्पत्ति कार्यालय से ट्रांसफर हो चुका है। वर्तमान में वह अयोध्या सम्पत्ति कार्यालय में तैनात है। मामला खुलने के बाद अब अधिकारी केवल बाबू पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। जबकि फाइल में सम्पत्ति प्रबंधक के भी हस्ताक्षर होते हैं। गंभीर प्रकरण पर एक महीने बाद भी मुख्यालय स्तर से कोई कार्रवाई न करके मामले पर लीपापोती की जा रही है।

जीआईएस समाधान दिवस आज

अमृत विचार, लखनऊ : जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें भवन स्वामी जीआईएस में पुनरीक्षित गृहकर निर्धारण के विरुद्ध आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

समाधान दिवस में वरिष्ठ अधिकारी एवं सम्बन्धित जोनल अधिकारी तथा जीआईएस सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

मंडलायुक्त के निर्देश नहीं रखते मायने रोडवेज कर्मियों की मनमानी जारी

कैसरबाग बस स्टेशन और आसपास के मुख्य मार्ग जाम से बदहाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मंडलायुक्त के निर्देश के बाद भी चौराहों पर ही रोडवेज बसों में सवारियों को बैठाने का सिलसिला यथावत बना हुआ है। परिवहन निगम के अधिकारी न तो बसों को डिपो में रोक पा रहे हैं और न ही भीड़-भाड़ वाले कैसरबाग में सड़क पर बस लगा सवारियों को उतारना और चढ़ाना। कमिश्नर के निर्देश ठेंगे पर। रोडवेजकर्मियों की मनमानी का ऐसा सिलसिला कि लोग जाम में फंसकर जिम्मेदारों को कोस रहे हैं।

सवारी को लेने की होड़ में बसें डिपो से निकलने के बाद चौराहे और इर्द-गिर्द मार्ग पर ही खड़ी हैं। जिससे भीषण जाम लगा है। कैसरबाग बस स्टेशन परिसर में ही पुलिस चौकी है। फिर यातायात अराजकता फैली है।

अराजकता के लिए ई रिक्शा भी पीछे नहीं

ई-रिक्शा के कारण कैसरबाग चौराहे पर गुरुवार को जबरदस्त जाम देखने को मिला। इसी जाम के बीच ई-रिक्शा चालक सड़क पर ही एक दूसरे के आगे निकाल सवारियां खोजते नजर आए। तो कोई ई-रिक्शा चालक सवारियों को बस अड्डे से अपने वाहनों की ओर खींचता दिखा। पुलिस वालों के सामने यह सब यहां दिनभर चलता है लेकिन पुलिस मौन रहती है। स्थिति तब ज्यादा भयावह हो जाती है जब ई रिक्शा, बसें और टेंपों सब एक साथ चौराहे और कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले मार्ग पर जमा होकर सवारियां भरने लगते है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने कहा कि बस स्टेशन प्रबंधन से जुडे. जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी गई है कि बसें स्टेशन परिसर में सवारी भरें।

कैसरबाग क्षेत्र में जाम के बीच गंतव्य को जाते लोग। अमृत विचार

- कैसरबाग चौराहा : नहीं मान रहे रोडवेज चालक, सड़क से ही भर रहे सवारी

रोक के बाद भी डीएम आफिस के सामने से निकल रहीं बसें

प्रतिबंध के बावजूद जिलाधिकारी कार्यालय होकर जाने वाले मार्ग से रोडवेज बसें गुजर रही हैं। कैसरबाग बस स्टेशन से थोड़ा आगे बढ़ते ही यह यातायात अराजकता का नजारा आम है। मना होने के बाद भी बसें इसी मार्ग से आ-जा रही हैं। सड़कों पर ही रोडवेज बसें लगाकर कंडक्टर यात्री बैठा रहे हैं। कोई रोकने-टोकने वाला नहीं। जाम लगा हुआ है और बसें आड़ी-तिरछी खड़ी हैं। ट्रैफिक कर्मी और पुलिस कर्मी की तैनाती के बाद भी कोई फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है।

बस में बैठाने के लिए यात्री को ले जाता परिचालक। अमृत विचार

प्रतिबंधित मार्ग पर बस चालक कर रहे मनमानी

- हैदरगढ़ डिपो की यूपी41 एटी-6088 नंबर की बस, स्वास्थ्य भवन से जिलाधिकारी कार्यालय होते हुए कैसरबाग बस अड्डे की तरफ जाती नजर आयी। रास्ते में ही सवारियां भरी गईं। यह बात अलग है कि इस मार्ग पर रोडवेज बसों के आवागमन पर रोक है।
- हरदोई डिपो की बस संख्या यूपी 78 यूटी-4079 की बस भी बीएसएनएल कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय होते हुए कैसरबाग बस स्टेशन की ओर आती दिखी।

1000 करोड़ से 3108 बसों की खरीद का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में लगी मुहर

अमृत विचार : परिवहन निगम की बसों में यात्रियों का सफर अब सुहाना होगा। रोडवेज ने अपनी खटारा बसों की नीलामी करने के साथ ही नई बसों की खरीद करेगा। यह फैसला गुरुवार को परिवहन निगम की निदेशक मंडल की 249वीं बैठक में लिया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता परिवहन निगम के अध्यक्ष एल वेंकटेश्वर लू ने की। निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित की गई बैठक में 32 बिंदु रखे गये। इनमें 1000 करोड़ की लागत से 3108 बसों के खरीदे जाने पर सहमति बन गई। इनमें से लखनऊ के खाते में वातानुकूलित और साधारण मिलाकर 10 बसें आयेंगी। इसके अलावा प्रदूषण को कम करने की योजना को लेकर ई बसों के संचालन पर भी चर्चा हुई। इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला साहिबाबाद (गाजियाबाद) में चार्जिंग डिपो बनाने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति बन गई है।

निगम की बसों एवं अन्य दुर्घटना ग्रस्त गाड़ियों को हटाने के लिये क्रेन खरीदने की मंजूरी मिली है। 20 क्रेन खरीदी जायेंगी, जिन्हें प्रत्येक क्षेत्रों में भेजा जायेगा। बैठक में बसों संचालन को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि निगम के अधिकारी बस संचालन को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 2 घंटे बैठक करेंगे।

महाकुंभ के दौरान संविदा पर रखे जाएंगे अभियंता

अगले वर्ष आयोजित होने वाले महाकुंभ के चलते भवन शाखा के सेवानिवृत सहायक अभियंता (भवन), अवर अभियंता (सिविल और विद्युत) और सहायक वर्क सुपरवाइजर को मानदेय पर रखा जायेगा। इनको 31 मार्च 2025 तक मानदेय पर रखे जाने की मंजूरी बैठक में दी गई। बीते वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं मेंकमी लाने के लिए चालकों की ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही उनके स्वास्थ्य चेकअप पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सेवानिवृत्त नियमित चालक अगर संविदा पर तैनात होंगे तो 62 वर्ष की आयु तक काम करने के बाद सेवानिवृत किए जाएंगे।

आत्मदाह करने को विधानभवन पहुंचा परिवार, पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीलीभीत के बीसलपुर थाना पुलिस पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

अमृत विचार : विधान भवन के सामने गुरुवार सुबह एक ही परिवार के पांच सदस्य आत्मदाह करने पहुंच गए। पांचों पीलीभीत के बीसलपुर स्थित जोगीठेर के रहने वाले हैं। पुलिस ने संदेह होने पर रोका और उनकी तलाशी ली तो दो लीटर पेट्रोल और माचिस बरामद हुआ।

परिवार ने आरोप लगाया कि बीसलपुर थाना पुलिस उनके बेटे की हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। एसीपी हजरतगंज ने पीलीभीत एसपी से बातचीत की और कार्रवाई का आश्वासन देकर परिवार को वापस भेजा। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक पीलीभीत निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके बेटे की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर शव फेंक दिया। बीसलपुर थाना पुलिस ने सुनवाई नहीं की। निराश होकर कृष्ण कुमार गुरुवार सुबह 9.30 बजे पत्नी माया देवी, बेटा पंकज, प्रमोद व बेटी स्वाति के साथ विधानभवन के सामने आत्मदाह करने पहुंचे थे तभी वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने परिवार को पकड़ लिया। इनके पास से दो लीटर पेट्रोल और एक प्रार्थना पत्र मिला। जिसमें लिखा था कि गांव के विपिन और अरुण राणा ने परिवार को परेशान कर रखा है। इन दोनों के कारण बेटे की मौत हुई है। जिसकी शिकायत करने पर बीसलपुर थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

एचएसआरपी की जांच को चलेगा अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन विभाग की देखरेख में 2 से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जायेगा। शासन से मिले निर्देशों के अनुसार परिवहन आयुक्त की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी की गई है। सभी उप परिवहन आयुक्त, आरटीओ, एआरटीओ को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। इस दौराना बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) वालों वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

परिवहन विभाग के अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) पुष्पसेन सत्यार्थी के अनुसार सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दसवें दिन 11 अक्टूबर को नंबर प्लेट की चेकिंग की जायेगी। एक अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए निजी व व्यावसायिक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना जरूरी है। इसके बाद के वाहनों में एचएसआरपी एजेंसी से ही लग कर आ रही है।

सिग्नल तोड़ प्रमुख चौराहों पर टकराता यातायात

चौराहे-चौराहे वाहन चालकों की मनमानी, सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में गांधी जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू किया गया। इस दौरान विशेष अभियान चलाकर लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने की तैयारी है। पर, हकीकत ठीक उलट है। प्रमुख चौराहों पर वाहन चालक अपनी मर्जी से फर्राटे भर रहे हैं। सिग्नल के लाल और हरे होने का उन पर कोई फर्क नहीं। नतीजा चौराहे-चौराहे टकराता ट्रैफिक बच कर निकलते लोग। ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई के बजाए चौराहे पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी नजरें फेरते नजर आए।

इस अभियान के जरिए हादसों पर लगाम लगाने के साथ मौतों का ग्राफ कम करने का लक्ष्य भी है। इसके लिए स्कूलों और प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पखवारे के दूसरे दिन ही हजरतगंज, परिवर्तन चौक, आईटी चौराहा और बर्लिंग्टन चौराहे पर नियमों की धज्जियां उड़ती दिखी। तेजी से निकलने के फेर में अक्सर वाहन आपस में टकराते दिखे।

आईटी चौराहे पर सिग्नल का नहीं करते इंतजार

आईटी चौराहे पर वाहन चालक सिग्नल का भी इंतजार नहीं करते है। जैसे ही मौका मिला वाहन लेकर निकल पड़े। भले ही बीच चौराहे पर दूसरी तरफ से आने वाले वाहन के कारण रुकना पड़े। इसका खामियाजा अन्य राहगीरों को उठाना पड़ता है। सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

बर्लिंग्टन चौराहे पर यातायात नियमों का पालन किए बिना आवागमन करते लोग।

बर्लिंग्टन चौराहे पर जारी है मनमानी

बर्लिंग्टन चौराहा व्यस्ततम चौराहों में से एक है। यहां पर रेलवे, बस स्टेशन और हजरतगंज क्षेत्र की ओर आने-जाने वाले यातायात का भारी दबाव रहता है। चौराहे पर सबसे अधिक मनमानी ऑटो और टेंपों चालकों की रहती है। सिग्नल लाल हो या हरा उनकी गाड़ी आगे बढ़ गई तो रुकने का नाम नहीं लेती है। हालात ऐसे हो जाते है कि चारों रास्तों से आने वाले वाहन आपस में टकराते हुए आड़ा-तिरछा कर निकलते दिखे। हालांकि चौराहे पर यातायात पुलिस की पर्याप्त तैनाती रहती है।

लाल सिग्नल फिर भी नहीं रुक रहे

हजतरगंज (अटल) चौराहे पर भी स्थित बदतर दिखी। यहां गुरुवार दोपहर में लाल सिग्नल के बाद भी चालक वाहनों की रफ्तार कम नहीं करते है। भले ही सामने से कोई अन्य वाहन आ रहा हो। ब्रेक तब लगता है जब टकराने की स्थिति बन जाती है। सबसे वीआईपी चौराहा होने के कारण हर रास्ते पर पुलिस मौजूद रहती है। सबसे अधिक अभियान भी इसी चौराहे से चलाए जाते हैं। पर हालात काबू में आज भी नहीं दिखे।

अक्टूबर में अप्रैल की गर्मी का अहसास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक, उमस कर रही बेहाल
- शनिवार से बारिश की संभावना

अमृत विचार : होली के त्योहार के बाद से पारा चढ़ना शुरू हो जाता है। अप्रैल के दूसरे पखवारे तक पहुंचते-पहुंचते गर्मी का अहसास होने लगता है। सूर्य की किरणों की तपिश धीरे-धीरे बढ़ती जाती है और अप्रैल माह में पारा 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है।

कुछ इसी तरह का अहसास इन दिनों अक्टूबर माह में भी हो रहा है। पिछले सप्ताह जोरदार बारिश के बाद भी अक्टूबर में अप्रैल जैसी गर्मी महसूस की जा रही है। अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है और अप्रैल जैसा ही है। उमस बेहाल कर रही है। हालांकि, शनिवार से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। वजह हल्की बारिश का होना मौसम विज्ञानी बता रहे हैं। इससे पारा एक बार फिर लुढ़कने के आसार हैं।

बीते तीन दिनों से पारा निरंतर चढ़ता जा रहा है। गुरुवार को सुबह से ही चटख धूप खिली थी। दिन चढ़ने के साथ ही सूर्यदेव की तपिश ने धीरे-धीरे बेहाल करना शुरू कर दिया। हाल यह था कि दोपहर में उमस के कारण छांव में खड़ा होने के बाद भी पसीना नहीं रुक रहा था। अधिकतम तापमान 36.0 और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.4 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

बन रहा कम दबाव का क्षेत्र इसी हफ्ते बदलेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इस कारण शनिवार से मौसम का मिजाज बदलेगा और आसमान में बादल छा सकते हैं। साथ ही हल्की बारिश होने की संभावना है। हल्की बारिश सात अक्टूबर तक हो सकती है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आएगी।

कुछ इस तरह धीरे-धीर चढ़ता रहा पारा

दिनांक	अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
30 सितंबर	33.6	23.6
1 अक्टूबर	33.8	25.0
2 अक्टूबर	35.3	25.3
3 अक्टूबर	36.0	24.4

मृतक आश्रितों को महापौर ने बांटे नियुक्ति पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : जलकल विभाग के मृतक आश्रितों को महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें पवन कुमार गौड़ जूनियर फिटर, अनिकेत प्रजापति, पंकज, प्रेमलता और संजय कुमार पाल गैंगमैन शामिल हैं।

इस मौके पर महाप्रबंधक जलकल, कार्यकारिणी सदस्य रंजीत सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद सितंबर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राकेश कुमार पम्प चालक जोन 7 और सफाई कर्मचारी सरस्वती को देयकों का भुगतान किया गया।

एक नजर

ओलम्पियाड में अर्विता को मिला प्रथम स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस की कक्षा-3 की छात्रा अर्विता सिंह ने लैबरेन्थ इण्टरनेशनल एस्ट्रोनॉमी ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त किया है। अर्विता को प्रशस्ति पत्र के साथ एक टेलीस्कोप प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस छात्रा की उपलब्धि पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है और विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

बीएलबीसी की बैठक का आयोजन

अमृत विचार, काकोरी। काकोरी के ब्लॉक सभागार में विधायक जयदेवी कौशल की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत वार वार्षिक ऋण योजना की पुस्तिका का विधायक जय देवी कौशल द्वारा विमोचन एवं वितरण किया गया। विकास खण्ड के समस्त बैंक व सभी विभाग की समीक्षा भी की गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से आरके सक्सेना, राज्य निदेशक आर सेटी, मनीश पाठक, अग्रणी जिला प्रबन्धक, भानू प्रताप सिंह खण्ड विकास अधिकारी, मन्मुख लाल, दिनेश सिह सहित कई प्रधान उपस्थित रहे।

श्रमिक जनशक्ति का धरना प्रदर्शन आज

गोसाईगंज लखनऊ। भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति द्वारा 4 अक्टूबर को किसानों की जमीनों पर हो रहे कब्जे के विरोध में धरना- प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के युवा जिला अध्यक्ष राम मिलन रावत ने बताया कि शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने के विरोध में किसान एकजुट हो गए हैं।

छात्रों के निलंबन को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि परिसर में प्रदर्शन करते छात्र संगठन के सदस्य। अमृत विचार

अमृत विचारः काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में कथित गैंगरेप के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले 13 छात्रों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने 15 से 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। जिसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा है।

इसे लेकर समाजवादी पार्टी के नेता ने उत्तर प्रदेश सरकार पर भी हमला बोला है और आरोप लगाया है कि पहले तो सरकार आरोपियों को बचा रही थी। अब विरोध करने वाले छात्रों को निलंबित किया गया है। दूसरी तरफ इसे लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस में छात्र संगठन के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने कहा कि विवि प्रशासन का यह निर्णय गलत है।

लविवि में छात्र संगठन के सदस्यों ने जताई नाराजगी

शिक्षा अनुसंधान में डाटा विश्लेषण व्याख्यान आयोजित

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

शिक्षाविद् और पूर्व विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर प्रो एसके त्यागी उपस्थित रहे। व्याख्यान में शिक्षा अनुसंधान में डेटा विश्लेषण और व्याख्या को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने पर प्रकाश डाला गया। प्रो. त्यागी ने ज्ञान और गहन अंतर्दृष्टियों के साथ शिक्षण और सीखने की बदलती गतिशीलताओं पर भी प्रकाश डाला।

विदेशी छात्रों ने भी लिया बीफार्मा में प्रवेश, कक्षाएं आरंभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के भेषजिक विज्ञान संस्थान में नवरात्रि के अवसर पर बीफार्मा प्रथम वर्ष सत्र 2024-25 की कक्षाएं प्रारंभ हो गई। कुलपति प्रो० आलोक कुमार राय के कुशल नेतृत्व में संस्था का चौथा बैच प्रारम्भ हो गया। नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत बीफार्मा द्वितीय वर्ष के छात्रों ने रंगोली सजा कर व पुष्प देकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का प्रारम्भ दीपप्रज्वलन करके निदेशक व शिक्षकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक, पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को फार्मेसी विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए उनके दायित्यो के लिए प्रेरित किया। प्रथम वर्ष के 80 से अधिक छात्रों की उपस्थिति रही। इसमें सूडान, तुर्कमेनिस्तान व अन्य देशों के विदेशी छात्रों ने भी प्रवेश लिया है। कार्यक्रम का संयोजन शानू सिंह, असिस्टेंट प्रोफसर ने किया व डॉ रोहित सिंह, डॉ लुबना आज़मी, करिश्मा सिंह, व डॉ प्रणेश कुमार उपस्थित रहे।

10 से 13 अक्टूबर तक रहेगा दशहरा का अवकाश

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में दशहरा त्योहार को लेकर 10 से 13 अक्टूबर तक अवकाश घोषित किया गया है। इस लेकर कुलपति प्रो आलोक राय ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिखकर सूचित किया है। विश्वविद्यालय की कक्षाएं आगामी 14 अक्टूबर से आरंभ हो जाएंगी।

राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में लविवि छात्रों ने जीते पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊः राजभवन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता आधुनिक भारतीय रेल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एक जिला एक उत्पाद में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने हिस्सा लिया। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर के छात्रों ने चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी विश्वविद्यालयों से 5 छात्रों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। लखनऊ विश्वविद्यालय के राजेश वर्मा और सिमरन ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिषेक अवस्थी और प्रतीक मिश्रा ने राजभवन में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया और क्रमशः प्रथम और तृतीय पुरस्कार जीते।

डीएलएड के प्रति कम हुआ रुझान

पाठ्यक्रम की सीटें 2.28 लाख, आवेदन आए सिर्फ 1 लाख 10 हजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) के प्रति छात्रों का रुझान कम हो गया है। जिससे इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वालों की संख्या कम होती जा रही है। गत वर्ष डीएलएड पाठ्यक्रम में जितने छात्रों ने प्रवेश लिया था, उससे भी कम इस बार प्रवेश हुआ है। अब तक जितनी सीटें है, उसके अनुपात में आधे से भी कम आवेदन आए हैं। जबकि ऑनलाइन आवेदन के लिए समय-सीमा बढ़ाने की संभावना बताई जा रही है। कम आवेदन के पीछे कारण बताया जाता है कि गत पांच वर्षो से प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती का विज्ञापन नहीं आया है।

प्राइमरी विद्यालयों में शिक्षक भर्ती के लिए डीएलएड कोर्स अनिवार्य है। प्राइमरी अध्यापकों की भर्ती का विज्ञापन वर्ष 2019 में आया था। उसके बाद बेसिक शिक्षा में जो शिक्षक हैं उनका समायोजन करके काम चलाया जा रहा है। विभाग ने छात्र संख्या के अनुसार शिक्षकों की उपलब्धता का अनुपात निकाला तो कई विद्यालयों में शिक्षक अधिक मिले। इसी तरहज्यादातर सरकारी और प्राईवेट कॉलेजों में बीएड की सीटें अब खाली रह जा रही हैं। शिक्षा क्षेत्र में भर्तियों की अनिश्चितता को लेकर छात्र दूसरे पाठ्यक्रमों की तरफ जा रहे हैं। हांलाकि प्रदेश सरकार ने शिक्षा को लेकर आयोग का गठन कर दिया है और उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही भर्तियों का सिलसिला शुरू हो सकता है।

5 वर्षों से शिक्षक भर्ती न होने से खाली रह जा रही हैं सीटें

16 अक्तूबर को मेरिट जारी होगी और 17 से 30 अक्तूबर तक काउंसलिंग और विद्यालय आवंटन होगा।10 दिसंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी और 12 दिसंबर से प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा।

-अनिल भूषण चतुर्वेदी, सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी

पिछले वर्ष खाली रह गईं थी 50 हजार सीट

डीएलएड के सत्र 2024-25 में आवेदन के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) ने 18 सितंबर से आवेदन लेना शुरू किया था। जिसकी अंतिम तिथि नौ अक्टूबर है। अब तक करीब एक लाख दस हजार आवेदन हुए हैं। जबकि सरकारी और निजी विद्यालयों में कुल 2.28 लाख सीटें हैं। पिछले वर्ष करीब 50 हजार सीटें खाली रह गई थी। इसमें मेरिट के आधार पर 67 डायट और करीब 2900 निजी विद्यालयों में प्रवेश होता है।

पुनर्वास विवि में स्वच्छता अभियान चलाया गया

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ शकुन्तला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाया। विधि संकाय की अधिष्ठाता प्रो शेफाली यादव के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत विधि संकाय परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विवि के कई संकायों के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

रामकृष्ण परमहंस पी0जी0 कालेज, कैसरगंज जनपद- बहराइच (271903)
सम्बद्ध - डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर प्रवक्ता कला संकाय के अन्तर्गत पाठ्यक्रम हेतु, 1.राजनीति विज्ञान, 2. अंग्रेजी, 3.समाज शास्त्र, 4.शिक्षाशास्त्र, 5. अर्थशास्त्र, 6.दर्शनशास्त्र
परास्नातक स्तर पर प्रवक्ता 1. हिन्दी, 2. प्राचीन इतिहास
योग्यता एव वेतनमान – यू0जी0 सी0 एवं डा0रा0म0 लो0अ0वि0वि0, अयोध्या के परिनियमावली के अनुसार वेतन / मानदेय देय होगा।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों व दो पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ महाविद्यालय में उपर्युक्त पते पर डाक व हाथ द्वारा प्रेषित करें।

राजेन्द्र सिंह, प्रबन्धक
मो.नं0-9628440033, 9415571708, 9415459123

तकनीकी के सहयोग से ही प्रगति संभव : नीरज

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बख्शी का तालाब स्थित आरआर ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षा में तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह रहे।

कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए नीरज सिंह ने कहा कि वर्तमान परिवेश में शिक्षा के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में तकनीकी आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी के सहयोग से ही प्रगति संभव है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टेबलेट वितरण कार्य अच्छा एवं सराहनीय है। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल, सचिव चित्रांशु अग्रवाल, निदेशक प्रोफेसर डॉ सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, डीन एकेडमिक दुर्गेश वर्मा, डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर विकास सिंह, डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आरती जायसवाल, चीफ प्रॉक्टर विजय बहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे

छात्र-छात्राओं को टैबलेट किए गए वितरित

लक्ष्य पर ध्यान देने की जरुरतः प्रो. कंसल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

भाषा विवि का स्थापना दिवस

अमृत विचारः ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 15वें स्थापना दिवस के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। कुलपति प्रो नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहने की और सिर्फ़ ध्यान देना चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ज्योतिरॉय चौधरी ने भाषा विश्वविद्यालय की सुविधाओं की तुलना कॉरपोरेट सेक्टर में मिलने वाली सुविधाओं से की। उन्होंने विश्वविद्यालय के रिसोर्सेस व मूलभत सुविधाओं की भी प्रशंसा की। अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने विजेता सभी छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रो सौबन सयीद, डॉ दोआ नक़वी, डॉ बुशरा अलवेरा, प्रो तनवीर ख़दीजा, डॉ नीरज़ शुक्ल, डॉ रुचिता सुजय चौधरी, डॉ ज़ैबून निसा, डॉ नलिनी मिश्रा, प्रो चंदाना डे व प्रो एहतेशाम अहमद रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो चन्दना डे ने किया। संचालन डॉ रूचिता सुजय चौधरी ने किया। समापन समारोह के अवसर पर प्रो मसूद आलम, डॉ महेश कुमार, साजिद आज़मी, डॉ सचिन्द्र शेख़र, डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ काजिम रिज़वी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

स्थापना दिवस के समापन समारोह में प्रस्तुति देते प्रतिभागी छात्र। अमृत विचार

नुटकर गांव मे 15 घंटे से अधिक बिजली रही गुल

अमृत विचार, लखनऊः बिजनौर के शारदा नगर विस्तार पावर हाउस के नटकुर गांव में लगे ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खामी के बाद सैकड़ों घरों की बिजली सप्लाई बाधित रही। इससे करीब 5000 हजार की आबादी को 15 घंटे से ज्यादा बिजली संकट का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार रात 10 बजे क्षेत्र मे लगे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर मे गड़बडी आ गई। इससे गांव के अधिकांश इलाकों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। इसकी सूचना उपकेंद्र कर्मचारियों सहित अवर अभियंता को दी गई। बावजूद इसके न तो कर्मचारी मौके पर पहुंचा और न ही अधिकारी। इसके चलते लोगो को पानी समेत कई समस्याओं से दिनभर जूझना पड़ा। इस बीच लोगो ने समस्या के समाधान के लिए रात से लेकर सुबह तक कई बार बार शिकायत की, बावजूद इसके जेई ने सप्लाई को सामान्य करने के लिए कुछ नही किया।

उल्लास-2024 का हुआ आगाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचारः श्री रामस्वरुप मेमोरियल विश्वविद्यालय बाराबंकी में उल्लास-2024 वार्षिक खेल उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निशा दहिया (इंडियन रेसलर) ने खेल वार्षिकोत्सव उल्लास-2024 की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। हर वर्ष की तरह आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अनेक खेलों कबड्डी, खो-खो, बास्केट बॉल, बैडमिंटन, बॉलीबॉल आदि को समाहित किया गया है। रामस्वरूप विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। अकादमिक एक्सलेंस के साथ-साथ शारीरिक विकास भी महत्वपूर्ण है। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए चांसलर ई. पंकज अग्रवाल ने कहा- कि यदि अगला जन्म मेरी ईच्छा से पूछ कर दिया गया तो मैं बिना सोचे एक खिलाड़ी के रूप में लेना चाहूंगा।

प्रो चांसलर ई. पूजा अग्रवाल ने, कुश्ती के आखाड़ों के इतिहास के बारे में मंच से जानकारी साझा की। आखाड़ों की उत्पत्ति से लेकर क्रियन्वन तक के बारे में चर्चा की। मुख्य अतिथि दहिया ने अपने करियर के शुरुआती दिनों के बारे में बताते हुए दहिया ने कहा कि उनकी प्राथमिक ट्रेनिंग लखनऊ में हुई, माता-पिता के त्याग और समर्पण से ही उन्होंनें यहाँ तक का सफर तय किया है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के, डॉ विकास मिश्रा (वाइस चांसलर), डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर (डॉ.) बीएम दीक्षित, ड़ॉ नीरजा जिंदल, (कुल सचिव), प्रोफेसर (डॉ.) निधि शुक्ला (स्पोर्ट कोऑर्डिनेटर), अभय सिंह (उप-कुलसचिव), डॉ. वीना सिंह, उपनिदेशक (एक्सटेन्शन सर्विसेज), डॉ. आकांक्षा निगम (कंट्रोलर ऑफ़ एग्जामिनेशन) व अन्य शिक्षकगण तथा छात्र उपस्थित रहे।

श्री रामस्वरुप मेमोरियल विश्वविद्यालय वार्षिक खेल उत्सव का हुआ आयोजन

मेंहदी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊः वन्य प्राणि सप्ताह के अवसर पर बुधवार को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में मेंहदी और नुक्कड नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान और प्रशिक्षण अनुराधा वेमुरी ने की। इस मौके पर चिड़ियाघर निदेशक अदिति शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण और वन्य जीवों से संबंधित कई रोचक जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता मे 29 स्कूलों के 700 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेंहदी प्रतियोगिता मे ज्योति को पहला, शिखा को दूसरा और रिझरिझ को तीसरा स्थान मिला है। सांत्वना पुरस्कार देविका और गीतांजलि को दिया गया है। इसके साथ ही कक्षा 9 से 12 वर्ग के कैटगरी में काजल कुशवाहा को पहला स्थान शाम्भवी को मिला।

अनदेखी प्रेक्षागृह के निर्माण से लेकर अन्य कार्यों के लिए कर रहे लाखों खर्च

उदासीनता के चलते बदहाल हुआ प्राणि उद्यान का झूला पार्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

टूटे हुए झूले पर खेलता छात्र।

जर्जर हो चुके स्लाइडर झूले पर मौजूद छात्रा।

छूले में बना छेद। अमृत विचार

अमृत विचारः अगर आप नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में बच्चों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सावधान हो जाइये। बच्चों के मनपसंद झूला पार्क में लगे अधिकांश झूलें टूटे पड़े है किसी की सीट टूटी पड़ी है तो कुछ झूलें ढीले नट- बोल्ट के सहारे टिके है। इन पर बच्चें अगर पैर तक रख दे तो समझिए दुर्घटना होना तय है। जबकि इस पार्क मे हर मौसम में लोगों और बच्चों की सबसे ज्यादा भीड़ होती है।

बावजूद इसके इस झूला पार्क को संवारने के बजाय चिड़ियाघर प्रशासन प्रेक्षागृह के निर्माण से लेकर अन्य कार्यों के लिए लाखों रूपये खर्च कर रहा है। प्रशासन के अनुसार चिड़ियाघर के शिफ्ट होने के कारण इस पार्क को ठीक नही कराया जा रहा है। ऐसें चिड़ियाघर में हो रहें परिवर्तनों और निर्माण कार्य पर सवाल खड़े होने शुरू हो गये है।

इन झूलों की मरम्मत का कार्य वर्षों से नही किया गया है। यहां आने वाले अभिभावकों ने इन टूटे झूलों को लेकर चिड़ियाघर प्रशासन से कई बार शिकायत भी कर चुके है। लेकिन प्रशासन बजाए जागने के प्रेक्षागृह से लेकर कई अन्य कार्यों को करने मे मशगूल है, और इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

दूसरे प्रदेशों के सैलानी आते हैं घूमने

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में अन्य प्रदेशों के सैलानी भी घूमने आते है। इनके साथ कई जिलों के स्कूली बच्चें भी यहां घूमनें आते है। जो बच्चों का पसदीदा जगह है। शहर के बीचोबीच बने इस चिड़ियाघर मे लोग पिकनिक मनाने के लिए कई जिलों से यहां आते है। इसके अलावा कई स्कूलों के शैक्षिक टूर भी यहां लगे रहते है। ऐसें में दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले बच्चें यहां झूला देखते ही इनकी ओर दौड़ पड़ते है। इनसे कभी भी हादसा हो सकता है।

पर्यटन विभाग के सहयोग से इन सभी टूटें झूलों को बदलने का काम शुरू कर दिया जायेगा। जल्द ही झूला पार्क की काया पलट कर दी जायेगी।

-अदिति शर्मा, निदेशक, प्राणि उद्यान

सूचना

मै ने अपना नाम से बदलकर MOHAMMAD ANEES से ABDUL ANEESH रख दिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- ABDUL HAMEED Add: 545KA/Np-298, New Para Colony, Near bhuiyan DEVI mandir, Rajajipuram, Lucknow, Lucknow, Uttar Pradesh - 226017**

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी) / वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते है। **ई निविदा सूचना सं0:**-एनईआर-बीएसबी-2024-135, **कार्य का नामः** समई / सिवान अनुभाग के अन्तर्गत छपरा-भटनी, सिवान-थावे, हथुवा-पंचदेवरी तथा दुरौधा-मसरख में विभिन्न बोर्ड जैसे स्टेशन नेम बोर्ड (आरसीसी टाइप), कर्व बोर्ड, एसईजे / एलडब्लूआर बोर्ड, टी / ओ बोर्ड, ब्रिज बोर्ड, कि०मी० पोस्ट, ग्रेडियेन्ट पोस्ट, स्टेशन नेम बोर्ड (टेयरी बोर्ड) तथा साइनेज का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 48,38,438/- बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 96,800.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 30.10.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन / अवधि की तिथिः 06 माह। **ई निविदा सूचना सं0:**-एनईआर-बीएसबी-2024-136, **कार्य का नामः** झूसी-दारागंज के मध्य पुल संख्या 111 कि०मी० 321/6-322/12, मांझी-बकुलहा के मध्य पुल संख्या 16 कि०मी० 17/4-18/6 पनियहवा-वाल्मिकीनगर स्टेशनों के मध्य पुल संख्या 50 कि०मी० 305/8-306/6, औंडिहार-भटनी के मध्य पुल संख्या 137 कि०मी० 177/1-6, भाटपाररानी भटनी के मध्य पुल संख्या 119 कि०मी० 426/0-3 तथा लाररोड-बेल्थरारोड के मध्य पुल संख्या 31 कि0मी0 27/10-28/12 (कुल 6 अदद) में 3 वर्ष हेतु स्वचालित जलस्तर निगरानी की वार्षिक रखरखाव कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 47,46,470/- बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 94,900.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 30.10.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन / अवधि की तिथिः 36 माह। **ई निविदा सूचना सं0:**-एनईआर-बीएसबी-2024-137, **कार्य का नामः** हथुवा-पंचदेवरी तथा दुरौधा-मसरख :- शैलो स्क्रीनिंग (कुल-52.00 कि०मी०)। अनुमानित लागतः ₹ 1,76,92,964/- बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 2,38,500.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 30.10.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन / अवधि की तिथिः 08 माह।
निविदा सूचना सं:-एनईआर-बीएसबी -2024 -135 से एनईआर-बीएसबी -2024 -137 दिनांक 30.10.2024 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबंधक / (इंजी)
मुजाधि / डब्लू-262 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैने अपना नाम MANSOORE से बदलकर MANSOOR KHAN रख लिया है अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना वा पहचाना जाये S/O: HABBOO KHAN, R/O: 160, SAHAWAPUR MAHIPAL SINGH PO FAKHARPUR, BAHRAICH

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद स्वामीन पुत्र मोहम्मद याशीन, निवासी -मलाकापुर, कोड़ा, जहानाबाद, तहसील- बिंदकी, फतेहपुर, मोबाइल नम्बर**-9555962951, मेरा पंजीकृत डीड, बही नम्बर-1, जिल्द नम्बर-3109, पृष्ठ 216 पर क्रमांक-4749 तथा अतिरिक्त साइट बुक नम्बर-1 जिल्द नम्बर-3167, पृष्ठ 474/507 पर, दिनांक 14/03/1986 को उपराजिस्टार लखनऊ के कार्यालय में कपूरथला चौराहा लखनऊ में रजिस्टार वास्तव में खो गया है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आर्यन मिश्रा की सैन्य अभिलेखों में जन्मतिथि 12-11-2004 दर्ज हो गयी है। जबकि अन्य सभी अभिलेखों में उसकी जन्मतिथि 12-11-2005 दर्ज हैं और यही वास्तविक जन्मतिथि है। **अजीत कुमार मिश्रा ग्राम - शुकुलपुर, पोस्ट- ठेंगहा जनपद- अमेठी**

सूचना

सूचित हो कि मैं अशोक कुमार पुत्र स्व0 ठाकुर दीन वर्मा, पता कार्यालय-बलरामपुर अस्पताल, गोलागंज, लखनऊ, मोबाइल नंबर 9415139203 मेरा राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जो कि (Recognized by U.P.Govt.No.- 4882/16-13-79-8 (201)-/79 dated 24-09-79 वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित हो कि मैं रत्ना सिन्धु जीत सिंह पत्नी सिन्धु जीत सिंह, निवासी- बी- 985 फ्लैट नं0- 5-204, सनरेज हाउस, सेक्टर- 20 महानगर, लखनऊ, मैने अपना नाम रत्ना सिंह से बदल कर रत्ना सिन्धु जीत सिंह सिंह रख लिया है। अब मुझे रत्ना सिन्धु जीत सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम MARIYAM AFIFA से बदलकर MARIYAM रख दिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-ZAHEERUL HASAN Add: 420-35 KATRA MOHAMMAD ALI KHAN CHAUPATIYAN LUCKNOW-226003

सूचना

मेरा नाम शहजादे आलम अन्सारी पुत्र कल्लन मास्टर (नि.-532/531, बनारसी टोला, अलीगंज, लखनऊ) था। जो मैंने बदलकर शहजादे आलम रख लिया है। भविष्य में मुझे शहजादे आलम (Shahjade Alam) के नाम से जाना पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम अभिषेक पांडेय पुत्र रवींद्र पांडेय है। आधार कार्ड में उसका नाम पिंकू दर्ज हो गया जो कि गलत है। अभिषेक पांडेय ही सही नाम है तथा अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। **रवींद्र पांडेय पुत्र - बिजलेश्वरी निवासी- ग्राम -पिपरा तहसील व जनपद -बलरामपुर**

सूचना

मेरी पुत्री शफक हाशमी (SHAFAQ HASHMI) के कक्षा 5 की टीसी में मेरा नाम त्रुटिवश SABEENA BANO अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SHABEENA BANO अंकित है, जो कि सही है। उक्त दोनों नाम एक ही, मुझे SABEENA BANO व SHABEENA BANO से जाना एवं पहचाना जाए। **-शबीना बानो** (SHABEENA BANO) **पत्नी रशीद अहमद हाशमी** (RASHEED AHMAD HASHMI) **निवासी मलिकपुर पोस्ट-पखरौली, जिला सुलतानपुर।**

सूचना

सूचित हो कि मैं महताब आलम पुत्र कमरूद्दीन, मोहल्ला- तुर्कपट्टी खैराबाद, जिला- सीतापुर का निवासी हूँ। मेरे दो पुत्र मो0 बिलाल व मो0 अल्फैज जीवन ज्योति कान्वेंट स्कूल खैराबाद में क्रमशः कक्षा 6 व 9 के छात्र है। मेरे आधार कार्ड में नाम MAHTAB ALAM पुत्र की माँ का नाम NAZIYA BANO दर्ज है तथा स्कूल में मेरा व पुत्र की माँ का नाम MEHTAB ALAM व NAZYIA BANO है। अतः मेरा व मेरी पत्नी का नाम आधार कार्ड के अनुसार स्कूल अभिलेखों में दर्ज किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं **नीलम साहू पत्नी अशोक कुमार, निवासिनी- कुशमौरा पर0 निगोहाँ तह0 मोहनलालगंज जिला लखनऊ,** मेरा वास्तविक नाम नीलम साहू है तथा मेरे समस्त अभिलेखों जैसे मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, आदि मे मेरा वास्तविक नाम नीलम साहू ही अंकित है। जबकि मेरा नाम त्रुटिवश आधार कार्ड मे नीलम साहू के स्थान पर ललिता देवी अंकित हो गया है। जो पूर्णतयः गलत है। अतः मेरे आधार कार्ड पर ललिता देवी के स्थान पर मेरा वास्तविक नामः नीलम साहू अंकित किया जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है की **लल्लू प्रसाद शुक्ला पुत्र स्व0 त्रिवेणी प्रसाद निवासी सूरजपुर सहादत नगर, गढ़ा, बहरगांव थाना इटौंजा लखनऊ** अपने उपरोक्त निवास सहित समस्त चल व अचल संपत्ति से अपने छोटे पुत्र सरोज शुक्ला व बहू शोभा शुक्ला का चाल चलन ठीक न होने एवं घर परिवार में लड़ाई झगड़ा मारपीट इत्यादि करने के कारण दिनांक 03.10.2024 को अपने छोटे पुत्र सरोज शुक्ला और उनकी पत्नी शोभा शुक्ला से सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है तथा किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार मुझे व मेरे परिवार से नही रह गया है तथा सरोज द्वारा किए गए प्रत्येक कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **रमजान पुत्र सुलतान खा, निवासी- परसोहना- पोस्ट मटेही, परगना- नानपारा, तहसील- मिहींपुरवा (मोतीपुर) जनपद- बहराइच** का रहने वाला हूं। मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम अंग्रेजी में RAMAJAN अंकित है जबकि आधार के अनुसार मेरा सही नाम RAMJAN है। चूंकि RAMAJAN (रामाजान) एवं RAMJAN (रमजान) नाम एक ही व्यक्ति के है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम अंग्रेजी में RAMJAN ही कर दिया जाए।

सूचना

सूचित हो कि **राजेंद्र सिंह मौर्य पुत्र हंसलाल निवासी गुलालपुरवा कुड़वा नगर पंचायत मिहीपुरवा वार्ड नंबर** 11 के तीन पुत्र राजीव कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह और दीपू उर्फ रंजीत कुमार सिंह हैं। इनमें सबसे छोटे पुत्र दीपू उर्फ रंजीत कुमार सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। गलत आचरण और व्यवहार के चलते उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों का कोई लेनादेना नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मैं रमेश पुत्र श्रीराम, निवासी-ग्राम व पोस्ट बरान थाना अरवल तहसील सवाजयपुर जिला हरदोई मेरा पुत्र प्रदीप कुमार सैनी व बहू राधा से दोनों स्वच्छंद विचारधारा एवं जिद्दी प्रकृति के हैं। वह आये दिन घर में विवाद करते रहते हैं तथा मुझसे गाली गलौज करके धमकाते एवं प्रताड़ित करते हैं। कई बार समझाने का प्रयास किया किन्तु कोई सुधार नहीं मै अपने पुत्र व बहू के दुराचरण से काफी व्यथित है। अतः मैं विवश एंव पीड़ित होकर अपने पुत्र प्रदीप कुमार सैनी व पुत्रवधू राधा देवी को अपनी सारी चल अचल सम्पत्ति से 16.07.2022 से बेदखल कर रहा हूँ। अब मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

आवश्यकता है

वीरेंद्र सिंह रामवती मेमोरियल महाविद्यालय कुरसठ हरदोई (2063) में बीएससी में

सहायक आचार्य- विषय रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में सहायक आचार्य की आवश्यकता है।
नोट- इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंदर महाविद्यालय में कागजात जमा करें।
प्राचार्य/प्रबंधक
मो0 : 9936633390, 6388336593

एक नजर

डेंगू के 15 नये मरीज मिले 10 घरों को मिली नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : डेंगू के नये मरीज मिलने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को शहर में 15 नये मरीज पाये गए। चन्दरनगर-5, अलीगंज-4, एनके रोड-3, गोसाईगंज-1, इन्दिरानगर-1, टूडियागंज-1 में रोगी पाये गये। गुरुवार को 10 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों की ओर से लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीमों द्वारा कसाईबाड़ा चौराहा, बदनाम लड्डू चौराहा राजाजीपुरम, डीपीएस जानकीपुरम विस्तार, विराटखण्ड चौराहा, सन आई हास्पिटल श्रंगार नगर, चौपटिया चौराहा, पटेलनगर मौर्य जनता आटा चक्की, पराग चौराहा आशियाना के आस-पास सघन मच्छर रोधी अभियान चलाया गया।

बंदरों ने उड़ाई अलीगंज सेक्टर-ए की बिजली सप्लाई

अमृत विचार, लखनऊ : बंदरों की उछलकूद के कारण गुरुवार शाम 7 बजे अलीगंज के सेक्टर-ए की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। बंदरों ने कनेक्शन बॉक्सों के तारों को खींच कर अलग कर डाला। इससे परेशान उपभोक्ता ने कनेक्शन जोड़ने के लिए पुरनिया उपकेंद्र से लेकर अधिकारियों को फोन को कई बार फोन किया लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने फोन उठाने की जहमत नही। गुस्साए लोग उपकेंद्र पहुंच गये। जेई ने बताया कि सूचना मिलते ही कर्मचारियों को भेजकर रात 8.30 बजे बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया गया है। वहीं राजाजीपुरम ओल्ड पॉवर हाउस में 10 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर में तकनीकी दिक्कत के कारण बिजली सप्लाई बंद हो गई।

मल्हौर, फैजाबाद रोड के पास आज रहेगी बिजली गुल

अमृत विचार, लखनऊ : मल्हौर, फैजाबाद रोड़ और योजना भवन फीडर से पोषित इलाकों मे बिजली के खंभे, एबीसी केबल को बदलने के साथ उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों का मेंटीनेंस कार्य किया जायेगा। मल्हौर में एलटी लाइन और जर्जर खंभों का बदला जायेगा। फैजाबाद रोड के शिवाजी पार्क 400 केवीए ट्रांसफार्मर और एलटी लाइन के जर्जर तारों को बदलने के कारण इससे पोषित इलाकों मे सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी।

सज गया मां का दरबार, भक्तों ने किया जयकार

चंद्रिका देवी, काली माता, मरी माता आदि मंदिरों में सुबह से भक्तों की लंबी कतार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शारदीय नवरात्रि का महा पर्व विधि विधान के साथ गुरुवार को शुरू हो गया है। शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से भक्तों की कतार लगने लगी। मंदिरों में कलश स्थापना की गई, साथ ही मंदिरों के पुजारियों ने आरती भजन करके मां की आराधना की। भक्तगण सुबह से ही हाथों में प्रसाद, चुनरी लेके मां को चढ़ाने के लिए उत्सुक नजर आये।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार देवी दुर्गा हस्त नक्षत्र और इंद्र योग में कैलाश से पालकी में सवार होकर आयी। शक्ति की उपासना अश्विन मास की प्रतिप्रदा से नवमी तक की जाती है। **चंद्रिका देवी मंदिर का किया गया भव्य श्रृंगार :** बक्शी का तालाब के पास कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। यहां सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार दर्शन करने के लिए लगी। यह मंदिर प्रचीनतम मंदिरों में से एक है। भक्तों ने मंदिर परिसर में पूजा-पाठ के साथ हवन भी किया। मंदिर परिसर में स्थित वर्षों पुराने पीपल के पेड़ पर चुनरी बांधने की मान्यता है जिस पर सैकड़ों भक्तों ने चुनरी बांधकर अपनी मनौती मांगी। मंदिर के बार लगभग 300 मीटर के दायरे में प्रसाद की दुकानें लगती हैं। दुकानदारों ने कहा कि पहले दिन ही भक्तों की भारी भीड़ हैं।

भक्तों की सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था : चौक के काली बाड़ी मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन विशेष पूजा का आयोजन किया गया। मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मंदिरों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

नवरात्र के पहले दिन चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

51 शक्तिपीठ में मां की आराधना के साथ पिंडी पूजन

अमृत विचार, लखनऊ : नन्दना बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव गुरुवार से शुरु हो गया। आचार्य धनंजय पाण्डेय ने सुबह कलश स्थापना के बाद प्रथम शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। 51 शक्तिपीठ में नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री का पिंडी पूजन व हवन हुआ। पिंडी पूजन संस्था की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने किया, बाद में विश्व कल्याण के लिए सामूहिक हवन किया गया जिसमें लोगों ने आहुतियां डालीं। नवरात्र के पहले दिन मां का नीलांबर श्रृंगार किया गया।

प्रदेश के नौ जिलों में शुरू हुआ भक्ति कार्यक्रम नवधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान की ओर से नवधा भक्ति का कार्यक्रम 3 से 11 तक उत्तर प्रदेश के नौ जनपदों में किया जा रहा है। नवधा भक्ति रस से परिपूर्ण कार्यक्रम है।

आयोजन के क्रम में 3 अक्टूबर को देवरिया के देवरही माता मंदिर, 4 अक्टूबर को सूरज कुण्ड सरोवर-गोरखपुर, 5 अक्टूबर को महादेव मंदिर, जयप्रभा ग्राम- गोण्डा, 6 अक्टूबर को मैनपुर (करण्डा)-गाजीपुर, 7 अक्टूबर को मां कल्याणी देवी, सिद्धनाथ बरम्बाबा- सीतापुर, 8 अक्टूबर को छोटी चंद्रिका देवी मंदिर- महोबा, 9 अक्टूबर को वृन्दावन शोध संस्थान- वृन्दावन, 10 अक्टूबर को अघौड़नाथ मंदिर-मेरठ तथा 11 अक्टूबर को रायबरेली के बेलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम-बछरावां रायबरेली में किया जायेगा।

उत्तम प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत नवरात्र में हो रहे नवधा कार्यक्रम में अधिकतर स्थानीय तथा महिला कलाकारों को अवसर प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में भक्ति भजनों के साथ लोकनृत्यों की भी धूम रहेगी। ओड़िसा का प्रसिद्ध लोकनृत्य जिसमें विष्णु को समर्पित नृत्य किया जाता है. इसके अलावा झारखण्ड का पुरलिया छाऊ का भी प्रदर्शन किया जायेगा।

यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, स्थानीय संगठनों तथा मंदिर प्रबंध समितियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिससे इस आयोजन को भव्य किया जा सके तथा यह आम जनमानस तक सुचारू रूप से पहुंच सके।

नई दवा से कैंसर को मात देने में मिलेगी मदद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैंसर संस्थान में कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी
- सिस्टमैटिक रिव्यू और मेटा-एनालिसिस पर कार्यशाला
- मेटा-एनालिसिस सभी प्रकार के अध्ययन डिजाइनों में शीर्ष पर

अमृत विचार : कैंसर मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। बीमारी को रोकने के लिए नई दवाएं आ रही हैं। शुरुआत में बीमारी का पता लगाने के लिए कई तरह की जांचे भी अपनाई गई हैं। कैंसर को हराने व इलाज को और मजबूती देने के लिए शोध की जरूरत है। यह जानकारी कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कही।

वह गुरुवार को कैंसर संस्थान प्रेक्षागृह में सिस्टमैटिक रिव्यू और मेटा-एनालिसिस पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कहा कि कैंसर के इलाज की नई कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी उपलब्ध है। किस मरीज में कौन सी दवा अधिक प्रभावी होगी, इसके लिए अध्ययन की जरूरत है। इसमें सिस्टमैटिक रिव्यू और मेटा-एनालिसिस की अहम भूमिका होती है।

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजीव मिश्र ने कहा कि डॉक्टर में एनालिसिस के बारे में समझ को बढ़ाना, अनुसंधान गतिविधि और क्षमता निर्माण को सशक्त बनाना है। स्वास्थ्य कर्मियों के बीच साक्ष्य-आधारित इलाज को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मेटा-एनालिसिस सभी प्रकार के अध्ययन डिजाइनों में शीर्ष पर है।

डॉ. गिरि लाल गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के निदेशक डॉ. शैली मलिक ने कहा कि बेहतर व सटीक इलाज के लिए मरीजों का डेटा और उसका अध्ययन जरूरी है। कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि पब्लिक हेल्थ विभाग लोगों के स्वास्थ्य व कैंसर मरीजों के बेहतर इलाज की दिशा में शोध व एनालिसिस कर रहा है। गामा नाइफ जैसी आधुनिक मशीनों की खरीद प्रक्रिया चल रही है। पब्लिक हेल्थ विभाग के प्रमुख डॉ. आयुष लोहिया ने कहा कि शोध को बढ़ावा देने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। कार्यशाला में केजीएमयू प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के डॉ. बालेंद्र प्रताप सिंह, लोहिया के डॉ. मनीष कुमार सिंह, कैंसर संस्थान की डॉ. इंदुबाला मौर्य, इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की डॉ. अदिति मोहता, बीएचयू के डॉ. विनीत कुमार पाठक और डॉ. अभिषेक जायसवाल ने व्याख्यान दिया।

लेखकों से मुलाकात का साक्षी बना पुस्तक मेला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर गार्डेन में चल रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेले के 7वें दिन जहां एक तरफ जहां किताबों के विमोचन का सिलसिला रहा वहीं शिवमूर्ति जैसे कथाकार आयोजन के साथ-साथ स्टालों पर किताबों के बीच दिखायी दिये। प्रकाशन संस्थान में कर्ण सिंह चौहान की यात्रा संस्मरणों पर अमेरिका की यात्राएं, देश देशांतर, कोरिया, बुल्गारिया और यूरोप में यात्राएं नयी किताबों में पसंद की जा रही हैं।

नयी किताबों में इवान तुर्गनेव की शिकारी की डायरी, आन्द्रेई प्लातोनव की इमारत की नींव और पाब्लो नेरुदा का प्रभाती नौटियाल द्वारा अनुदित कविता संग्रह यही सदी की मांग है। सस्ता साहित्य मंडल के स्टाल पर कनक तिवारी की चर्चित पुस्तक संविधान की शिनाख्त के अलावा कृष्णदत्त पालीवाल की हिंदी आलोचना का उत्तर आधुनिक विमर्श, इन्द्रनाथ चौधरी की पाश्चात्य काव्य शास्त्र का संक्षिप्त विवेचन जैसी विवेचनात्मक पुस्तकें भी खूब हैं।

साहित्यिक मंच पर तकी मीर फाउण्डेशन की ओर से मलिकजादा जावेद के संयोजन में शेरो-शायरी का दौर चला तो इससे पहले आर्य समाज की ओर से अध्यात्मिक समारोह हुआ। शाम को वीरेन्द्र यादव की समसामयिक वैचारिक मुद्दों पर लिखी किताब विमर्श और व्यक्तित्व के विमोचन के अवसर पर मुख्य रूप से शिवमूर्ति और लेखक ने विचार रखे। इसी क्रम में अनूप मणि त्रिपाठी के व्यंग्य संग्रह सांपों की सभा का विमोचन हुआ और अनूपमणि ने लघु व्यंग्य भी पढ़े।

अनिल कुमार श्रीवास्तव की पुस्तक श्री हरिः पाद्य का विमोचन पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह की अध्यक्षता और डॉ. अमिता दुबे, डॉ. अनिल मिश्र, पद्मकांत शर्मा आदि की मौजूदगी में उनके विचारों के बीच हुआ। शाम को साहित्यकार संसद व नमन प्रकाशन के तत्वावधान में ग़ज़लों की एक शाम अधीर जी के नाम रचनाकार भोलानाथ अधीर की अध्यक्षता में हुई। नवीन शुक्ल नवीन के संचालल में डॉ. शोभा दीक्षित, रचना मिश्रा, रामप्रकाश बेखुद, सरवत जमाल, मनीष शुक्ल आदि ने अपने-अपने कलाम पेश किये।

एमिटी यूनीवर्सिटी ने मेला परिसर में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया। क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने सहायक प्रो. अंशुमा दुबे के मार्गदर्शन में मेले में आए हुए पुस्तक प्रेमियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। साथ ही चिंता, तनाव, अवसाद और नशे की लत आदि समस्याओं के प्रति समाधान भी किया। इसी विषय पर छात्र-छात्राओं ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

बलरामपुर गार्डेन में राष्ट्रीय पुस्तक मेला के सांस्कृतिक पंडाल के मंच पर अनिल कुमार सिंह की कृति श्री हरि पाद्य का लोकार्पण करते पदमश्री विद्या विन्दु सिंह पूर्व निदेशक हिन्दी संस्थान, सुधाकर, अदीब अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

केजीएमयू को मिलेगी बोनमैरो ट्रांसप्लांट यूनिट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जल्द ही केजीएमयू में अलग से बोनमैरो ट्रांसप्लांट यूनिट बनेगी। जिससे रक्त कैंसर, थैलीसीमिया व एप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित मरीजों को और बेहतर इलाज मिलेगा। इन मरीजों को बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि आठ बेड की यूनिट शताब्दी भवन के हिमैटोलॉजी विभाग में स्थापित की जाएगी। यूनिट बनाने के लिए आदित्य बिरला कैप्टिल फाउंडेशन और कैनकिड्स सीएसआर फंड से 2.75 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद करेगा। गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में केजीएमयू आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन और कैनकिड्स के बीच करार हुआ। अगले छह माह में यूनिट बनकर तैयार होगी। राज्यपाल ने केजीएमयू को बधाई दी। कहा नई यूनिट बनने से मरीजों के इलाज की राह आसान होगी।

डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि यूनिट में हेपा फिल्टर लगाए जाएंगे। ताकि मरीजों को संक्रमण से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि सीधी हवा से मरीज बैक्टीरिया, वायरस व फंगस की चपेट में आ सकते हैं। इसलिए यूनिट में फिल्टर हवा की आपूर्ति होगी। उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल में करीब 50 लाख रुपये में बोनमैरो ट्रांसप्लांट हो रहा है। केजीएमयू में तीमारदार से बोनमैरो लेकर ट्रांसप्लांट करने पर करीब 10 लाख रुपये का खर्च आएगा। जबकि मरीज के बोनमैरो यानी ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट पांच से छह लाख रुपये में होगा।

समझौता ज्ञापन के साथ राज्यपाल, केजीएमयू की कुलपति व अन्य। अमृत विचार

सुबाहु, मारीच और ताड़का वध की लीला

मौसमगंज रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डालीगंज की मौसमगंज रामलीला के दूसरे दिन यज्ञ विध्वंस, मुनि विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध, मारीच सुबाहु वध की लीला हुई। शिवकुमार वर्मा के निर्देशन मे मंचित हुई लीला में विश्वामित्र (राजेश त्रिपाठी), राम (अभिषेक त्रिपाठी), लक्ष्मण (तुषार शर्मा), दशरथ (शिव कुमार वर्मा), ताड़का (आशीष प्रकाश भैय्यू), मारीच (वंश निगम) और सुबाहु (दिव्यांश मौर्य) ने शानदार अभिनय किया।

लीला के कुछ संवाद लोगों को बहुत पसंद आये। विश्वामित्र जब राम से कहते हैं कि राम यही ताड़क वन में राक्षसी ताड़का निवास करती है, जो आतंक मचाये हुए है, जिसको मारना आवश्यक है। तब राम कहते हैं कि गुरुवर एक तो प्रथम ही परीक्षा का दिवस आज, भानु वंशियों का रक्त अयश न लूटेगा। शूर वीर ताई एक ओर जा छिपेगी और धर्म बाहुबल का भी प्रसिद्ध पात्र फूटेगा। बिन्दु कवि चाहे मुझे कायर पुकारें लोग, किन्तु नीति पथ का विचार नहीं टूटेगा, क्षमा करें मेरे पूज्य माननीय मुनिनाथ, नारी पर हाथ रघुनाथ का न छूटेगा। तब विश्वामित्र कहते हैं कि दस हजार हाथियों का बल रखने वाली एक राक्षसी को अबला मानना भारी भूल है।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को अहिल्या उद्धार, गंगा अवतरण, जनक बाजार फुलवारी लीला का मंचन रात 9 बजे होगा।

अनचाही कॉल और मैसेज से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत, आगाह करेगी कंपनी

अमृत विचार , लखनऊ : टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने उपभोक्ताओं के लिए खास टूल एआई पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सिस्टम लांच किया है। यह टूल स्पैम कॉल और मैसेज से बचाव के लिए तैयार किया गया है। यह टूल उपभोक्ता को रियलटाइम प्रोटेक्शन के साथ स्पैम एक्टिविटी से ऑटोमैटिक सुरक्षा प्रदान करता है।

एयरटेल की स्पैम डिटेक्शन टूल सभी उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क है। यह कंपनी के सभी ग्राहकों के नंबर पर एक्टिवेट रहेगी। इसके लिए ग्राहकों को अलग से सर्विस रिक्वेस्ट या फिर किसी ऐप को डाउनलोड नहीं करना होगा। यह टूल एआई टूल कॉल फ्रीक्वेंसी, ड्यूरेशन और दूसरे पैटर्न और संभावित खतरों की पहचान कर यूजर्स को स्पैम एक्टिविटीज से यूजर को अलर्ट करता है।

भारती एयरटेल उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सोवन मुखर्जी ने गुरुवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आज के डिजिटल युग में धोखाधड़ी और ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्पैम कॉल्स और संदिग्ध टेक्स्ट संदेशों का खतरा एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इन खतरों से निपटने के लिए एयरटेल ने उत्तर प्रदेश में अपने ग्राहकों के लिए एआई-पावर्ड सेवा पेश की है, जो उन्हें अनचाही परेशानियों से बचाने में सक्षम है। लांच के पहले सात दिनों में ही, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर ने अपनी इस नई सेवा से उत्तर प्रदेश में 112 मिलियन संभावित स्पैम कॉल्स और 6 लाख एसएमएस की पहचान करने में सफलता हासिल की है।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

एक नजर

मकान में शार्ट सर्किट से लगी आग, महिला झुलसी

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-1 निवासी पूनम पांडेय के मकान में बुधवार रात को मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें वह झुलस गई। पड़ोसियों की मदद से उन्हे बचा कर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेंद्र सिंह ने बताया कि पति के मौत के बाद पूनम मकान में अकेले ही रहती थीं।

करंट लगने से संविदाकर्मी झुलसा

अमृत विचार : रतनखंड में गुरुवार को करंट लगने से संविदाकर्मी झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने नबीउल्ला रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। एसडीओ ने बताया कि दोपहर तीन बजे उपभोक्ता की शिकायत पर संविदाकर्मी नीरज (22) सीढ़ी लेकर फॉल्ट को सही करने गया था। इसी दौरान उसका पेचकस डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में छू गया। इससे करंट लग गया। डाक्टरों के मुताबिक कर्मचारी के हाथ में चोट लग गई है।

दुकानदार पर चाकू से हमला

लखनऊ। कृष्णा नगर निवासी अंडा दुकानदार सर्वेश पाल ने युवक सौरभ यादव पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट आलमबाग थाने में दर्ज कराई है। सर्वेश ईको गार्डन पर ठेला लगाते हैं। उनके मुताबिक 27 सितंबर रात सौरभ साथी नितिन के साथ आया था। आरोप है कि सौरभ ने अंडा रोल खाया और बिना रुपये दिए जाने लगा। विरोध पर चाकू से हमला कर दिया।

चोरी की ऑनलाइन एफआईआर कराने को कहा

अमृत विचार, पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृन्दावन सेक्टर 16 बी में रहने वाले इसरार के मुताबिक बीते 27 सितंबर की रात दो बजे कुछ बदमाशों ने उनके बाहर खड़े ई रिक्शे की बैटरी चुरा ली थी। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में उसकी सीसीटीवी फुटेज भी कैद हो गयी थी। पीड़ित इसरार खान पीजीआई थाने शिकायत करने पहुंचा लेकिन सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की गयी और उसे आनलाइन एफआईआर कराने को कहा गया।

पांच लोगों से ठगे 1.30 करोड़, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कृष्णानगर, अलीगंज, कैसरबाग, चिनहट और इंदिरानगर पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार : जालसाजों ने पांच लोगों से 1,30,36,730 रुपये ठग लिए। किसी ने व्यापार को बढ़ाने में मदद मांगकर रुपये हड़प लिए। तो किसी ने सरकारी योजना में निवेश और बिल्डिंग मटैरियल्स आपूर्ति के नाम पर ठगी की। पीड़ितों ने कृष्णानगर, अलीगंज, कैसरबाग, चिनहट और इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कानपुर रोड बारा बिरवां बरिगवां निवासी डॉ. ओमवीर सिंह ने बताया कि उनकी पुरानी पहचान नवी मुंबई खारगर निवासी आसिफ नाजिम खान से थी। एक साल पहले आसिफ ने व्यापार बढ़ाने के लिए 50 लाख रुपये उधार मांगे। रकम उनके खाते में आरटीजीएस कर दिया। काफी समय बीतने के बाद रुपये मांगा तो टालमटोल करने लगे। दबाव बनाया तो जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

एसबीआई के अधिकारी पर 46.54 लाख ठगने की रिपोर्ट : अलीगंज के रवींद्र गार्डन निवासी अमित कुमार सिंह ने बताया कि उनकी जान-पहचान विवेक पांडेय और रचित पांडेय से थी। विवेक एसबीआई में अधिकारी है। दोनों ने सरकारी व गैर सरकारी योजनाओं में निवेश करवाकर अधिक लाभ दिलाने का भरोसा दिया। दोनों के खाते में दो बार में 46,54,511 रुपये ट्रांसफर किया। जब रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने अलीगंज थाने में दोनों भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिल्डिंग मैटेरियल के नाम पर 26.52 लाख हड़पे

अतुल त्रिपाठी की अमीनाबाद शिवाजी मार्ग पर मैसर्स त्रिपाठी इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म है। अतुल के मुताबिक उनसे मूलत : मैसर्स श्री सिद्धेश्वर इंजीनियरिंग इंडिया प्रा. लि. तकिया आजम गन इटावा के धीरज तिवारी जो विशेष खंड गोमतीनगर में रहते है। उनकी कंपनी में पत्नी वंदना तिवारी, जीएम सागर राठौर, लेखाकार संजय कुमार है। कई निर्माण स्थल पर 26,52,219 रुपये का बिल्डिंग मैटेरियल गिरवाया, लेकिन भुगतान नहीं किया। पीड़ित अतुल त्रिपाठी ने प्रमुख सचिव गृह से शिकायत की। कैसरबाग थाने में चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दो से 7.30 लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

साइबर जालसाजों ने चिनहट के मुलामयनगर निवासी शिवबरन यादव के खाते से 2.80 लाख रुपये साफ कर दिए। जानकारी होने पर बैंक में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित की तहरीर पर चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, जानकीपुरम विस्तार निवासी वकील योगेश कुमार लोधी से पानी गाँव इन्दिरा नगर निवासी रितेश राव, उसकी बहन, रितेश की मां, जीजा और सहारा स्टेट जानकीपुरम निवासी गौरव कृष्ण तिवारी उर्फ सागर ने मिलकर ड्रग लाइसेंस व सरकारी अस्पतालों में दवा की आपूर्ति का काम दिलाने के नाम पर 4.50 लाख रुपये ले लिया। आरोपियों ने न लाइसेंस दिलाया और न ही दवा आपूर्ति का काम। जब रुपये मांगा तो धमकी देने लगे। कोर्ट के आदेश पर इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

पुलिसकर्मियों की डीजीपी ने की प्रशंसा

पुस्तिका का विमोचन करते प्रमुख सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस रेडियो मुख्यालय की डिजिटल पुस्तिका का विमोचन

अमृत विचार : पुलिस रेडियो मुख्यालय के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को प्रमुख सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस दूर संचार विभाग की डिजीटल पुस्तिका का विमोचन किया।

इस मौके पर डीजीपी ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह, लोकसभा चुनाव और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर पुलिस रेडियो विभाग के कर्मचारियों की भूमिका की सराहना की। साथ ही महाकुम्भ में बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने की अपेक्षा भी की। इस आयोजन में डीजी दूर संचार संजय तरडे ने रेडियो विभाग की उपलब्धियों को प्रोजेक्टर के जरिए दिखाया। रेडियो निरीक्षक कुंवर राघवेन्द्र प्रताप सिंह और रोनिता कपूर ने महाकुम्भ-2025 में सामने आने वाली चुनौतियों को एक प्रस्तुति के जरिए समझाया। कार्यक्रम में विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान नेता की कार की टक्कर से दंपति की मौत

सड़क पार करते समय हुआ हादसा, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दुबग्गा के आईआईएम रोड पावर हाउस चौराहे पर गुरुवार देर रात किसान नेता की तेज रफ्तार कार ने दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय दंपति टैक्सी से उतरकर सड़क पार कर रही थी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। पुलिस ने बताया कि करीब आधे घंटे तक ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प होती रही। अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से कार चालक की तलाश की जा रही है।

ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद घटना स्थल पर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

पुलिस ने बताया कि हादसे में सीतापुर निवासी राम सहाय (55) और उनकी पत्नी सरला की मौत हो गई है। जांच में सामने आया कि गुरुवार शाम को दुबग्गा के बरावन खुर्द किराए पर रहने वाली बेटी सरिता से मिलने आए थे। पावर हाउस चौराहे के पास टैक्सी से उतरकर सड़क पार करने लगे। तभी भिटौली की तरफ से आ रहे किसान नेता ने तेज रफ्तार में दोनों को टक्कर मार दी। हादसा होते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। इस दौरान गाड़ी पर एक किसान यूनियन का झंडा लगा था, जो टूटकर वहीं गिर गया। ग्रामीणों ने देखा तो सभी आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर दी। कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। हादसे और प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब आधे घंटे तक समया और सभी को सड़क से हटाया, जिसके बाद जाम को खुलवाया गया। इस मामले में एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि सड़क पार करते वक्त अज्ञात कार ने टक्कर मार दी है। जिससे दोनों की मौत हो गई है। मौके पर पुलिस बल मौजूद है। अज्ञात कर चालक की सीसीटीवी फुटेज के जरिए तलाश की जा रही है।

▸▸ आईआईएम रोड पावर हाउस चौराहे के पास हुई घटना

घटना के बारे में सुनते ही बेसुध हो गई पुत्री

बेटी सरिता के पति बाबूराम वहीं कालोनी में परचून की दुकान चलाता है। माता-पिता दोनों की मौत की घटना सुनकर पुत्री सरिता बेसुध हो गई। परिवारीजन ने किसी तरह समझाया। वहीं, कार्रवाई की मांग करते हुए रोने लगी।

पुलिस से हाथापाई, दरोगा का कॉलर पकड़ा

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू किया। पुलिस ने उनको हटाने का प्रयास किया तो नोंकझोंक शुरू हुई। मामला बिगड़ता चला गया। आक्रोशित ग्रामीणों और पुलिस के बीच हाथापाई हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने दरोगा का कॉलर भी पकड़ लिया। अधिकारियों के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ।

एलडीए से तीन भूखंड की फाइल चोरी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एलडीए से तीन भूखंडों की फाइल चोरी हो गई। इस मामले में हाईकोर्ट ने तलब किया तो प्राधिकरण के अवर वर्ग सहायक ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

संजय कुमार गुप्ता एलडीए में अलीगंज योजना के अवर वर्ग सहायक संपत्ति अनुभाग अधिकारी हैं। उनके मुताबिक गोमती नगर के प्राधिकरण कार्यालय में रखी अलीगंज सेक्टर के योजना से संबंधित भूखंड संख्या डी 49, 50 व 51 की मूल पत्रावलियों में कुछ कार्रवाई की जानी थी, मगर जांच करने पर पता चला कि संबंधित तीन भूखंडों की पत्रावली किसी ने चोरी कर लीं थी। उन्होंने बताया कि 25 मई 2023 व चार सितंबर 2024 को आनलाइन शिकायत दर्ज कराया था, मगर बाद में पता चला कि उन्होंने भूलवश गायब होने की धारा में शिकायत दर्ज करा दी है। इस पर संजय कुमार ने 30 सितंबर को गोमतीनगर थाने में दोबारा शिकायत की थी।

वीसी ने दाखिल किए शपथपत्र

वर्ष 1986 की रजिस्ट्री है। उसी मामले में मूल पत्रावलियों की मांग की गई थी, लेकिन पत्रावली विभाग में नहीं मिली थी। कई महीनों तक दौड़ लगाने के बाद पीड़ित ने हाइकोर्ट प्रयागराज में रिट दाखिल कर दी। जांच के दौरान कोर्ट की तरफ से मामले में वीसी के शपथपत्र दाखिल करने के लिए कहा गया था। उसी में गुरुवार को एफीडेबिट दाखिल किया गया।

सभी वाहनों पर एक्सीडेंटल बीमा भी कराया गया

▸▸ पूजा हत्याकांड: सर्वेयर की जांच में हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पूजा यादव हत्याकांड का खुलासा इंश्योरेंस क्लेम की जांच करने के आए सर्वेयर के संदेह पर हुआ। क्लेम हासिल करने के लिए पति अभिषेक ने प्रॉपर्टी डीलर कुलदीप और दीपक वर्मा के साथ सर्वेयर से मुलाकात की। जल्द ही बीमा क्लेम देने का दबाव बना रहे थे।

सर्वेयर को रिश्वत देने का भी प्रयास किया। इस पर सर्वेयर को संदेह हो गया। उसने जांच की तो सामने आया कि पूजा के नाम से कई वाहन फाइनेंस कराए गए थे। सभी का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस भी था। पुलिस सर्वेयर का बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। उधर, पति और ससुर की तलाश में लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

क्लेम जल्द दिलाने के लिए दिया था प्रलोभन

राम मिलन ने बेटे अभिषेक की शादी पूजा से मार्च 2019 में कराई थी। कुछ वक्त बाद ही राम मिलन का सम्पर्क प्रापर्टी डीलर कुलदीप से हुआ। जल्द अमीर बनने की चाहत में कुलदीप और अधिवक्ता आलोक निगम की मदद से पूजा की हत्या करने का प्लान बनाया गया। प्रापर्टी डीलर के कहने पर ही राम मिलन और उसके बेटे अभिषेक ने पूजा के नाम से 50 लाख की एक्सीडेंट बीमा और दस लाख का मुद्रा लोन कराया। साथ ही छह वाहन भी खरीदे। जिनके साथ भी एक्सीडेंटल बीमा कराया था। 17 फरवरी 2023 की सुबह राम मिलन ही बहाने से बहू को लेकर घर से निकला था। मटियारी स्थित परिणामी मंदिर के पास राम मिलन के सहयोगी अभिषेक शुक्ल ने कार से रौंद कर पूजा की हत्या की थी। जिसके बाद क्लेम हासिल करने के लिए प्रयास शुरू हुए। सर्वेयर से कुलदीप, पूजा का पति अभिषेक और अधिवक्ता आलोक निगम मिले। जिन्होंने जल्द से जल्द क्लेम कराने के लिए कहा। आरोपियों ने सर्वेयर को भी प्रलोभन देने का प्रयास किया था। जिसके चलते उसे शक हो गया। अपने स्तर से जांच करने पर पूजा के नाम पर कई एक्सीडेंटल बीमा होने का पता चलने पर सर्वेयर ने ही आपत्ति दाखिल की थी।

दबंगों ने युवती से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज के एक अपार्टमेंट स्थित निजी कंपनी के कार्यालय में काम करने वाली युवती ने चार लोगों पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट इलाके में रहने वाली युवती हजरतगंज में एक निजी कंपनी में काम करती है। युवती के मुताबिक एक अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे दूसरी मंजिल पर स्थित उसके कार्यालय में चार युवक घुस गए। पूछताछ करने पर गालियां देने लगे। विरोध करने पर मारपीट और छेड़छाड़ की। धमकाया कि डायरेक्टर से नहीं मिलाया तो जान से मार दूंगा। साथी कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

फर्जी अकाउंट बना कर युवती की अश्लील फोटो की वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिजनौर क्षेत्र की युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : बिजनौर इलाके की युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि किसी ने उसके दोस्त के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फर्जी अकाउंट बनाया है। उस पर अश्लील तस्वीरें वायरल कर दी। विरोध करने पर एसिड फेंककर चेहरा खराब करने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिजनौर इलाके की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके दोस्त के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फर्जी अकाउंट बना लिया है। उसके माध्यम से निजी तस्वीरें और मोबाइल नंबर अपलोड कर रहा है। तस्वीरों के साथ अश्लील गाने में भी बज रहे हैं। पीड़िता के मुताबिक आरोपी से इस हरकत पर आपत्ति दर्ज कराई तो वह धमकी देने लगा। इसके बाद लगातार व्हाट्सएप कॉल कर परेशान करने लगा। फटकार लगाने पर उसने एसिड फेंककर चेहरा खराब करने की धमकी दी। इंस्पेक्टर अरविंद राणा ने बताया कि तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

ठाकुरगंज पुलिस की हिरासत में शिवा। अमृत विचार

युवक तलवार ले कर गलियों में दौड़ा

अमृत विचार, चौक : ठाकुरगंज क्षेत्र के रज्जबगंज क्षेत्र में एक युवक सकरी गलियों में तलवार लेकर दौड़ता नजर आया। जिससे आसपास के लोग डर गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसका संज्ञान लेते हुए ठाकुरगंज पुलिस ने शिवा त्रिपाठी को हिरासत में ले लिया। ठाकुरगंज एसएचओ श्रीकांत राय मुताबिक पूछताछ में शिवा ने बताया कि वह रील बनाने के लिए ऐसा कर रहा था। वह तलवार उड़ीसा से लेकर आया था। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज करके कार्रवाई की गई है।

रिटायर्ड सैन्यकर्मी के घर से लाखों की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज के त्रिवेणीनगर-2 में चोरों ने रिटायर्ड सैन्यकर्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी पार कर दी। त्रिवेणीनगर -2 स्थित श्रीपुरम निवासी इन्द्र बहादुर गुरुंग सेवानिवृत सैन्यकर्मी है। उनके मुताबिक वह परिवार के साथ बीते 30 सितंबर को देहरादून गए थे। 1 अक्टूबर को उनकी नौकरानी इन्द्र कुमार ने बताया कि चोरों ने उनके घर की अलमारी तोड़कर करीब 40 हजार की नकदी, 20 हजार रुपये कीमत के तांबे के बर्तन और लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी हो गए।

महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर जेवरात उड़ाए

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग बस अड्डा के पास टप्पेबाजों ने महिला को बातों में उलझाया और नशीला पदार्थ सुंघा दिया। फिर उनकी अंगूठी और टाप्स लेकर निकल गए। वजीरगंज गोलागंज निवासी रजनी जोजफ के मुताबिक मंगलवार दोपहर में बारूदखाना के पास सब्जी लेने गई थी। इस बीच पीछे से दो युवकों ने उन्हें मौसी कहकर आवाज दी। । वह रुकी तो दोनों युवक उनके पास आकर अजीब सी बातें करने लगे। इस बीच दोनों ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गई। होश आने पर पाया कि उनके कान के टॉप्स और एक अंगूठी गायब थी। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चन्द्र मिश्र के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

कई बार चक्कर काटन के बाद विमान की लैंडिंग

अमृत विचार, सरोजनीनगर : काठमांडू में मौसम खराब होने के चलते कोलंबों से नेपाल पहुची श्रीलंकन एयरलाइंस के विमान की लैंडिंग नहीं हो सकी। एयरपोर्ट के ऊपर कई चक्कर काटने के बाद विमान को राजधानी स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतारा गया। करीब ढाई घंटे बाद काठमांडू का का मौसम ठीक होने पर उसे रवाना किया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए कोलंबो से सुबह 08:19 बजे रवाना हुई श्रीलंकन एयरलाइंस की उड़ान (यूएल-181) को दोपहर नेपाल की राजधानी काठमांडु पर लैंड करना था। लेकिन वहां मौसम खराब होने के कारण काठमांडू एयरपोर्ट की एटीसी ने विमान को लैंडिंग की अनुमति देने के बजाए चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया।

लोकबंधु अस्पताल से ई रिक्शा चोरी

अमृत विचार, आशियाना : लोकबंधु अस्पताल की पार्किंग में ई रिक्शा खड़ी कर चालक परिजन को देखने चला गया तभी बदमाशों ने उसका ई रिक्शा गायब कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कृष्णानगर की रहने वाली किरण निषाद के मुताबिक श्रवण गौतम उनका ई रिक्शा चलाता है। बीते 29 सितंबर को उसकी पत्नी का लोकबंधु में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। वही पत्नी को देखने गया था और ई रिक्शा अस्पताल की पार्किंग में खड़ा कर दिया। जब लौटकर आया तो रिक्शा गायब था।

सीसी रोड व पक्की नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड स्थित बदाली खेड़ा कॉलोनी की मलिन बस्ती में गुरुवार को पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट ने 250 मीटर सीसी रोड और पक्की नाली निर्माण का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के इस मौके पर संतोष त्रिपाठी, अभय द्विवेदी, राजकुमार गौतम, जयराम यादव, सतीश रावत, राममिलन, रामकुमार गौतम, शुभम उपाध्याय, अभय द्विवेदी, धीरज सिंह, अरुण कुमार पासवान, गणेश पासवान, हरिशंकर पाल, राजेंद्र कुमार गौतम, आदित्य कुमार, छंगालाल पाल, मुन्नीलाल गौतम, नीतीश गौतम, आनंद सिंह और मीना देवी सहित यहां के तमाम लोग मौजूद रहे। पार्षद ने कहा कि विधायक राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व सांसद कौशल किशोर और भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है।

फ्लिपकार्ट वेयर हाउस पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

अमृत विचार : चिनहट इलाके में फ्लिपकार्ट के डिलीवरी ब्वॉय भरत कुमार की हत्या कर मोबाइल लूट ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं मुख्य आरोपी ने बराबंकी कोर्ट में समर्पण कर दिया था। हत्याकांड से नाराज व सहमे हुए परिजन और साथी कर्मचारियों ने सुरक्षा की मांग को लेकर गुरुवार को फ्लिपकार्ट के वेयर हाउस पर प्रदर्शन किया।

पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 25 लाख रुपये की आर्थिक दिए जाने की मांग रखी। उनके साथ भरत के कई सहयोगी भी थे। जिन्होंने भी कैश ऑन डिलवरी के वक्त होने वाले खतरे को देखते हुए सुरक्षा और बीमा की मांग रखी।

फिलपकार्ट के वेयर हाउस पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

10 लाख रुपये और नौकरी देने का दिया आश्वासन

मृतक भरत के भाई प्रेम के मुताबिक वह सात वर्ष से कम्पनी में काम कर रहे थे। इतनी बड़ी घटना होने के बाद कम्पनी ने परिवार की सुध नहीं ली। पूरा परिवार भरत के सहारे था। उसके जाने की कमी तो पूरी नहीं हो सकती पर परिवार को 25 की आर्थिक मदद और नौकरी मिलनी चाहिए। प्रदर्शन के बाद फ्लिपकार्ट की तरफ से 10 लाख रुपये और नौकरी दिए जाने का आश्वासन दिया।

25 से अधिक कुत्ते पालने वाली महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोमतीनगर विपुलखंड निवासी खुमार असलम उर्फ आयशा ने 25 से अधिक कुत्ते पाल रखे हैं। इन कुत्तों के कारण कालोनी के लोग काफी परेशान हो गए। इमरान खान नाम के युवक ने अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि विपुलखंड निवासी इमरान खान ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसकी कार की चपेट में आकर एक पिल्ला घायल हो गया था। जिसको लेकर महिला ने पुलिस से शिकायत न करने के लिए 25 हजार रुपये की मांग की थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि शिकायत पर जब जांच की गई तो मामला सही पाया गया।

कई को काट चुके हैं कुत्ते

कालोनी वासियों से पूछथाछ की गई थी। उसमें सामने आया कि कुत्तों की संख्या बहुत ज्यादा है। घर के बाहर से निकलना मुश्किल है। बच्चे कालोनी में खेल तक नहीं सकते हैं। दौड़ने पर काट लेते हैं। विरोध करो तो पशु प्रेमी का हवाला देते हुए झगड़ा करने लगती है। यही नहीं कई लोगों को कुत्ते काट तक चुके हैं।

इंजीनियरिंग छात्र पर हमला, 10 पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम इलाके में रहकर लखनऊ विश्वविद्यालय बीटेक की पढ़ाई करने वाले छात्र पर आधी रात को दबंगों ने हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर हर्षित सिंह समेत 10 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

मूलतः चंदौली के सकलडीहा निवासी निशांत पांडेय लखनऊ विश्वविद्यालय से बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र हैं। वह पंचशील निवास में किराए पर रहता है। 28 सितंबर की रात 12.35 बजे वह खाना खाने जा रहा था। इसी बीच कब्रिस्तान से सटे रेलवे लाइन के पास विधि छात्र हर्षित सिंह अपने 8-10 साथियों संग उसे घेर लिया। उस पर जानलेवा हमला किया।

सेना के जवान पर दूसरी शादी कर प्रताड़ित करने का आरोप

संवाददाता पीजीआई

▸▸ विरोध पर आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की दी धमकी

अमृत विचार: पीजीआई थाने में आर्मी जवान पर शादीशुदा होते हुए दूसरी शादी करके प्रताड़ित और सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देन का आरोप लगाते हुए एक महिला ने शिकायत की है।

गांधी नगर तेलीबाग निवासी पीड़िता के मुताबिक ऑनलाइन जीवन साथी डॉट कॉम की मदद से उनकी बंथरा के चितलापुर निवासी आर्मी के जवान सचिन कुमार से शादी की बातचीत हुई थी। पीड़िता के मुताबिक बीते 14 दिसंबर 2022 को विवाह हुआ था दहेज में 20 लाख नगद और जेवरात भी लिए थे। कुछ दिन बाद शक होने पर जब उसने जानकारी की तो पता चला कि सचिन पहले से ही शादीशुदा है।

पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो सचिन ने आपत्तिजनक तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। यही नहीं बीते 5 सितंबर 25 लाख रुपये की मांग की, रुपये न दे पाने की असमर्थता जताने पर अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध कर हत्या कर रेलवे पटरी पर फेंकने की बात कही। आरोप है कि लगातार प्रताड़ित करने के बाद वह बीते 19 सितंबर को आरती को तेलीबाग छोड़ गया। महिला ने पति सचिन और उसके परिजन पर पीजीआई थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

छात्र और छात्रा ने फेंदे से लटककर दी जान

अमृत विचार, लखनऊ: इंदिरानगर थाना क्षेत्र में बीएससी के छात्र तो वहीं बिजनौर थाना क्षेत्र में बीए की छात्रा ने फंदे से लटकर जान दे दी।

इंदिरानगर के तकरोही में आनंद मिश्रा (24) का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबि बीएससी का छात्र आनंद को नशे ली लत थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

वहीं बिजनौर थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ गेट नंबर - 2 के पास किराए के मकान में रहने वाले पंकज वर्मा की पुत्री सेजल ने कमरे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पिता ने बताया कि वह बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी।

वकालत संविधान की रक्षा करने का मिशन

संवाददाता सरोजनीनगर

अमृत विचार सरोजनीनगर तहसील कार्यालय परिसर में गुरुवार को सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि वकालत एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा भाव होने के साथ समाज को सुदृढ़ करने और संविधान की रक्षा करने का मिशन है।

कार्यक्रम में विधायक ने संगठन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष ओपी सिंह व संजय तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री समर सेन, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह और मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी सहित संगठन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान संगठन के सभी पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि विधायक राजेश्वर सिंह और एमएलसी संसदीय अध्ययन समिति सुरेंद्र चौधरी से तहसील कार्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था कराने की मांग की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीएन शुक्ला व राजेश कुमार सिंह के अलावा बीजेपी के संयोजक राजेश कुमार आदि सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

समारोह में शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी साथ में विधायक राजेश्वर सिंह।

▸▸ सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

एक नजर

सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप शुक्रवार से गोमती नगर स्थित बीबीडी अकादमी के बैडमिंटन हॉल में खेली जायेगी। 6 अक्टूबर तक खेली जाने वाली इस चैंपियनशिप में राज्य के करीब 250 पुरूष, महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैंपियनशिप के आधार पर राज्य की टीम चुनी जायेगी। चुनी गई टीम दिसम्बर में कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। चैंपियनशिन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास और संघ के अध्यक्ष व प्रसारभारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल करेंगे।

लखनऊ ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 53वीं केविसं राष्ट्रीय खेलकूद क्रिकेट प्रतियोगिता में चौथे दिन गुरुवार को 12-12 ओवर के 12 मैच खेले गए। लखनऊ ने पहले खेलते हुए नौ विकेट पर 95 रन बनाए। जवाब में मुंबई की पारी सात विकेट पर 56 रन बना कर सिमट गई। लखनऊ ने यह मैच 39 रन से जीत लिया। अन्य मुकाबलों में दिल्ली ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 108 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। जवाब में हैदराबाद की टीम 16 रनों पर ही ढेर हो गई। दिल्ली ने हैदराबाद को 96 रनों के बड़े अंतर से हराया। सीएसडी सहारा गोमतीनगर क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में वाराणसी ने बेंगलुरु को 65 रनों से शिकस्त दी। केंद्रीय विद्यालय संगठन में 53वीं राष्ट्रीय खेलकूद क्रिकेट प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 23 संभागों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। सागा क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में कोलकाता ने अहमदाबाद को 37 रन, पटना ने भुवनेश्वर को 5 विकेट, तिनसुकिया ने जबलपुर को 8 विकेट से शिकस्त दी।

लगातार तीसरी बार चैंपियन बना यूपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चंडीगढ़ में आयोजित की गई हॉकी इंडिया सब जूनियर चैंपियनशिप में यूपी के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेरा। उत्तर प्रदेश सब जूनियर टीम ने इस चैंपियनशिप में अपनी खिताबी हैट्रिक पूरी की। उत्तर प्रदेश ने एकतरफा फाइनल में हरियाणा को 7-3 से हरा कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

जीत के हीरो रहे उज्ज्वल पाल ने दमदार खेल दिखाते हुए चार गोल दागे और मुकाबले को एकतरफा बना दिया। खेल के पांचवें मिनट में यूपी को पेनाल्टी स्ट्रोक का मौका मिला, जिसे राहुल यादव ने गोल में बदला।

हॉकी इंडिया सब जूनियर चैंपियनशिप में विजयी यूपी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

सब जूनियर हॉकी इंडिया चैंपियनशिप

10वें मिनट में चिराग के गोल की बदौलत हरियाणा ने 1-1 से बराबरी की। इसके बाद यूपी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और लगातार पांच गोल दागे। इससे यूपी ने 6-1 से बढ़त हासिल कर ली। उज्ज्वल पाल ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और खेल के 12वें, 14वें, 35वें और 47वें मिनट में गोल दागे। इसके बाद खेल के 52वें मिनट में हरियाणा के हैप्पी ने गोल दागने में सफल रहे। ठीक एक मिनट के बाद शाहरुख अली ने गोल करते हुए यूपी को 7-2 की बढ़त दिला दी। मैच के 58वें मिनट में हरियाणा के चिराग ने आखिरी गोल किया। इस तरह यूपी ने 7-3 के विशाल अंतर से जीत दर्ज की और सब जूनियर नेशनल हॉकी में खिताबी हैट्रिक पूरी की।

टाइगर क्लब, पीएमसी व बाराबंकी ने जीते मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 23वें आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में टाइगर क्लब ने मैन ऑफ द मैच अर्पित के आतिशी अर्धशतक से फतेहपुर क्लब को 83 रन से हराया। चौक स्टेडियम पर अन्य मैचों में पीएमसी ने बाल्दा सुपर किंग्स को 91 रन व बाराबंकी जूनियर ने खदरा इलेवन को 7 विकेट से हराया।

आज टाइगर क्लब ने फतेहपुर के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट पर 156 रन बनाए। अर्पित ने 26 गेंदों पर 6 चौके व चार छक्के से 59 रन और कप्तान सुरेंद्र ने 36 रन जोड़े। जवाब में फतेहपुर क्लब 6 विकेट पर 73 रन ही बना सका।

23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

टाइगर क्लब से शुभम को दो विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार टाइगर क्लब के दिशान को मिला। मैन ऑफ द मैच टाइगर क्लब के अर्पित को वाल्मीकि विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, आयोजन समिति के संरक्षक दिलीप घावरी और सचिव रोहित राजन ने पुरस्कृत किया।

आज खेले गए पहले मैच में पीएमसी ने बाल्दा सुपर किंग्स को 91 रनों से शिकस्त दी। पीएमसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 133 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच गौरव ने 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में बाल्दा सुपर किंग्स निर्धारित ओवर में 42 रन ही बना सका। पीएमसी से रोहित को चार व अक्षत को दो विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार पीएमसी के राज को मिला।

दूसरे मैच में बाराबंकी जूनियर ने खदरा इलेवन को 7 विकेट से हराया। खदरा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 135 रन बनाए। ईशान ने 40 व निखिल ने 23 रन जोड़े। जवाब में बाराबंकी जूनियर ने मैन ऑफ द मैच छोटू के उपयोगी 28, शिवा के 31 व समर के 22 रन से 9 ओवर में तीन विकेट पर 140 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। बेस्ट कैच का पुरस्कार खदरा इलेवन के निखिल को मिला। एक अन्य मैच में बीएलटीसी के न आने से निरालानगर क्लब को वाकओवर मिला।

वालीबॉल में कैश-11 टीम बनी विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला रजिस्ट्रार 11 व कैश 11 के बीच हुआ। बेहद रोमांचक हुए इस मैच का नतीजा तीसरे सेट में निकला। पहला सेट जहां कैश 11 ने जीता तो दूसरे सेट में रजिस्ट्रार 11 की टीम भारी पड़ी। अंत में तीसरे सेट में कैश 11 ने जीत दर्ज कर विजेता बनी।

विजेता टीम के कप्तान डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने सभी खिलाड़ियों बधाई दी। वहीं, कैश 11 की ओर से गौरव राय ने शानदार खेल दिखाया। जबकि रजिस्ट्रार 11 के कप्तान डॉ. आरके सिंह और उनकी टीम ने पूरी कोशिश की मगर परिणाम को अपने पक्ष में नहीं कर सकी। मैच रेफरी शिशिर द्विवेदी रहे। इस मौके पर खेल संयोजक प्रो. ओपी सिंह सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

सीआरपीएफ के सामने होगी जीएसटी सेंट्रल चेन्नई की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता शुक्रवार से खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता में देश की श्रेष्ठ 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पद्मश्री मो.शाहिद हॉकी स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में पहले दिन दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहले मुकाबले में सीआरपीएफ के सामने जीएसटी सेंट्रल चेन्नई की टीम होगी, वहीं एक अन्य मुकाबले में आर्मी इलेवन और पीएसबी में भिड़ंत होगी। आयोजन समिति के सदस्य रजनीश मिश्रा के अनुसार प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी हो चुकी

ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू प्रतियोगिता आज से

है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने अधिकांश टीमें गुरुवार शाम तक राजधानी पहुंच गई हैं।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल पांच लाख रुपए की ईनामी राशि दांव पर होगी। विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता टीम को एक लाख रुपये की ईनामी राशि प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा, बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 20 हजार रुपये, बेस्ट गोल कीपर, बेस्ट फुल बैक, बेस्ट फारवर्ड एवं बेस्ट हॉफ को 10-10 हजार रुपये की ईनामी धनराशि प्रदान की जायेगी।

प्रतियोगिता के पूल ए में यूपी इलेवन, जीएसटी सेंट्रल चेन्नई, सीआरपीएफ, पूल बी में एयरफोर्स, इंडियन ऑयल, सीआईएसएफ, पूल सी में कैग, इंडियन नेवी, बीपीसीएल, और पूल डी में आर्मी इलेवन, पीएसबी, मुंबई कस्टम को शामिल किया गया है। लीग चरण के आधार पर प्रत्येक पूल की शीर्ष टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। 12 अक्टूबर को तीसरे स्थान के लिये और फाइनल मैच खेले जायेंगे।

लखनऊ की अंडर-19 और 17 स्कूली क्रिकेट टीम घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मंडलीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लखनऊ मंडल की अंडर 17 वीनू मांकड़ व अंडर-19 सीके नायडू क्रिकेट टीम की घोषणा संयोजक सेंटीनियल इंटर कॉलेज के चयनकर्ता एसके वाटसन ने की।

चयनित अंडर-19 टीम उन्नाव में 4 अक्टूबर से आयोजित मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी जबकि लखनऊ की अंडर-17 टीम लखनऊ में 9 अक्टूबर को आयोजित मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

अंडर-17 : अंशेद्र सिंह चौहान, शिवांशु, अमन अंसारी, शौर्य पाण्डेय, अंशुल तिवारी, आरुष कुमार, अरुण सिंह, सूरज वर्मा, आर्यन शुक्ला, मानवेंद्र सिंह चौहान, धीरज मिश्रा, शुभम यादव, मयंक प्रताप, उत्कर्ष अग्रहरि, पारस साहू, हरिओम त्रिपाठी। रिजर्व : वसी खान, अभिषेक रावत, अविनाश वर्मा, मान अवस्थी, प्रथम तिवारी। कोच : स्वप्निल वाटसन, मैनेजर : संजय

अंडर-19 : मो.जीशान, विशाल यादव, मोहम्मद कैफ खान, कृष्णा भट्ट, श्रेयांश गुप्ता, सौरभ वर्मा, मनी ओझा, मो.यूसुफ, आलोक कुमार यादव, ऋत्विक यादव, आलोक रावत, हादी रजा, शिवशरण द्विवेदी, विक्रम पाण्डेय, सक्षम सिंह, अमन। रिजर्व : अभिनव वर्मा, राज पटेल, आकाश कुमार थारू, मो.नदीम, ऋषभ मोहन गुप्ता। कोच : स्वप्निल वाटसन, मैनेजर : संजय कुमार।

अंश व सम्यक ने दिलवाई ने सीएएल को जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच अंश मिश्रा (नाबाद 99) व सम्यक त्रिवेदी (94) की धुआंधार बल्लेबाजी की सहायता से क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने मेजर एसडी गोविला अंडर-16 ट्रॉफी राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दर्ज की। अलीगढ़ में एएसए ग्राउंड महुआ खेड़ा, ओजोन सिटी पर गुरुवार को खेले गए मैच में क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने कानपुर की चंद्रा क्रिकेट अकादमी को 142 रन से शिकस्त दी। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने निर्धारित 40 ओवर में 3 विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर बनाया।

सलामी बल्लेबाज अंश मिश्रा ने

मेजर एसडी गोविला अंडर-16 ट्रॉफी राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

133 गेंदों पर 12 चौके से शानदार नाबाद 99 रन बनाए। उनका साथ देते हुए सम्यक त्रिवेदी ने 78 गेंदों पर 10 चौके व तीन छक्के से 94 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 187 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दी। चंद्रा क्रिकेट अकादमी, कानपुर से सत्यम कुमार, तरुण द्विवेदी व लक्ष्य मिश्रा को एक-एक विकेट मिले।

जवाब में चंद्रा क्रिकेट अकादमी की टीम 21.3 ओवर में 93 रन पर ऑल आउट हो गयी और जीत से 142 रन दूर हो गया। टीम से प्रिंस यादव (33) व तरुण द्विवेदी (23) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ से पवन सिंह ने 3 ओवर में एक मेडन के साथ मात्र 3 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। अमितेश कनौजिया, राजवीर सिंह को दो-दो और अमन यादव को एक विकेट मिला।

कथारंग का दो दिवसीय रंगोत्सव कल से

प्रेस वार्ता में जानकारी देतीं नूतन वशिष्ठ व अनुपमा शरद, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साहित्यिक संस्था कथा रंग फाउंडेशन की ओर से 5 व 6 अक्टूबर को राजधानी में रंगोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में दो दिवसीय इस साहित्यक आयोजन में बच्चे, बूढ़े और युवा सभी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

रंगोत्सव के बारे में कथारंग फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. नूतन वशिष्ठ ने गुरुवार को पार्क रोड स्थित जेसी कैफे में पत्रकारों को बताया कि इस आयोजन में पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह बतौर मुख्य अतिथि और पद्मश्री मालिनी अवस्थी और प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

कथारंग की सचिव अनुपमा शरद ने बताया कि इस आयोजन में अमृता प्रीतम की कहानी जंगली बूटी, मैत्रेयी पुष्पा की कहानी ललमनिया, प्रेमचन्द की कहानी मंत्र और बाल कहानी पंडित की सात भूख कहानियों का पाठ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न भाषाओं में लिखी रामायण के अंशों को लेकर बुनी कहानियां संगीत के साथ सुनने को मिलेंगी। इसकी परिकल्पना नूतन वशिष्ट की है और लेखन विनीता मिश्रा ने किया है। इस आयोजन में डॉ. अमिता दुबे के उपन्यास एकांतवासी शत्रुघ्न के अंशों का पाठ अपूर्वा अवस्थी करेंगी।

प्रेस कांफ्रेंस में कौन्तेय जय, डॉ. अपूर्वा अवस्थी, पुनीता अवस्थी और अनमोल मिश्र भी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

रन फॉर डीएवी मैराथन में प्रतिभागी। अमृत विचार

रन फॉर डीएवी मिनी मैराथन का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर -18, इंदिरा नगर लखनऊ में 2 अक्टूबर को गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर विद्यालय में 'रन फॉर डीएवी' मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार पाण्डेय ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पार्पण किया तथा उनके विचारों से बच्चों को अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार गांधी जी समय की पाबंदी एवं स्वच्छता को लेकर गंभीर थे। शास्त्री जी अपने निर्णय पर अटल रहने वाले व्यक्ति थे। इन्ही विचारों के साथ हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत करवाई। छात्रों ने शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ लगभग 2 किलोमीटर तक दौड़कर मैराथन को सफल बनाया।

जोया और शजर ने जीते स्वर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित हुई 68 वी राज्य स्तरीय माध्यमिक ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चौक स्टेडियम के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। चौक स्टेडियम के तीन खिलाड़ी जोया खान, शजर बानो, हुसैन मेहंदी आगामी होने वाली एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करेंगे। जूनियर बालिका वर्ग में जोया खान ने अंडर-63 वेटकैटेगिरी में और अंडर-35 वेटकैटेगिरी में शजर ने स्वर्ण पदक जीते। जूनियर बालिका वर्ग में अंडर-68 वेटकैटेगिरी में प्रिया पाण्डेय और अंडर-35 वेट कैटेगिरी में शाहीन बानो ने रजत पदक जीते। सब जूनियर बालक वर्ग में अंडर-29 वेटकैटेगिरी में हर्ष गौर ने कांस्य पदक जीते।

पौधरोपण करते बैंक के पदाधिकारी। अमृत विचार

आर्यावर्त बैंक ने आयोजित किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : स्वच्छता ही सेवा है अभियान- 2024 के अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ आर्यावर्त बैंक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों ने एक पौधा लगाया जिसका शीर्षक एक पेड़ मां के नाम रखा गया। आर्यावर्त बैंक के अध्यक्ष संतोष एसके साथ, महाप्रबन्धक अरविंद कुमार सिंह, समीर देशपांडे और सहायक महाप्रबंधक पवन वीरसहाय, आरके जोशी शामिल थे। इनके साथ चेयरमैन सचिव राघवेंद्र सिंह, शशांक पटेल, सीनियर मैनेजर नितेश तिवारी मैनेजर सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम एनवीसीसी-काम्पलेक्स गोमती नगर लखनऊ में आयोजित किया गया। अध्यक्ष ने कहा आज हम एक बैंक के रूप में नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिकों के रूप में एकजुट हैं। इसका उद्देश्य कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों को पर्यावरण की देखभाल में सक्रिय रूप से शामिल करना है, यह दर्शाते हुए कि सामूहिक प्रयासों से महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। आर्यावर्त बैंक विभिन पहलों के माध्यम से सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। और यह अभियान स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के बीच महत्वपूर्ण संबंध को याद दिलाता है।

फिलिस्तीन के अधिकारों का पीपुल्स फ्रंट ने किया समर्थन

अमृत विचार, लखनऊ : फिलिस्तीन में इजराइल द्वारा जारी नरसंहार को तत्काल रोकने के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के अनुसार युद्ध विराम करने और इजराइल द्वारा कब्जा की गई जमीन को वापस करने, भारत सरकार द्वारा फिलिस्तीन नीति में किए गए बदलाव को रद्द करने और इजराइल को हथियारों की मदद रोकने के सवालों पर 7 अक्टूबर को वामपंथी दलों ने फिलिस्तीन अधिकारों के साथ एकजुटता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा का आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने समर्थन किया है। आईपीएफ के कार्यकर्ता इस आयोजन में शामिल होंगे। आईपीएफ ने देश के सभी प्रगतिशील लोगों और शक्तियों से अपील की है कि वह 7 अक्टूबर को फिलिस्तीन अधिकार दिवस के रूप में मनाएं। इजराइली नरसंहार के प्रति अपना विरोध व्यक्त करें और फिलिस्तीनियों के स्वतंत्र राष्ट्र के अधिकार के प्रति अपने समर्थन का इजहार करें। इस आशय का निर्णय आज ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की राष्ट्रीय कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक में लिया गया। यह जानकारी आईपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसआर दारापुरी ने दी।

यूपी कैंप में लखनऊ की 11 महिला क्रिकेटर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ की 11 महिला क्रिकेटरों का चयन यूपी कैंप में किया गया है। 5 और 6 अक्टूबर को यह कैंप कानपुर के कमला क्लब ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसमें चयनित खिलाड़ियों के बीच ट्रायल मुकाबले आयोजित होंगे। प्रदर्शन के आधार पर यूपी सीनियर महिला टीम का चयन किया जाएगा। कैंप के लिए लखनऊ से चयनित खिलाड़ियों में आरजू सिंह, सोनाली सिंह, शिल्पी यादव, संध्या यादव, काजल टम्टा, आयुषी श्रीवास्तव, तनु सिंह, देवयानी शर्मा, मान्या मिश्रा, अन्वेषा चटर्जी और अंशू तिवारी शामिल हैं।

संगीत का सुखद अहसास दे गई कार्यशाला के बाद हुई प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, सत्रीय केंद्र गुवाहाटी और भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 17वें सत्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया है। गायन विभाग की ओर से आयोजित त्रिदिवसीय बरगीत कार्यशाला 3 अक्टूबर को सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में असम के गुनींद्रनाथ ओजा को आमंत्रित किया गया था।

समारोह के दूसरे दिन के दूसरे सत्र में 17वें सत्रीय संगीत समारोह के लिए भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के कलामण्डपम प्रेक्षागृह में सत्रीय संगीत परंपराओं

समारोह में बरगीत गाती असम की संगीता चमुअ व अन्य। अमृत विचार

कलामण्डपम प्रेक्षागृह में हुआ 17वां सत्रीय संगीत समारोह

से संबंधित कला प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। जिसमें विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह, प्रेक्षक के रूप में डॉ. कुमकुम धर, समीक्षक के रूप में आलोक पराड़कर, विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक मौजूद रहे। कला प्रस्तुतियों की श्रृंखला में पहली प्रस्तुति बरगीत की एकल गायन की थी जो असम की संगीता चमुअ ने प्रस्तुत की।

असम के मनुरंजन बोरा और जतिंद्र महंत ने खोल वादन की जुगल प्रस्तुति दी। तीसरी प्रस्तुति भी बरगीत की जुगल प्रस्तुति थी जो संगीता कटकी कुंवर और मीनाक्षी सैकिया (असम) द्वारा दी गई। समारोह के पहले दिन की अंतिम प्रस्तुति त्रयी वादन की थी जिसमें मनोज कुमार दास, असम खोल पर थे, राज खुशीराम पखावज पर और मनोज कुमार मिश्र ने तबला पर एक साथ वादन प्रस्तुतियां दीं।

सभी कलाकारों की प्रस्तुतियां सफल रहीं। कार्यक्रम के अंत में कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह ने अंगवस्त्र भेंट कर सभी कलाकारों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संजोयन विश्वविद्यालय की गायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन नंदिनी मिश्रा ने किया।

राजस्व वसूलने की कारगर रणनीति बनायें अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता ने गुरुवार को राजस्व वसूली के अभियान की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को किसी भी तरह के बवाल से बचने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नये बिजली कनेक्शनों को विभाग की ओर से तय समय सीमा मे ही देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्य अभियंता वीके सिंह ने बताया कि कर्मचारी और अधिकारियों को राजस्व वसूली के लिए कारगर रणनीति बनाने के लिए कहा है। इसके साथ ही त्योहारी सीजन में बेवजह किसी के कनेक्शन को काटने मे सतर्कता बरतने के आदेश दिए है।

गांधी भवन प्रेक्षागृह में नाटक चिपको आंदोलन का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

'चिपको आंदोलन' में दिखा अदम्य साहस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कला-संस्कृति

अमृत विचार : अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान (एबीएसएस) ने गांधी जयंती नाट्य महोत्सव-2024 की दूसरी संध्या पर राजेंद्र तिवारी के लेखन व निर्देशन में नाटक चिपको आंदोलन का मंचन किया। गुरुवार को गांधी भवन प्रेक्षागृह में मंचित इस नाटक में लखनऊ, हरदोई, मुंबई और देश के लगभग सभी क्षेत्रों के कलाकार शामिल हुए।

नाटक चिपको आंदोलन वनों की सुरक्षा पर आधारित है। उत्तराखंड के रेनी गांव की महिलाओं द्वारा पर्यावरण एवं वनों की सुरक्षा के लिए एक अनोखा आंदोलन करके 1973 में एक नया इतिहास रच दिया था। ठेकेदारों द्वारा की जा रही पेड़ों की कटान रोकने के लिए महिलाएं पेड़ काट रहे मजदूरों के सामने जान की परवाह किए बिना पेड़ों से लिपट गईं थी और ऐलान किया था कि पेड़ों को काटने से पहले हम सब को काटना पड़ेगा। ऐसा साहस करने वाली महिला के साथ उस क्षेत्र की बहुत सी महिलाएं एवं पुरुषों ने भी आंदोलन में पुरजोर समर्थन दिया, जिससे पेड़ कटान के ठेकेदार को जनता के सामने झुकना पड़ा और पेड़ों की कटान को रोकना पड़ा।

ऐसा अदम्य साहस दिखाने वाले सुंदर लाल बहुगुणा, गौरा, चंडी प्रसाद भट्ट, घनश्याम रतूड़ी और धूम सिंह नेगी जैसे साहसी लोगों के आंदोलन को हमेशा याद रखा जाए इस मकसद से इस नाटक को तैयार किया गया।

नाटक में देविका पटेल, परशुराम लोखंडे, संगीता मिश्र, प्रतीक्षा गुप्ता, काव्या मिश्रा, मोनिका भारती, साकेत राय, दीपक यादव, अरुण बीरो, संतोष बाग, शिवदान नायक, विशाल दुबे, कार्तिक पिल्लई, रंजन देहूरी, अभय यादव, नकुल शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, सूर्य प्रधान, संतोष बाबुलकर आदि कलाकारों ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

नाट्य समारोह करने के लिए मुम्बई से आई टीम द्वारा प्रस्तुत यह नाटक अश्वनी शुक्ला, अंजना तिवारी, गणेश रावत, अमित तिवारी, ललित पांडेय, निष्ठा तिवारी, राकेश वर्मा और राकेश तिवारी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

एक नजर

अशोक सिंह देखेंगे मुख्य कर निर्धारण अधिकारी का काम

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट के 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद अशोक सिंह उनके समस्त कार्य देखेंगे। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने इसका आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि अशोक सिंह लखनऊ नगर निगम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी रह चुके हैं। उनका ट्रांसफर दो महीने पहले ही लखनऊ नगर निगम में हो चुका था। वह अलीगढ़ नगर निगम से 30 सितंबर को लखनऊ के लिए रिलीव हो चुके थे। उन्होंने 1 अक्टूबर को पदभार संभाल लिया था।

संपत्ति अनुभाग में नहीं दो अपार्टमेंट की फाइलें

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के दो अपार्टमेंट की गायब संपत्ति विभाग में नहीं हैं। जो कई साल से ढूंढी नहीं जा सकी हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने समीक्षा की तो फाइलें न मिलने पर नाराजगी जताई। एलडीए के संपति अनुभाग में हजरतगंज स्थित गोल्डन क्रस्ट अपार्टमेंट व विपुल खंड के अवध अपार्टमेंट की फाइलें नहीं हैं। प्राधिकरण के दोनों अपार्टमेंट सबसे पुराने हैं। जिनकी फाइलें काफी समय से नहीं हैं और ढूंढी भी नहीं जा सकी हैं। दोनों अपार्टमेंट के फ्लैट पूर्व में ही बिक चुके हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने हाल में अपार्टमेंट की समीक्षा की थी। उस समय फाइलें न मिलने की बात सामने आई थी। संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की चेतावनी देकर फाइलें ढूंढने के निर्देश दिए हैं। वहीं, अफसरों के मुताबिक रिकार्ड काफी पुराने हैं, जो अन्य अनुभाग में रखे हैं। प्राधिकरण कार्यालय का विस्तार होने से व्यवस्थित नहीं हो पाए हैं।

धड़ल्ले से बेच रहे थे मिलावटी घी और बिरयानी, जांच में खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खाद्य सामग्री की कराई गई थी जांच, वेज, नॉनवेज बिरयानी के साथ ही खराब मिला था देशी घी
- माल जब्त कर दुकान स्वामी के खिलाफ की कार्रवाई, दुकान को सील कर कारोबार करने से रोका
- 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक 206 खाद्य सामग्रियां ऐसी मिलीं जिनके नमूने मानकों के अनुरूप नहीं मिले, 184 खाद्य सामग्रियां अद्योमानक मिलीं

अमृत विचार : त्योहारी सीजन में आप खरीददारी कर रहे हैं तो जरा संभलकर.. कहीं ऐसा न हो कि बाजार में मिल रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ आपके त्योहार का मजा किरकिरा कर दें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि वेज, नॉनवेज बिरयानी और देशी घी में मिलावट कर बेचा जा रहा था। विभाग ने बिक्री पर रोक लगाते हुए दुकान स्वामियों को

नोटिस दिया है। साथ ही देशी घी जब्त कर लिया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक चलाए गए अभियान में विभाग के जो आंकड़े है वो चौंकाने वाले हैं। इस अवधि में 20 खाद्य पदार्थ ऐसे मिले जिनका सेवन सेहत के लिहाज से खराब है। इनको असुरक्षित माना गया। साथ ही 206 खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं मिले हैं। 184 खाद्य पदार्थ अद्योमानक मिले हैं। सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय विजय प्रताप सिंह ने बताया कि ऐसे विक्रेताओं को नोटिस देकर कार्रवाई की गई है। इनके खिलाफ मामला एडीएम कोर्ट में चल रहा है।

त्योहार पर सैंपलिंग के लिए बनाईं 6 टीमें

अमृत विचार, लखनऊ : त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न हो सके इसके लिए 6 टीमें बनाई गई हैं। विभिन्न क्षेत्रों में जाकर टीमें दुकानदारों को जागरुक करेंगी कि मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेंचे। इसके बाद भी अगर मिलावटी और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थ बेचे गए तो नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विजय प्रताप सिंह ने बताया कि नवरात्र के कारण देशी घी, मावा, मिठाई, सिंघाड़े और कुट्टू के आटे समेत अन्य सामग्री के सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे। मिठाई बेचने वाले प्रत्येक दुकानदार को यह लिखना जरूरी है कि उसे कब तक प्रयोग किया जा सकता है।

जयनगर और राधिकापुर से दिल्ली के लिए चलेंगी दो ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आगामी त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन ने जयनगर व राधिकापुर से दिल्ली के लिए दो स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

दिल्ली-जयनगर द्वि साप्ताहिक त्योहार स्पेशल

ट्रेन नंबर 04006 दिल्ली-जयनगर त्योहार स्पेशल 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर, 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, एवं 26 नवम्बर, प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से रात 11.05 बजे गाजियाबाद से रवाना होगी जो कि दूसरे दिन मुरादाबाद, बरेली होते हुए लखनऊ सुबह 08.30 बजे, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी होकर जयनगर रात्रि 11.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 04005 जयनगर-दिल्ली त्योहार स्पेशल 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 अक्टूबर, 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24 एवं 28 नवम्बर प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को जयनगर से देर रात्रि 01.30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ शाम 5.10 बजे, दिल्ली देर रात्रि 01.30 बजे पहुंचेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस

ट्रेन नंबर 14012 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 06 अक्टूबर से आनन्द विहार टर्मिनस से रात्रि 11.45 बजे रवाना होकर दूसरे दिन गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, चन्दौसी, सीतापुर, गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, तीसरे दिन बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, नौगछिया, कटिहार, सोनैली, सालमारी, बारसोई, रायगंज, कालियागंज होते हुए राधिकापुर सुबह 7 बजे पहुंचेगी। वापसी में 14011 राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अक्टूबर से राधिकापुर से सुबह 10.30 बजे प्रस्थान कर आनन्द विहार टर्मिनल शाम 6.50 बजे पहुंचेगी।

15 दिन पहले अनारक्षित टिकट बुक करा सकेंगे श्रद्धालु

लखनऊ : आगामी महाकुम्भ मेला को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष सुविधा देने की तैयारी की है। रेलवे प्रशासन के अनुसार मेला के आयोजन के दौरान श्रद्धालु और अन्य यात्री 15 दिन पूर्व अनारक्षित टिकट जारी करवा सकते हैं। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी के अनुसार अनारक्षित टिकट पर यह सुविधा 9 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक प्रभावी रहेगी। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यात्री अपने अनारक्षित यात्रा टिकटों को अपनी यात्रा प्रारम्भ करने से अधिकतम 15 दिन पूर्व भी जारी करवा कर अपनी यात्रा कर सकते हैं।

काजू पिस्ता रोल खाने के बाद बिगड़ी बच्चे की तबीयत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लिया था नमूना

अमृत विचार : आशियाना में एक मिठाई की दुकान का काजू पिस्ता रोल खाकर बच्चे की तबीयत बिगड़ गई थी। शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने छापा मारकर सैंपल लिया था। दुकान स्वामी के खिलाफ कार्रवाई न होने पर शिकायतकर्ता ने सोशल मीडिया पर संदेश वायरल कर दिया।

दुकान में छापा मारने के बाद विभाग ने आगे कोई कार्रवाई नहीं की। गुरुवार को शिकायतकर्ता ने सोशल मीडिया पर संदेश वायरल कर दिया। इसमें कहा गया कि मिठाई दुकान के भीतर कर्मचारी नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। गंदगी से मिठाई तैयार की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई 23 सितंबर को हुई थी। शिकायत के अनुसार दुकान से खरीदे गए काजू पिस्ता रोल को खाने के बाद खरीदार के बच्चे की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद एफएसओ को जांच का निर्देश दिया गया। मौके पर एफएसओ ने काजू पिस्ता रोल के नमूने लिए।

वायरल मैसेज के अनुसार जहां मिठाई बन रही थी वहां बिना दस्ताने और सेफ्टी कैप के कर्मचारी काम करते मिले। किचन में साफ सफाई भी नहीं थी। एफएसओ देवेश सिंह ने कारोबारी को नोटिस दिया था। सहायक आयुक्त द्वितीय विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मामला 10 दिन पुराना है। शिकायत आने पर तुरंत खाद्य निरीक्षक को मौके पर भेजा था। जिस खाद्य पदार्थ के घटिया होने की शिकायत थी उसका नमूना लिया गया था।

चीनी लहसुन को लेकर मारा छापा

अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने चीनी लहसुन को लेकर चारबाग, दुबग्गा, चंदरनगर आदि मंडियों में छापा मारा। हालांकि टीम को वहां कुछ नहीं मिला। चीन लहसुन पर 19 वर्षों से प्रतिबंध है। वर्ष 2005 में भारत सरकार ने इस पर रोक लगाई थी। चीनी लहसुन हाइब्रिड होता है और खेती में बहुत ज्यादा पेस्टीसाइड का उपयोग किया जाता था। ऐसे में यह लहसुन सेहत के लिए हानिकारक माने गए।

8.25 करोड़ में सिर्फ 45 लाख किए खर्च, फटकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीपीआरओ ने की बीकेटी और माल ब्लॉक की समीक्षा

अमृत विचार : जिले में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के लिए मिला 8.25 करोड़ बजट में मात्र 45 लाख रुपये खर्च किए गए। केंद्र व राज्य वित्त की धनराशि भी पूरी खर्च नहीं की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर को समीक्षा में लापरवाही मिलने पर सचिवों को फटकार लगाई।

उन्होंने गुरुवार विकास भवन कार्यालय में बीकेटी और माल ब्लॉक की एडीओ पंचायत व सचिवों के साथ विकास कार्यों व भुगतान की समीक्षा की। इस दौरान केंद्र व राज्य वित्त आयोग की धनराशि पूरी खर्च न होने पर नाराजगी जताई। जो इस माह और प्रगति बढ़ाते हुए और 10 फीसद खर्च करने के निर्देश दिए। वहीं, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के लिए आवंटित 8.25 करोड़ रुपये में 45 लाख खर्च होने पर सचिवों को फटकर लगाई। बीकेटी के बेहटा गांव में पंचायत भवन का लिंटर, इंटरलॉकिंग व माल की आंट ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल अधूरा होने पर संबंधित सचिवों को कार्रवाई की चेतावनी देते हुए एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी गांव में कूड़ा गाड़ी चलाकर घर-घर कूड़ा कलेक्शन करने को कहा। बैठक में जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी, अभिषेक गुप्ता व जिला परियोजना प्रबंधक कृष्ण प्रताप सिंह रहे।

सार-संक्षेप

गांधी भवन में आयोजित प्रतियोगिता में निबंध लिखते बच्चे।

बापू के आदर्शों को आत्मसात करें

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के दूसरे दिन निबंध लेखन, संगीत एवं लघुनाटिका प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपिता के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सभी बच्चों को बापू के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चल कर देश को आजादी दिलाई। जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी संग्रहालय देखा। कार्यक्रम में बाल निकुंज इंग्लिस स्कूल, द आफ पब्लिक स्कूल, रानीलक्ष्मी गर्ल्स इंटर कालेज, सिटी मांटेसरी स्कूल सहित लगभग 75 स्कूलों के 2000 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रामजनम सिंह, सदानन्द, लक्ष्मण प्रसाद आदि मौजूद रहे।

आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में भाजपा सदस्य बनने वाले छात्र-छात्राओं के साथ भाजपा नेता नीरज सिंह।

भाजपा के सदस्य बने 800 छात्र-छात्राएं

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा ने सदस्यता अभियान का दूसरा चरण शुरू कर दिया है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने गुरुवार को आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में टैबलेट वितरित किए। टैबलेट वितरण कार्यक्रम के बाद उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 800 छात्र-छात्राएं भाजपा के सदस्य बने। इस दौरान संस्थान के चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल, सचिव चित्रांशु अग्रवाल, निदेशक प्रोफेसर डॉ. सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, डीन एकेडमिक दुर्गेश वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर हलवासिया कोर्ट हाल में आयोजित बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर में 3 लाख से अधिक सदस्य जोड़े गए हैं। सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। मंडल के कमजोर शक्ति केंद्र और बूथ को चिह्नित कर वहां लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। 6 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 प्राथमिक सदस्य बनाना अनिवार्य है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि दूसरे चरण में भी विभिन्न कॉलोनी, मोहल्ले, बस्ती और संस्थानों में जाकर सदस्यता अभियान चलाना है। इस दौरान एमएलसी मुकेश शर्मा, प्रवीण गर्ग, मोहसिन राजा, अशोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

सरकारी सहायता न मिलने पर ट्रांसपोर्टरों ने दिए चेक

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसपोर्ट नगर हादसे में घायलों के उपचार में उपेक्षा की बात सामने आई तो ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल एवं वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन मदद को आगे बढ़े। ट्रांसपोर्टरों ने मिलकर उपचार के लिए परिजनों को 25-25 हजार रुपये के चेक दिए। 7 सितंबर को तीन मंजिल बिल्डिंग गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई थी जबकि 28 लोग घायल हुए थे। इनमें गंभीर रूप से घायल मजदूर प्रवीण और अनूप कुमार मौर्य को सरकारी सहायता व मुआवजा न मिलने का आरोप है। उपचार परिजनों द्वारा अपने खर्च पर कराया जा रहा है। जबकि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। गुरुवार को ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल एवं वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने उपचार के लिए परिजनों को 25-25 हजार रुपये के चेक दिए। इस दौरान अध्यक्ष टीपीएस अनेजा, कोषाध्यक्ष दिलमीत सिंह सेठी और मीडिया प्रभारी राज नारायण सिंह उपस्थित रहे।

समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 26 से करेंगे कार्यबंदी

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की। जिसमें निकाय कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराने का अनुरोध किया गया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल की आधे घंटे चली वार्ता में महासंघ द्वारा किये गए आंदोलन, पत्राचार और शासन स्तर पर हुईं बैठकों की मंत्री को जानकारी दी गई। जिस पर मंत्री ने 25 से पहले मांगों पर बैठक करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री व शासन स्तर पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो हम सभी 26 अक्टूबर से सभी इकाइयां एक साथ कार्यबन्दी करेंगी। प्रतिनिधि मंडल में राम कुमार रावत अध्यक्ष अवध क्षेत्र, प्रदेश प्रवक्ता कैसर रजा, आरपी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ, अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष मो. हनीफ, उप्र नगर निगम चतुर्थ श्रेणी के उपाध्यक्ष विजय यादव, अमित सिंह, संजय चन्द्रा, सुधाकर मिश्रा, विनय दुबे आदि उपस्थित थे।

जगह का चयन कर हटाईं जाएं डेरियां

अमृत विचार, लखनऊ : डेरियों का विस्थापन गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है। नगर निगम शहर से बाहर इसके लिए जगह चयनित करे। डेरियां ऐसी जगह विस्थापित की जाएं जहां मलमूत्र निस्तारण की पूरी व्यवस्था हो।

शहरी क्षेत्र में डेरी विस्थापन को लेकर डीएम सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम के जगह चयनित करने के बाद डेरी विस्थापन का काम एलडीए और आवास विकास परिषद इसको विकसित करे। डेरियों के विस्थापन से पूर्व नगर आयुक्त बाईलॉज के तहत सार्वजनिक नोटिस निकाल जाए। जो डेरी सार्वजनिक स्थल, पार्क रोड पर संचालित हो रही हों उनको तत्काल प्रभाव से जन स्वास्थ्य की दृष्टि से प्राथमिकता के साथ हटाया जाए।

बैंक खाते सीज करके व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा जीएसटी विभाग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- व्यापारियों ने जीएसटी मुख्यालय में आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, जताया विरोध
- सीज बैंक खाते खोलने व मामलों का जल्द निस्तारण कराने की मांग की

अमृत विचार : भारतीय उद्योग व्यार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारियों ने गोमती नगर स्थित जीएसटी मुख्यालय में आयुक्त नितिन बंसल को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया।

व्यापारियों का कहना है कि बिना नोटिस भेजे व वैट के समय के मामलों में बकाया दिखाकर बैंक अकाउंट सीज किये जा रहे हैं। व्यापारियों ने सीज बैंक खाते खोलने और मामलों का जल्द निस्तारण कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि त्योहार के समय व्यापारियों के बैंक खाते सीज करने से व्यापार ठप हो जाता है। वरिष्ठ महामंत्री ने स्टेट जीएसटी की सचल दल व एसआईबी द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश सरकार क़ी ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की अवधारणा के विपरीत है। व्यापारियों को परेशान करके कुछ अधिकारियों द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ साजिश की जा रही है। आयुक्त ने सीज बैंक खातों के मामलों का निस्तारण करने, धारा 129 व 130 में सुधार करने व व्यापारियों का उत्पीड़न न होने का आश्वासन दिया।

जीएसटी आयुक्त को ज्ञापन देते हुए व्यापारी।

वार्ता में संगठन के लखनऊ महानगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ताजपुरिया व महामंत्री श्याम सिंघल, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, कानपुर से महानगर संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता कुक्कू, वरिष्ठ मंत्री संजय भदौरिया, टास्क फोर्स संयोजक पवन गौड़ व अन्य जिलों से अनुराग साहू, जीतेन्द्र चौहान, सुशील तोमर, अतहरुद्दीन, नदीम खान, मोहित तिवारी, शोभित सिंह, विवेक सिंह आदि उपस्थित थे।

होटल में विदेशी महिला की तबीयत बिगड़ी, मौत

संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने शुरू की जांच, भारत भ्रमण पर आई थी महिला

अमृत विचार : नीदरलैंड से भारत भ्रमण पर आई मार्गरेटा (75) की बुधवार देर शाम होटल ट्यूलिप इन में तबीयत बिगड़ गई। उनको आनन-फानन आलमबाग के अजंता अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर आलमबाग एसएस महादेवन ने बताया कि नीदरलैंड से भारत पर्यटन के लिए लखनऊ पहुंची मार्गरेटा की बुधवार देर शाम स्टेशन रोड स्थित होटल ट्यूलिप इन के कमरे में अचानक से हालत बिगड़ गई। साथ में मौजूद परिजन इलाज के लिए अजंता अस्पताल ले गए जहां जांच उपरांत अस्पताल के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना दी। इंस्पेक्टर के अनुसार मृतका 20 सितम्बर को पति, बेटी व दो भतीजियों के साथ टूरिस्ट वीजा पर भारत पर्यटन के लिए मुंबई पहुंची थी। जहां से गोवा होते हुए आगरा पहुंची । आगरा से 1 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचे और स्टेशन रोड पर स्थित होटल ट्यूलिप इन में कमरा बुक कराया। होटल के कमरे में मार्गरेटा की तबीयत खराब होने से मौत हो गई।

अतिक्रमण ध्वस्त, चबूतरे आवंटन का रास्ता साफ

लखनऊ : सीतापुर रोड योजना से प्रभावित किसानों के लिए चूबतरे आवंटन का रास्ता साफ हो गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अभियान चलाकर प्राधिकरण की अर्जित भूमि खाली कराकर कब्जे में ले ली है। जल्द लीज प्लान बनेगा। सीतापुर रोड योजना की अर्जित जमीन पर एलडीए ने दो दिन में बुलडोजर चलाकर बने दुकान, गोदाम, कॉम्पलेक्स आदि निर्माण पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए हैं।

अभियान के दौरान कुल 25 बीघा जमीन करीब 55 करोड़ कीमत की खाली कराकर कब्जे में ली है। साथ ही मलबा उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस अर्जित जमीन पर किसानों को भरण-पोषण के लिए चबूतरे आवंटित किए जाएंगे। करीब 1400 किसानों को चबूतरे लंबित हैं। जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि जल्द उच्च अधिकारी स्तर से लीज प्लान बनाया जाएगा।

साईं बाबा की मूर्ति हटाने पहुंचे हिंदू नेता गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज थाने के पास स्थित ओम नमो नारायण जनता मंदिर में पहुंचकर दी धमकी
- पुजारी की तहरीर पर दर्ज हुई प्राथमिकी, देर शाम को गिरफ्तार, साथियों की तलाश जारी

अमृत विचार : हजरतगंज थाने के पास स्थित ओम नमो नारायण जनता मंदिर में स्थापित साईं बाबा की मूर्ति को हटाने के लिए हिंदू नेताओं ने हंगामा किया। मंदिर से मूर्ति हटाने के लिए कहा। पुजारी के विरोध करने पर धमकी दी कि मूर्ति तोड़कर उठा ले जाएंगे। इस मामले में पुजारी की तहरीर पर शिशिर और उसके सात-आठ साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। देर शाम को हिंदू नेता शिशिर चतुर्वेदी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति हटाने का विवाद बढ़ता जा रहा है। वाराणसी के बाद लखनऊ में भी मंदिरों से प्रतिमा हटाने की मांग होने लगी है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने राजधानी में साईं बाबा की मूर्तियों को हटाने की मांग की। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा, साईं बाबा को मंदिरों में पूजा के लिए स्थान नहीं मिलना चाहिए। उनका यह बयान वाराणसी में शुरू हुए साईं प्रतिमा विवाद के बाद आया है, जिसने अब लखनऊ में भी हलचल मचा दी है। हिंदू महासभा का तर्क है कि साईं बाबा को हिंदू देवी-देवताओं की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता, और इसीलिए उन्हें मंदिरों में स्थान नहीं दिया जाना चाहिए।

मूर्ति तोड़कर उठा ले जाएंगे

शिशिर चतुर्वेदी अपने सात-आठ साथियों के साथ गुरुवार दोपहर हजरतगंज थाने के पास स्थित ओम नमो नारायण जनता मंदिर पहुंचे। वहां साईं बाबा की मूर्ति हटाने की कोशिश की। इस पर पुजारियों ने विरोध किया तो धमकी दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले ही वहां से शिशिर अपने साथियों के साथ निकल गया। पुलिस ने पुजारी बद्रीनाथ पांडेय की तहरीर पर शिशिर चतुर्वेदी और सात-आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं, देर शाम को हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा के मुताबिक शिशिर को अभी शांतिभंग की धारा में जेल भेज जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

जुरासिक पार्क की कमियां दूर करेगी कंपनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक सप्ताह में कंपनी चिह्नित करेगी कमियां
- बेहतर संचालन के लिए लोगों से लेगी सुझाव

अमृत विचार : गोमती नगर स्थित जुरासिक पार्क की कमियां जल्द कंपनी द्वारा दूर की जाएगी। संचालन के दौरान कमियां चिह्नित करके पार्क को और बेहतर व संचालन के इंतजाम किए जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने कंपनी को निर्देश दिए हैं।

जनेश्वर मिश्र पार्क के पांच एकड़ में बना जुरासिक पार्क बुधवार से लोगों के लिए खोला गया है। जहां, रोबोटिक व निष्प्रयोज्य सामग्री से बने डायनासोर देखने वालों की सुबह शाम क्षमता से अधिक भीड़ हो रही है।

लखनऊ के अलावा आसपास जिलों के लोग परिवार समेत पहुंच रहे हैं। इस वजह से तमाम अव्यवस्था हैं और इंतजाम अधूरे हैं। बच्चों आधा टिकट तय नहीं हो पाया है। जबकि भीड़ के हिसाब से स्टॉफ की कमी है।

टिकट को लेकर भी लंबी कतार लगती है। इन सभी कमियां को पार्क का संचालन करने वाली कंपनी सप्ताह भर में चिह्नित करके दूर करेगी। लोगों के सुझाव लेगी और पार्क को और बेहतर बनाने व संचालन करने के इंतजाम करेगी। कमियां दूर होने के बाद पार्क का उद्घाटन किया जाएगा।

वहीं, गुरुवार को दूसरे दिन भी पार्क में खूब भीड़ रही। आसपास जिलों से लोग डायनासोर देखने आए।

ऐसे चले तो 10 तक भी नहीं भर पाएंगे सड़कों के गड्ढे

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम जिस गति से काम कर रहा है ऐसे चले तो सड़कों के गड्ढे भरने और पैचवर्क का काम 10 अक्टूबर तक भी पूरा नहीं हो पाएगा। गुरुवार तक नगर निगम लगभग 26.7 प्रतिशत सड़कों के गड्ढे ही भर पाया है। जिससे आम जन सड़कों पर गड्ढों के बीच चलने को मजबूर हैं। नगर निगम को शहर की लगभग 310 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरने हैं। नगर निगम का दावा है कि गुरुवार तक लगभग 83 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरे जा चुके हैं। मुख्य अभियंता महेश वर्मा का कहना है कि गुरुवार को गड्ढामुक्ति और पैचवर्क के कई टेंडर खोले गए हैं। शुक्रवार से गड्ढे भरने के साथ पैचवर्क के काम में तेजी आएगी। 10 अक्टूबर तक गड्ढे भरने और पैचवर्क का काम पूरा हो जाएगा।

वहीं, नगर निगम ने शहर की लगभग 354 किलोमीटर सड़कें नवीनीकरण के लिए चिन्हित की हैं। 15वें वित्त की 150 करोड़ की धनराशि से यह काम किया जाना है। नगर निगम नवीनीकरण के लिए अभी टेंडर ही निकाल पाया है तो काम कब शुरू करेगा।

एलडीए के 400 से अधिक कर्मियों का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मानव संपदा पोर्टल पर नहीं दिया चल-अचल संपत्ति का ब्योरा
- छह अधिकारी भी शामिल सितंबर का रोका गया वेतन

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के 400 से अधिक कर्मचारियों द्वारा चल-अचल संपत्ति का ब्योरा न देने पर सितंबर का वेतन रोक दिया है। साथ ही यह कार्रवाई ब्योरा न देने वाले छह अधिकारियों पर भी की गई है। तय समय पर वेतन नहीं आया तो कर्मचारियों को इसकी जानकारी हुई।

सरकार ने अधिकारियों व कर्मचारियों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मांगा है। जो 30 सितंबर तक मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करना था। इसमें लखनऊ विकास प्राधिकरण के कर्मचारी व अधिकारी पीछे रहे। करीब 400 से अधिक कर्मचारियों ने निर्धारित समय पर संपत्ति का ब्योरा अपलोड नहीं किया। साथ ही छह अधिकारियों ने भी ब्योरा नहीं दर्शाया। इन सभी का सितंबर का वेतन रोक दिया गया है। गुरुवार को कर्मियों के खातों में वेतन नहीं आया तो एक-दूसरे से चर्चा करने पर रोके जाने की जानकारी हुई और खलबली मच गई। वहीं, कर्मियों का कहना है संपत्ति का ब्योरा देने का लिखित आदेश नहीं मिला था।

एक नजर

सब्जी मंडी में भाजपा नेता पर हमला, सिर फोड़ा

अमृत विचार, हरदोई : मंडी में सब्ज़ी खरीद रहे भाजपा के बूथ अध्यक्ष की वहीं घेराबंदी कर लाठी-डंडों से हमला कर सिर फोड़ दिया गया। कोतवाली शहर की आवास विकास कालोनी निवासी विश्वनाथ पाण्डेय भाजपा बूथ अध्यक्ष हैं। वह गुरुवार को फल/सब्ज़ी मंडी में सब्ज़ी खरीदने पहुंचे। वहां ऑटो से पहुंचे लोगों ने घेराबंदी कर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने लहूलुहान बूथ अध्यक्ष को मेडिकल कालेज पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक विश्वनाथ ने आरओ प्लांट से पानी मंगवाया था, उसी के 100 रुपये उधार हो गए। डिलीवरी ब्वाय ने उनसे कई तकादा किया लेकिन उसे पैसे नहीं दिए गए। फिर बाद में परेवा का हवाला देते हुए पैसे नहीं दिए गए।

दुराचार प्रकरण में दस वर्ष कठोर कारावास की सजा

अमृत विचार, बाराबंकी : अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोर्ट संख्या-36 ने बलात्संग की घटना में सत्यनाम पुत्र रामप्रसाद निवासी किस्तीपुर तीरगांव थाना सतरिख को 10 वर्ष कठोर कारावास व 12 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। 15 जुलाई 2023 को वादी ने बेटी के साथ बलात्कार करने का आरोप लगा थाना सतरिख पर सत्यनाम पुत्र रामप्रसाद निवासी किस्तीपुर तीरगांव थाना सतरिख के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर मामले के साक्ष्य जुटाए गए। तात्कालीन विवेचक निरीक्षक नारदमुनि सिंह ने वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। सुनवाई के बाद गुरुवार को कोर्ट ने दोषी को सजा सुनाई।

लखनऊ और बरेली समेत 5 मंडलों में जल्द होगा ट्रेड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केंद्र सरकार से सभी मंडल मुख्यालय पर एग्जिबिशन सेंटर बनाने की मांग : सचान

अमृत विचार : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की सफलता से उत्साहित राज्य सरकार अब मंडल स्तर पर भी ट्रेड शो आयोजित करने में जुट गई है। जल्द ही इसकी शुरूआत 5 मंडल मुख्यालय लखनऊ, बरेली, वाराणसी, आगरा और नोएडा से की जाएगी। साथ ही केंद्र सरकार से सभी मंडल मुख्यालयों पर एग्जिबिशन सेंटर बनाने की मांग भी की गई है।

लोकभवन में एमएसएमई विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि आगरा, वाराणसी और लखनऊ में तीन यूनिटी मॉल स्थापित कर रहे हैं। यहां पर हम आर्टिजन के प्रोडक्ट्स को जगह देंगे। बरेली में भी स्मार्ट सिटी के माध्यम से एक मॉल लिया है जबकि नोएडा में पहले से ही व्यवस्था है। केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि हर मंडलीय मुख्यालय में इस तरह का एक एग्जिबिशन सेंटर बने, ताकि आर्टिजन को सस्ते में अपने प्रोडक्ट्स को डिस्प्ले करने का मौका मिले।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि ट्रेड शो में वियतनाम को हमने पहली बार पार्टनर कंट्री के रूप में जोड़ा था। वियतनाम भी प्रदेश के बुद्धिस्ट सर्किट में टूरिज्म और टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टर में जुड़ने को उत्सुक है।

राकेश सचान

ट्रेड शो में 10 हजार करोड़ के व्यवसाय की पड़ी नींव

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में कुल 10 हजार करोड़ की इंक्वायरी और लीड्स मिली है। जूट का थैला बनाने वालों को भी 5 करोड़ का ऑर्डर मिला जबकि वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी को भी 5 करोड़ का ऑर्डर मिला।

न्यायमूर्ति संगीता चन्द्रा की कोर्ट के बहिष्कार का प्रस्ताव वापस

लखनऊ, विधि संवाददाता : न्यायमूर्ति संगीता चन्द्रा की कोर्ट के बहिष्कार का प्रस्ताव गुरूवार को अवध बार एसोसिएशन ने वापस ले लिया है।

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने 27 सितंबर को एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा के आचरण को आपत्तिजनक मानते हुए, उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का केस चलाने के लिए प्रकरण को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित किया है। बार के महामंत्री मनोज द्विवेदी ने बताया कि न्यायमूर्ति एआर मसूदी से भेंट के बाद बहिष्कार का प्रस्ताव वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

रेवेन्यू इंस्पेक्टर व सफाईकर्मी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

तहसील से रेवेन्यू इंस्पेक्टर को घसीटते हुए ले गई विजिलेंस टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जमीन को गड्ढे में दिखाने की धमकी देकर शिकयतकर्ता से मांग रहे थे बीस हजार रुपये

अमृत विचार : एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को प्रयागराज में विजिलेंस टीम ने सदर तहसील में रेवेन्यू इंस्पेक्टर और सफाई कर्मचारी को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। विजिलेंस की टीम उनको घसीटते हुए तहसील परिसर से अपने साथ ले गई।

प्रयागराज में विजिलेंस टीम ने सदर तहसील में रेवेन्यू इंस्पेक्टर (सर्वे) फहीमुद्दीन को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। रेवेन्यू इंस्पेक्टर (सर्वे) फहीमुद्दीन के साथ सफाई कर्मचारी विनय कुमार को भी रिश्वत के ही मामले में पकड़ा गया है। फहीमुद्दीन बड़ा बघाड़ा कर्नलगंज और विनय कुमार सेहुंवाडीह फूलपुर केनिवासी हैं।

राजापुर कैंट निवासी विजय बहादुर पटेल उर्फ बबलू पटेल की भूमिधरी जमीन कछारमऊ में है। विजय का कहना है कि उसकी जमीन पर 2022 में संजय सिंह, अबरार अहमद द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था, जबकि विपक्षी की वास्तविक जमीन दूसरी आराजी संख्या में है और जमीन गड्ढे में है। एसडीएम से शिकायत करने पर टीम गठित कर जांच हुई, जिसमें जमीन विजय के पिता के नाम पाई गई। बाद में संजय, अबरार सहित छह अन्य लोगों ने जमीन की पुनः पैमाइश कराने के लिए एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र दिया, जो फहीमुद्दीन के पास लंबित है। विजय के मुताबिक, रेवेन्यू इंस्पेक्टर धमकी दे रहे थे कि अगर 20 हजार नहीं दिए तो तुम्हारी जमीन को गड्ढे में दिखा दूंगा। रिश्वत दिए जाने की बात तय हो गई तो विजय ने विजिलेंस टीम से संपर्क किया। रिश्वतखोरी में फहीमुद्दीन के साथ सफाई कर्मी विनय भी शामिल था। दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

वंदेभारत पर पत्थरबाजी में एक आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : वाराणसी में पांच सितंबर को वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थरबाजी के एक आरोपी को एटीएस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। वह चंदौली के मुगलसराय में किराए पर रहता है।

इस मामले में एटीएस ने पहले पवन कुमार साहनी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में हुसैन उर्फ शाहिद का नाम सामने आया। गुरुवार को उसे मुगलसराय से गिरफ्तार कर लिया गया। हुसैन मूलरूप से बिहारा के भागलपुर के इशहाकचक का रहने वाला है।

कुछ दिनों से रेलवे ट्रैक पर मिल रहे अग्निशमन यंत्र जांच में रेलवे के पाए गए। एडीजी जीआरपी ने एनआर, एनईआर, एनसीआर, डब्ल्यूसीआर और ईसीआर के महाप्रबंधकों को ध्यान देने के लिए पत्र भेजा है ताकि इन यंत्रों का सेफ्टी ऑडिट कराया जा सके।. इस संबंध में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को भी गंभीरता से विचार करने के लिए पत्र भेजा गया है।

पटाखा फैक्ट्रियों के लाइसेंस के निरीक्षण के लिए चलेगा एक सप्ताह का विशेष अभियान

बरेली में पटाखे बनाते समय हुए विस्फोट के बाद डीजीपी ने दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बरेली पटाखा गोदाम में विस्फोट की घटना से सबक लेते हुए पुलिस प्रदेश में रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने गुरुवार से 9 अक्टूबर तक इस अभियान को चलाने का निर्देश दिया है। इस अभियान के लिए एडीजी, पुलिस आयुक्त, आईजी रेंज, डीआईजी, एसएसपी को पत्र लिखा है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि जिन फैक्ट्रियों को लाइसेंस दिया गया है, उनका निरीक्षण डिप्टीएसपी, उपजिलाधिकारी, इंस्पेक्टर और अग्निशमन की टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान वीडियोग्राफी व दस्तावेजी अभिलेख भी तैयार करने होंगे।

डीजीपी प्रशांत कुमार

▸▸ एडीजी, पुलिस आयुक्त, आईजी रेंज, डीआईजी, एसएसपी को पत्र लिखा

जिसका सत्यापन उच्चाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। हादसों खासकर रासायनिक आग से निपटने की तैयारी की समीक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि हादसों के समय काम करने वाले कर्मचारियों और प्रबंधकों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की जांच जरूरी है। पटाखों के भंडारण और बिक्री के स्थानों पर पर्याप्त अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की जाए। बाल श्रम के मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए। अवैध कारखानों, भंडारण व बिक्री और ढुलाई की गोपनीय रिपोर्ट तैयार की जाए। अवैध फैक्ट्री व भंडारण पाए जाने पर बंद कर उस पर तत्काल कार्रवाई हो। लाइसेंस और चिह्नित स्थानों पर ही बिक्री की जाए, साथ ही बाजार रिहायशी इलाके से दूर होने चाहिए। भविष्य में अगर आग, विस्फोट जैसी कोई घटना होती है तो संबंधित चौकी प्रभारी, बीट प्रभारी, थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करके तद्नुसार उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।

राजधानी में अधिवक्ताओं की टीम को मिले 97 निराश्रित

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सरकारी अमले को सिर्फ 35, बाकी जिलों के निराश्रितों का विवरण भी किया तलब

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इधर-उधर भटकते और सड़कों के किनारे पड़े हुए निराश्रित लोगों के सम्बन्ध में लखनऊ के अलावा बाकी जिलों का डाटा भी तलब किया है। वहीं न्यायालय के पूर्व के आदेश के अनुपालन में गठित युवा अधिवक्ताओं की टीम ने राजधानी के 97 निराश्रितों का विवरण कोर्ट को सौंपा है। वहीं सरकारी अमले ने सिर्फ 35 निराश्रितों की पहचान की है। मामले की अगली सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवायी के दौरान अधिवक्ताओं की टीम द्वारा एकत्रित किये गए डाटा को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि 97 में से 25 लोग ऐसे हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। वहीं न्यायालय ने सरकार द्वारा बाकी जिलों के सम्बन्ध में डाटा न प्रस्तुत करने पर नाराजगी भी जतायी। अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय को बताया गया कि सर्वेक्षण करते समय उनकी टीम को रेलवे ट्रैक के आसपास कुछ बच्चे भी इधर-उधर घूमते दिखायी दिए।

लूट के दर्जनभर मोबाइल समेत तीन शातिर गिरफ्तार

अमृत विचार, बाराबंकी: लूट व चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इनके कब्जे से लूटे गए 12 मोबाइल, नकदी व एक बाइक बरामद की गई है।

पुलिस ने मो. सिराज, सलमान व जावेद अंसारी को बोहनिया तालाब के पास गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से कुल 12 मोबाइल फोन, 1470 रुपये नकद तथा घटना में प्रयोग की गई बाइक सीडी डीलक्स बरामद की। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि इनका एक गैंग है जो लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। इन लोगों ने करीब दो माह पहले थाना रामनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की जेब से एक मोबाइल रियल मी चोरी किया था।

सपा और बसपा ने फिर भाजपा को घेरा

न्याय के लिए आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित कर रही सरकार : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन निर्दोष लोगों को झूठे मामलों में फंसाती है और दोषियों को बचाने का काम किया जा रहा है। हाथरस में दलित बेटी के जबरन दाह संस्कार या बीएचयू में गैंगरेप का मामला हो, इस सरकार में न्याय नहीं मिला। सरकार ने आरोपियों को संरक्षण दिया जबकि पीड़िता के पक्ष में न्याय के लिए आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान मे कहा कि वाराणसी आईआईटी, बीएचयू गैंगरेप का विरोध करने वाले 13 छात्र-छात्राओं का भाजपा सरकार निलम्बन कर रही है। सरकार की शह पर विश्वविद्यालय की तानाशाही बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि सभी आरोपी भाजपा के कार्यकर्ता हैं, इसीलिए यह सरकार उन्हें बचाने के लिए हर हथकंडे अपनाती है।

आखिलेश यादव

हाथरस भगदड़ मामले में भोलेबाबा को राज्य सरकार का संरक्षण : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले में दाखिल चार्जशीट पर राज्य सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चार्जशीट में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा का नाम नहीं होना जनविरोधी राजनीति है। इससे साबित है कि ऐसे लोगों को राज्य सरकार का संरक्षण है, जो अनुचित है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि दो जुलाई को भगदड़ में हुई मौत में ज्यादातर महिलाएं व बच्चे शामिल थे। चार्जशीट में 11 सेवादारों को आरोपी बनाया गया है। वहीं, सूरजपाल के अधिवक्ता एपी सिंह ने कहा कि यह सरकार को बदनाम करने का एक प्रयास है। पूर्व मुख्यमंत्री को ऐसी क्या परेशानी है कि वह लोगों के दुख की परवाह किए बिना अब भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना को उछाल रही हैं।

मायावती

सेमेस्टर में शुभम और वार्षिक परीक्षा में इकरा को पहला स्थान

उप्र. प्राविधिक शिक्षा परिषद परीक्षाओं के परिणाम घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मेरिट सूची में शीर्ष 10 स्थानों पर आने वाले छात्र-छात्राएं मेडल और नकद पुरस्कार से सम्मानित होंगीं

अमृत विचार: उप्र. प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा जून 2024 में आयोजित सम-सेमेस्टर, वार्षिक और विशेष बैक पेपर परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सेमेस्टर परीक्षा में जहां आजमगढ़ के छात्र शुभम वर्मा ने 86.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया वहीं, वार्षिक परीक्षा में सागर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, फिरोजाबाद की छात्रा इकरा खान ने 82.96 प्रतिशत अंकों के साथ वार्षिक परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया।

सचिव अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षा में एम्बीशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वाराणसी के आकाश कुमार मौर्या ने 85.74 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी संस्थान के अजय कुमार ने 84.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। वहीं, वार्षिक परीक्षा में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, प्रयागराज की अंजली यादव ने प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड रिसर्च, उन्नाव की मरियम फातिमा ने 82.26 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिषद द्वारा मेरिट सूची में शीर्ष 10 स्थानों पर आने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

प्राविधिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के निर्देशानुसार इस बार पहली बार डिजिटल मूल्यांकन की व्यवस्था लागू की गई, जिसमें 150 राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों ने भाग लिया।

उत्तीर्ण विद्यार्थियों में छात्राएं आगे रहीं

सेमेस्टर परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 60 .06 प्रतिशत रहा, जबकि वार्षिक परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 41 .24 प्रतिशत रहा। सेमेस्टर परीक्षा में 28 .3 प्रतिशत छात्र और 42 प्रतिशत छात्राएं सफल हुईं।

अनुचित साधनों के प्रयोग पर 284 के परिणाम रोके

परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग में शामिल 284 छात्रों के परिणाम रोक दिए गए हैं। इसके साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं में मोबाइल नंबर अंकित करने वाले छात्रों को संबंधित विषय में शून्य अंक दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है।

फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में परोसेंगे फलाहारी व्यंजन

सुविधा

▸▸ महाकुंभ-2025 को लेकर तैयारियां जोरों पर, टूरिज्म विभाग तैयार कर रहा है मेन्यू

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की भी व्यवस्था कर रहा है। यह तैयारी टूरिज्म विभाग की तरफ से महाकुंभ 2025 को लेकर विशेष रूप से किया जा रहा है। यह विशेष सुविधा प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्रृद्धालुओं के इस व्यंजन में कुछ ध्यान दिया जाएगा। इसमें बगैर लहसुन और प्याज वाले व्यंजन बनाने की भी तैयारी है। कुट्टू और सिंगाड़े के आटे से तैयार फलाहार को मेन्यू में शामिल करने की तैयारी अभी से शुरु हो गई है।

महाकुंभ को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी में जुटे है। वहीं टूरिज्म विभाग ने भी कुंभ में चार चांद लगाने के लिए कोई कसर नही छोड़ा है। विभाग की ओर से महाकुंभ 2025 को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अलग से व्यवस्था की जा रही है। महाकुंभ में लोगों को अलग और विशेष अनुभव देने के लिए बगैर लहसुन और प्याज से बने व्यंजन बनाने की तैयारी है। इस रेस्टोरेंट में फलाहार से जुड़ी खाने की वस्तुएं भी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए कुट्टू और सिंगाड़े के आटे से तैयार फलाहार को मेन्यू में शामिल करने की तैयारी अभी से शुरु हो गई है। सिंगाड़े के आटे से बनी पकौड़ी से लेकर कढ़ी और कचौड़ी के अलावा प्रयागराज के प्रसिद्ध लोकनाथ में व्रत में प्रयोग होने वाले सामानों को भी मेन्यू में शामिल करने की तैयारी चल रही है। टूरिज्म विभाग की तरफ से शुरु की गई फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के साथ ही होटल ईलावर्त में सात्विक थाली की शुरुआत की गई है। प्रबंधक डीपी सिंह ने बताया कि इसमें बगैर लहसुन और प्याज के व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं। इसकी कीमत 299 रुपये रखी गई है। यह लोगों को पसंद आ रही है।

पांच को सश्रम कारावास की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार: कोर्ट ने मारपीट की घटना में पांच अभियुक्तों को 3-3 वर्ष सश्रम कारावास व 5-5 रुपये अर्थदंड लगाया। थाना बदोसरांय पर मारपीट की घटना के संबंध में पंजीकृत केस के अभियुक्त गोलीराम व राजबहादुर, कमलेश, राकेश व नारेन्द्र निवासी गोसुवापुर थाना बदोसरांय को मामले की धाराओं में न्यायालय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या- दो ने दोषसिद्ध करते हुए 3-3 वर्ष सश्रम कारावास व 5-5 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार वादी शिवपाल पुत्र देवकली निवासी गोसुवापुर थाना बदोसराय की ओर से दी गई सूचना के आधार पर विपक्षीगण द्वारा गंभीर मारपीट के संबंध थाना बदोसरांय पर पांचों के खिलाफ केस पंजीकृत किया गया।

30 साल पहले पाकिस्तान से आये चार परिवारों को मिली नागरिकता

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: भाजपा से सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयास से 30 वर्षों से विस्थापन का दर्द झेल रहे शहर में रहने वाले चार परिवारों को नागरिकता मिल गई है। सिंधी परिवारों के 15 लोगों को सीएए कानून के तहत मिली नागरिकता सभी ने सदर विधायिका को धन्यवाद दिया है।

नागरिकता पाने वाले कुमार लाल ने बताया कि पाकिस्तान में सिंध प्रांत के जिला शखर के पनोव आकिल कस्बे में हम लोगों का किराने का बड़ा कारोबार था। लेकिन आए दिन पाकिस्तानियों के द्वारा होने वाले जुल्म से परेशान होकर लगभग 30 वर्ष पहले अपना घर व कारोबार छोड़कर वहां से भाग आए थे। इसके बाद यहीं पर रहकर अपना कारोबार कर रहे थे, लेकिन काफी प्नयास के बाद भी नागरिकता नहीं मिल रही थी। इसके कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। लेकिन पीएम द्वारा जब 2024 को सीएए कानून लागू होते ही हम लोगों ने आवेदन किया। कागजी कार्रवाई के कारण काफी भाग दौड़ करनी पड़ी। इसके बाद हम सभी लोगों ने सदर विधायक अदिति सिंह से मदद की गुहार लगाई। उन्होंने उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के सीएए प्रभारी अशोक पांडे को पूरे मामले से अवगत कराया और मात्र तीन महीने के अंदर सभी लोगों के नागरिकता प्रमाण पत्र जारी हो गए। नागरिकता पाने वाले सभी लोगों ने प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और सदर विधायक का आभार जताया।

सरयू में मिले शव की हुई पहचान, हत्या की आशंका

अमृत विचार, बाराबंकी : एक दिन पूर्व सरयू नदी के किनारे मिले विवाहिता के शव की पहचान हो गई है। मृतका गोण्डा जिले की रहने वाली थी जो अकेले ही दवा लेने बाराबंकी निकली थी। बुधवार को ग्राम माझा गुनौली के पास सरयू के पानी में महिला का शव उतराते ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। गुरुवार की दोपहर तक विवाहिता की शिनाख्त नहीं की जा सकी थी। पुलिस के अनुसार बाराबंकी में रहने वाले इमरान ने चचेरी बहन की शिनाख्त की।

बजता है सायरन, भागकर बैरक में लेते हैं शरण

ईरान का इजराइल पर हमले के बाद से रात भर जाग रहे परिजन, श्रमिकों से बोले अब घर चले आओ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: लाखों मील दूर ईरान द्वारा इजराइल पर दागी जा रहीं मिसाइलों से जिले के कुछ परिवारों की नींद उड़ गई है। इन परिवारों के सदस्य अपने परिवार का पेट पालने के लिए केंद्र सरकार की मदद से मजदूरी करने के लिए पिछले कई माह से इजराइल में हैं। दोनों देशों की लड़ाई के चलते इन श्रमिकों के परिजनों की नींद उड़ी हुई है। परिजन बोल रहे हैं कि अब घर चले आओ। वे वीडियो कॉल के जरिए अपने परिवार के सदस्य का हालचाल ले रहे हैं।

जिले के करीब तीन से चार सौ श्रमिक इन दिनों इजराइल में रहकर काम कर रहे हैं। इस बीच एक अक्तूबर की रात ईरान द्वारा इजराइल के कुछ ठिकानों पर मिसाइलें दागी गईं। इससे इजराइल में काम कर रहे श्रमिकों के परिजनों की नींद उड़ गई है। देवा ब्लॉक के साल्हेनगर की नई बस्ती के कई परिवारों के सदस्य काम करने वहां गए हैं। यहां के निवासी भवंर सिंह के भाई राकेश तेल अवीव-याफो शहर में मजदूरी कर रहे हैं। हमले के बाद भवंर ने भाई राकेश सिंह से वीडियो कॉल पर बात की। श्रमिक राकेश ने भाई से कहा कि उनके मोबाइल पर दो मिनट पहले सायरन बजता है, इसके बाद वह अपने अन्य साथियों के साथ भागकर बंकर के अंदर जाकर अपने को सुरक्षित करते हैं। इसी गांव के दिनेश भी इजराइल में हैं। उनकी पत्नी ने बताया कि एक अक्तूबर की रात में पति से फोन पर बात हुई। नवाबगंज के एक गांव के श्रमिक मंगल सिंह भी वहीं हैं। इनके भाई महेंद्र सिंह ने उनसे बातचीत की। इस बारे में सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह बताते हैं कि इजराइल में युद्ध के संबंध में श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर उनके विभाग में कोई दिशा-निर्देश नहीं आया है। यह भारत सरकार से जुड़ा मामला है।

वीडियो कॉल पर राकेश से बात करता उसका भाई भंवर सिंह। अमृत विचार

टीवी पर इजराइल के हालतों के बारे में जानकारी लेते ग्रामीण। अमृत विचार

श्रमिक दिनेश सिंह की पत्नी।

बुलडोजर से मकान ढहाने वाले तीन लोग गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

गोंडा कार्यालय

कार्रवाई

▸▸ शनिवार की रात दबंगों ने जेसीबी लगाकर ढहा दिया था निर्माणाधीन मकान

अमृत विचार: बुलडोजर लगाकर निर्माणाधीन मकान ढहाने वाले तीन आरोपियों को धानेपुर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि घटना का मास्टरमाइंड अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

धानेपुर के देवरिया अलावल गांव में एक निर्माणाधीन मकान को दबंगों ने शनिवार की रात बुलडोजर लगाकर ढहा दिया था। मामले में पीड़ित अतीकुर्रहमान ने धानेपुर थाने में देवरिया अलावल गांव के रहने वाले दिलावर खां, इकबाल, अबू खां, खुज्जन व सिराज तथा चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली थी कि घटना में शामिल कुछ आरोपी गोंडा उतरौला मार्ग पर जोतिया मोड़ के पास खड़े हैं और भागने की फिराक में हैं। इस सूचना पर उपनिरीक्षक जयहिंद ने मौके पर पहुंचकर आरोपी फरहान व अरमान निवासी लोहराजोत थाना कोतवाली नगर तथा अनवर निवासी पूरे अकराम राजापुर थाना धानेपुर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में आए थे।

मुख्य आरोपी दिलावर समेत नामजद आरोपी फरार : पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की पहचान कर भले ही उन्हे गिरफ्तार कर लिया है लेकिन इस दुस्साहसिक वारदात का मुख्य आरोपी दिलावर खान व उसके नामजद सहयोगी अभी फरार हैं। एसओ सुनील सिंह का कहना है कि दिलावर व उसके सहयोगियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गईं।

यद्यत्संदृश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मानुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

संपादकीय

ऐतिहासिक फैसला

सैकड़ों वर्षों से चली आ रही जातीय भेदभाव की परिपाटी समाज से पूरी तरह हटाई नहीं जा सकी है। जेल में कैदियों के साथ जातीय आधार पर भेदभाव किया जाना ज्यादा गंभीर इसलिए है,क्योंकि जेल शासन व्यवस्था का एक हिस्सा है,जो देश के संविधान और कायदे-कानूनों से संचालित है। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को एक जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कुछ राज्यों की जेल नियमावली के भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खारिज कर दिया तथा जाति आधारित भेदभाव,काम के बंटवारे और कैदियों को उनकी जाति के अनुसार अलग वार्डों में रखने के चलन की निंदा की। हालांकि यह बुराई समाज से ही जेल में पहुंच रही है,परंतु इसे रोकने का दायित्व तंत्र का है। याचिका में उदाहरणों के साथ बताया गया कि देश की कई जेलों में खाना बनाने जैसे काम कथित ऊंची जाति के कैदियों को सौंपा जाता है,जबकि झाड़ू लगाने और शौचालयों की सफाई करने जैसे कार्य कुछ खास निचली जातियों के कैदियों को दिए जाते हैं। देश के बहुत से राज्यों में जेल मैनुअल जाति के आधार पर इस तरह के कार्य विभाजन की इजाजत देते हैं। हालांकि 2003 का मॉडल जेल मैनुअल कहता है कि कार्य विभाजन सुरक्षा,अनुशासन और संस्थानिक कार्यक्रमों के आधार पर ही होना चाहिए।

भारत में जेल प्रणाली पर भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कायम रखने का आरोप है, जिसमें जाति पदानुक्रम के आधार पर श्रम का विभाजन और बैरकों का जाति आधारित अलगाव शामिल है। न्यायालय ने जेल मैनुअल नियमों की आलोचना करते हुए इसे एक तरह से मौलिक समानता के विपरीत कहा। जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए भारतीय संविधान में अनुच्छेद 15, 16 और 29 में प्रावधान है। भारत के संविधान में अनुच्छेद 15 में कहा गया है कि राज्य किसी भी नागरिक के खिलाफ केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए और जेल प्रणाली को कैदियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला सही है। राज्य व केद्र शासित प्रदेशों को जेल नियमावली में बदलाव के निर्देश से साबित है कि भारतीय जेलों में जातिगत भेदभाव जारी नहीं रहने दिया जाएगा। उम्मीद की जाए कि राज्यों के जेल मैनुअल को अपडेट करते समय सभी आवश्यक कदम उठाते हुए इस तरह के चलन पर जल्द से जल्द रोक लगाई जाएगी।

श्रद्धा भाव का नाम है, किसी कर्मकांड का नहीं

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रीतियां परिस्थितियों के अनुसार बदलती रही हैं, बदल रही हैं और बदलती रहेंगी। रही बात अंधविश्वास की तो उसके विवेचन के लिए लोकजीवन से जुड़ना ही होगा। कभी आदिवासियों के जीवन में जाकर देखें कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से उनके बीच कितने प्रकार के कर्मकांड किए जाते हैं?

कुछ लोग क्रांति के लिए चल पड़े हैं,उनकी क्रांति का स्वरूप क्या है? लोगों का उनकी क्रांति से कोई नाता है या नहीं? वह क्रांति लोकजीवन से जुड़ी है या किताबी है और कुल्लड़ में तूफान वाली है? उनकी प्राथमिकता क्या है? वह किसके विरुद्ध है, व्यवस्था में क्या परिवर्तन करना है, कैसे करना है? उसका अग्रणी कौन है,उसके प्रति लोगों का भरोसा भी है या नहीं है? क्या वे अकेले ही बहुत हैं या लोक को साथ लेकर चलना होगा? क्या वह क्रांति बहस-बहस खेलने से हो जाएगी?

इन प्रश्नों पर कोई गंभीर विमर्श नहीं पढ़ा। कभी कुछ लोग ईश्वर की अवधारणा को लेकर कुछ कह देते हैं तो कभी श्राद्ध को लेकर ही क्रांति कर रहे हैं। सोशल साइट पर पच्ची-पचास टिप्पणी पढ़ चुका हूं। किंतु बहस-बहस खेलने में ही जिनकी रुचि है,उनसे क्या कहा जा सकता है? पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी जिन दिनों राज्यसभा के सदस्य थे,उन दिनों उन्होंने शहीदों का श्राद्ध मिशन चलाया था। क्रांतिकारियों पर केवल जीवनी ही नहीं लिखीं, उनके परिवारियों की खोज खबर ली और उनकी मदद की। इससे श्राद्ध शब्द में नया अर्थ भर गया। मूल शब्द श्रद्धा है और वह किसी तर्क का मोहताज नहीं है। राजघाट पर बापू की समाधि पर अखंडदीप क्या उनके प्रति श्राद्ध नहीं है? राजघाट पर क्यों जाते हो? उस जमाने में लेनिन की समाधि पर भी कई तरह से श्रद्धा व्यक्त की जाती थी? उसे आप जो चाहें सो कहें,परंतु वह श्राद्ध ही तो है। श्रद्धांजलि क्या है?

अनेक कालेज हैं, अस्पताल हैं, धर्मशाला हैं, लोगों ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञभाव और श्रद्धाभाव से बनवाई थीं। यह भी श्राद्ध का ही एक रूप है। श्राद्ध अर्थात श्रद्धया देयं। अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से आप समाज के लिए जो कुछ श्रद्धा भाव से कर सकें,करें,वह श्राद्ध ही है। व्यर्थ का वितंडा किसलिए? पिता का श्राद्ध क्यों किया? चाचा का क्यों नहीं किया? अकल मत छांटिए। यह व्यक्तिगत श्रद्धा है। आप पूछने वाले कौन हैं? जो श्रद्धा का विषय है,उसे श्रद्धाभाव से ही समझा जा सकता है। श्रद्धा नहीं है तो श्राद्ध मत करिए। श्रद्धा भाव का नाम है,किसी कर्मकांड का नाम नहीं है। जल की अंजलि से भी,जिसे तर्पण कहते हैं,श्राद्ध हो जाता है। मूल तो भाव है, श्रद्धा। सनातन धर्म ने ऐसा कोई कानून नहीं बनाया है कि श्रद्धा नहीं है,तो भी कर्मकांड करना ही होगा। सनातन धर्म कोई एक पंथ नहीं है,हजारों सांस्कृतिक धाराओं का समाहार है। श्राद्ध नहीं करते, वे भी वहां मौजूद हैं।

अनेक कालेज हैं, अस्पताल हैं, धर्मशाला हैं, लोगों ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञभाव और श्रद्धाभाव से बनवाई थीं। यह भी श्राद्ध का ही एक रूप है। श्राद्ध अर्थात श्रद्धया देयं। अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से आप समाज के लिए जो कुछ श्रद्धा भाव से कर सकें,करें,वह श्राद्ध ही है। व्यर्थ का वितंडा किसलिए? पिता का श्राद्ध क्यों किया? चाचा का क्यों नहीं किया? अकल मत छांटिए। यह व्यक्तिगत श्रद्धा है। आप पूछने वाले कौन हैं? जो श्रद्धा का विषय है,उसे श्रद्धाभाव से ही समझा जा सकता है। श्रद्धा नहीं है तो श्राद्ध मत करिए। श्रद्धा भाव का नाम है,किसी कर्मकांड का नाम नहीं है। जल की अंजलि से भी,जिसे तर्पण कहते हैं,श्राद्ध हो जाता है। मूल तो भाव है,श्रद्धा।

रीतियां परिस्थितियों के अनुसार बदलती रही हैं, बदल रही हैं और बदलती रहेंगी। रही बात अंधविश्वास की तो उसके विवेचन के लिए लोकजीवन से जुड़ना ही होगा। कभी आदिवासियों के जीवन में जाकर देखें कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से उनके बीच कितने प्रकार के कर्मकांड किए जाते हैं? उनको ये कर्मकांड सिखाने के लिए कौन गया था? सर्वे करना होगा, प्यार प्रीत से विमर्श करना होगा। अपने को लोगों से अधिक बुद्धिमान मानकर बहस करने से तो आपका अहंकार ही सिद्ध होगा। क्या आप अपने को बहुत प्रगतिशील, बुद्धिमान और इन लोगों को बुद्धिहीन मान बैठे हैं? ऐसी भावना आपको लोकजीवन से और अधिक दूर ले जाएगी और आप कुछ नहीं कर सकेंगे। बहसें? बहसें कितनी निरर्थक हैं,यह हम विभिन्न चैनलों पर देख ही रहे हैं। आदिम मानसः उस समय मेरी अवस्था लगभग आठ साल की रही होगी कि एक सबेरे जगकर नीचे आया तो घर में शोक व्याप्त हो गया था। मेरी प्यारी-प्यारी दादी! मर गईं। कल तक जो दादी जमना किनारे कथा सुनने गई थी तो मुझे भी अपने साथ ले गई थी। कल तक उसे मेरी इतनी चिंता थी और आज वह मुझसे बोल भी नहीं रही थी। इतनी जोर -जोर से दादी-दादी चिल्ला रहा था। रात्रि पर्यंत घर-परिवार, पड़ोस के स्त्री-पुरुषों से दादी की बातें सुनता रहा या फिर गुम-सुम बैठा रहा,उदास रहा। रात को बुआ से पूछा कि दादी अब मुझे प्यार नहीं करेगी न! बुआ ने कहा कि अब वह स्वर्ग में बैठ करके तेरे लिए आशीर्वाद देती रहेगी। मैंने पूछा कि वह स्वर्ग कहां है और वह किस जगह बैठी है? तब बुआ ने आसमान के किसी सितारे की ओर उंगली की। मैं उन सितारों में अपनी दादी को निहारने लगा।

मुझे धुंधली सी याद है कि मैं जब भी रात को अकेले में होता,घंटों तक दादी वाले सितारे की खोज करता रहता। परलोक से यह मेरा पहला परिचय था। सबेरे पंड्याजी आते और वे दादी के स्मरण के साथ मंत्र पढ़ते और पिताजी तिल व जौ के साथ दादी के लिए तर्पण करते। बहुत बाद में जब मानवशास्त्र पढ़ा तो पाया कि मृतकों का पंथ (कल्ट ऑफ डैड) समस्त संसार के सांस्कृतिक समूहों में विश्वासप्रणाली और कर्मकांड के रूप में निरंतर विकसित होता रहा है। समस्त संसार में मृत पूर्वजों की स्मृति से जुड़ी कोई न कोई परंपरा है। मिस्र के पिरामिड कल्ट ऑफ डैड के जीते जागते उदाहरण हैं। ऐसे उदाहरण संसार में भिन्न-भिन्न रूपों में मौजूद हैं,हर बार केवल हिंदू धर्म और ब्राह्मण को ही टारगेट करना विवेक सम्मत नहीं होगा। कोई किसी को बाध्य नहीं कर सकता। और आप? आपने सत्ता की सेवा के अलावा क्या-क्या किया है? बतलाइए तो सही। आपने कोई सर्वे किया है? समाज के लिए सचमुच कुछ करना चाहते हैं तो लोकजीवन के साथ तदाकार होना पड़ेगा। अहंकार से नहीं,श्रद्धा के साथ। बात वर्ग की नहीं, समष्टि विवेक की है, समष्टि हित की है, समष्टि विमर्श की है।

सबसे पहले मनुष्य को जानना है। मनुष्य के मन को समझना है, आदिम मानस कहीं गया नहीं है। वैज्ञानिकता- वैज्ञानिकता का कोलाहल है,क्या मनुष्य-मनुष्य का शोषण नहीं कर रहा? नारी पर प्रति दिन अत्याचार की खबरें आती हैं,आप क्या कर रहे हैं? जब तक युद्ध हो रहे हैं, जब तक मनुष्य ही मनुष्य पर अत्याचार कर रहा है, तब तक ये बहसें कितनी व्यर्थ और आडंबरी हैं? समाज के लिए इन तथाकथितों ने सचमुच कुछ त्याग और समर्पण किया होता तो यह परिदृश्य क्यों दिखता? पार्टी? पार्टी तो सत्ता के लिए ही है। पार्टी के लिए तो वे भी प्राण देने और लेने को तैयार हैं।

प्रसंगवश

युद्ध भी करती रही है नारी

शारदीय नवरात्र चल रहे हैं और शक्ति की मूर्तिमती दुर्गा मां की सर्वत्र आराधना हो रही है। वे युद्ध की देवी हैं। उनका आविर्भाव ही दैत्यों के दमनार्थ हुवा,वह भी तब जब सभी देवता इसमें असमर्थ हो गए। उनका एक नाम ही 'कलही' है। कवियों ने उन्हें 'योधनावृतकपर्दिनी' कहा, क्योंकि संग्राम करते समय वे अपने प्रलंब केशों का जूड़ा बांध लेती हैं। वे युद्ध काल में तमोभाव और उग्रता लाने के लिए मधुपान भी कर लेती हैं। इन मां के अलावा भी भारतीय नारी युद्ध में भाग लेती रही है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऋग्वेद में 'विष्कला' नामक नारी का उल्लेख है,जो युद्ध में घायल हुई। उसका एक पैर खंडित हो गया,तब वह लोहे का दूसरा पैर लगवाकर आई और फिर से युद्ध में सहभागिता की। अथर्ववेद में प्रसव हेतु जाती महिला को 'विष्कले!' कहकर संबोधित किया गया,यानी यह शब्द स्त्री का पर्यायवाची बन गया। रामायण काल में कैकेयी अपने पति राजा दशरथ के साथ देवासुर संग्राम में गई थीं। वहां दशरथ के रथ का धुरा टूट गया, तो तत्काल वीरांगना ने धुरे की जगह अपना हाथ लगा दिया और दशरथ कुशलतापूर्वक युद्ध करते रहे। युद्ध के अंत में जब उन्हें कैकेयी के इस शौर्य का पता चला,तो उन्होंने रानी को दो वरदान मांगने को कहा,जिसका इतिहास प्रसिद्ध ही है। पूर्व काल में यहां नारियों की सैन्य टुकड़ियां भी होती थीं। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपने 'सिद्धराज' खंडकाव्य में 'वामाव्यूह' का जिक्र किया है।

बारहवीं शताब्दी के शुरू में सिद्धराज जयसिंह गुजरात के राजा थे और वर्तमान पाटन उनकी राजधानी थी। राष्ट्रकवि के अनुसार घोड़ों पर सवार, दीर्घ खड्ग हाथ में लिए, अनेक महिला सेनानियों का पथ संचालन होता था। मेवाड़ की महाराणी कर्मवती ने बहादुरशाह की सेना से युद्ध किया था और वीरांगनागति को प्राप्त हुई थीं। वे वीर शिरोमणि राणा सांगा की पत्नी थीं। झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई को कौन नहीं जानता, जिन्होंने पीठ पर शिशु पुत्र को बांधकर, अंग्रेजों की सेना से युद्ध किया था और अंततः मृत्यु का आलिंगन किया। कभी युद्ध न हारे विप्र शिरोमणि बाजीराव पेशवा की पत्नी मस्तानी उनके साथ युद्ध में रहती थीं।

कोयला बिजली बंद करने वाला पहला जी-7 देश

कोयला-बिजली संयंत्रों के इतिहास की तह में जाएं तो सामने आता है कि दुनिया का सबसे पहला कोयला आधारित बिजली संयंत्र मध्य लंदन में 1882 में स्थापित किया गया था। इसका डिजाइन थॉमस एडिसन ने बिजली के बल्व की खोज के तीन साल बाद तैयार किया था। इस संयंत्र के अब कोई भी अवशेष बाकी नहीं हैं, लेकिन यादों में यह जीवित है।

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिटेन ने यह कदम अचानक ही उठा लिया हो, ऐसा नहीं है। 2015 में ब्रिटेन ने घोषणा की थी कि वह अगले दशक में अपने पर्यावरण लक्ष्यों तक पहुंच की दिशा में व्यापक कदम उठाएगा।

रैटक्लिफ ऑन सोर संयंत्र 1963 में बनना शुरू हुआ और 1967 में यह शुरू हुआ। 60 साल के अपने इतिहास में जीवाश्म-ईंधन संयंत्र की उम्र के विपरीत दोगुनी सेवाएं दी। 1980 के दशक में ब्रिटेन का 70 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन कोयले से होता था,पर यह अनुपात घटकर 2013 में 38 फीसद, 2018 में 5 और पिछले वर्ष एक फीसदी पर आ गया। भारत में बिजली उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग विकसित देशों की तुलना में कई दशकों बाद शुरू हुआ। भारत का पहला प्रमुख थर्मल पावर प्लांट हैदराबाद में 1920 में स्थापित किया गया था। हुसैन सागर झील के किनारे पर इसका निर्माण हैदराबाद के 7 वें निजाम, मीर उस्मान अली खान ने कराया था। विशेषज्ञों का अनुमान है कि कोयला अगले कुछ दशकों तक भारत की ऊर्जा आपूर्ति का एक हिस्सा बना रहेगा।

भारत, चीन के बाद बिजली उत्पादन के लिए दुनिया में कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। भारत में कोयला आधारित बिजली उत्पादन की हिस्सेदारी 2019-20 में 71 प्रतिशत थी,जो 2023-24 में बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार 2023 में यूरोप और अमेरिका में कोयले की खपत में कमी आई जबकि भारत में इसमें 8 और चीन में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि यूनाइटेड किंगडम ने बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता पूरी तरह खत्म कर दी है। नॉटिंघमशायर स्थित कोयला आधारित बिजली उत्पादन संयंत्र रैटक्लिफ-ऑन-सोर बंद हो रहा है। यह ब्रिटेन का आखिरी संयंत्र था,जहां कोयले से बिजली का उत्पादन किया जा रहा था। ब्रिटेन के इस कदम से देश में कोयले से बिजली उत्पादन का 142 साल का एक युग खत्म हो गया।

ब्रिटेन ने 1882 में लंदन के होलबोर्न वियाडक्ट में दुनिया का पहला कोयला आधारित बिजली संयंत्र स्थापित किया था,तब से लेकर अभी तक यूनाइटेड किंगडम के कोयला-बिजली संयंत्रों में लगभग 4.6 बिलियन टन कोयले की खपत हो चुकी है और लगभग 10.4 बिलियन टन कार्बन डाईऑक्साउड (सीओ 2) का उत्सर्जन हो चुका है। कहने की जरूरत नहीं कि यूनाइटेड किंगडम का चरणबद्ध तरीके से कोयला-बिजली संयंत्रों को बंद करना न केवल 2030 तक बिजली क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने और 2050 तक देश को शुद्ध शून्य उत्सर्जन तक पहुंचाने के लक्ष्य के लिए प्रतीकात्मक उद्देश्य है। यह एक ऐसा कदम भी है,जहां पवन और सौर जैसी नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से वृद्धि की जरूरत होगी। इलेक्ट्रिसिटी ऑपरेटर नेशनल ग्रिड के अनुसार वर्ष 2023 में देश के बिजली उत्पादन में नेचुरल गैस की एक-तिहाई,पवन ऊर्जा की एक चौथाई और न्यूक्लियर पावर की 13 फीसद हिस्सेदारी थी। कुछ भी हो,यूके ने कोयला आधारित बिजली संयंत्र को बंद कर जी-7 देशों में मील का पत्थर तो बन ही गया है। साथ ही दुनिया के लिए दरवाजे भी खोले हैं कि वे शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे आ सकते हैं।

ब्रिटेन ने यह कदम अचानक ही उठा लिया हो, ऐसा नहीं है। 2015 में ब्रिटेन ने घोषणा की थी कि वह अगले दशक में अपने पर्यावरण लक्ष्यों तक पहुंच की दिशा में व्यापक कदम उठाएगा। यूके की पूर्व राजनयिक और पावरिंग पास्ट कोल एलायंस सिक्रेटिएट की मुखिया जूलिया स्कोप्स्का कहती हैं- 'ब्रिटेन ने साबित कर दिया है कि अभूतपूर्व गति से कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना संभव है।' ब्रिटेन के बाद जी-7 के देशों में इटली अगले साल तक फ्रांस 2027 में कनाडा 2030 में और जर्मनी 2038 में कोयला बिजली संयंत्रों को खत्म करने की योजना बना रहा है। जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने की कोई वर्ष तय नहीं किया है।

ग्रीनपीस यूके के डायरेक्टर डौग पार्र कहते हैं कि 'ब्रिटेन ने एक उदाहरण पेश कर दिया है, बाकी दुनिया को जिसका अनुसरण करना चाहिए। तेल और गैस का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के लिए आगे बड़ी लड़ाई लड़नी है ताकि जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से हटने का वादा पूरा किया जा सके।' अब आधिकारिक रूप से लगभग 150 साल का ब्रिटिश कोल पावर का इतिहास किताबों में दर्ज हो गया।

सोशल फोरम

बदलाव का रास्ता

परिवर्तन तो प्रकृति और समाज का नियम है। चीजें लगातार बदलती रहती हैं। बदलाव की क्रमिक प्रक्रिया लगातार जारी रहती है और बीच-बीच में क्रांतिकारी परिवर्तन की गुणात्मक छलांगें लगती रहती हैं। कुल मिलाकर बदलाव का रास्ता सर्पिल होता है, पर उसमें जगह-जगह तमाम चढ़ाव-उतार और मोड़-घुमाव होते हैं।

ये स्थितियां शासक वर्गों के हित में होती है, इसलिए वे इन्हें खूब बढ़ावा देते हैं। इन हालात को बदलने के लिए भगत सिंह के शब्दों में कहें तो इंसानियत की रूह में हरकत पैदा करने के लिए क्रांति की सोच को फिर से ताजी करने की जरूरत होती है।

कई-कई बार इतिहास का रथ किसी कठिन चढ़ाई से पीछे की ओर लुढ़ककर दलदली खाई में धंस जाता है। फिर जब तक वह फिर से आगे गतिमान नहीं होता, ऐसा लगता है मानों गति रुक गई हो, मानो फिर से नई ऊंचाइयां नापना असंभव हो गया हो। ऐसे उलटाव और ठहराव के दिनों में लोग बदलाव के बारे में शंकालु हो जाते हैं और भरोसा खो देते हैं। फिर वे यथास्थिति के साथ समझौता करके जीने की कोशिशें करने लगते हैं।

कविता कृष्णापल्लवी
स्वतंत्र पत्रकार

गति के नियमों से उनका भरोसा उठ जाता है। वे विज्ञान और तर्कणा की ओर पीठ करके खड़े हो जाते हैं। जैसे ही वे ऐसा करते हैं,उनका मुंह रूढ़ियों और अंधविश्वास की ओर हो जाता है। लोग जब भविष्य की ओर पीठ करके खड़े होते हैं तो उनका मुंह अतीत की ओर हो जाता है। जब क्रांति की लहर पर प्रतिक्रांति की लहर हावी होती है तो पूरे समाज में स्वाभाविक तौर पर अतीतोन्मुखता, अतीतजीविता, धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों का बोलबाला हो जाता है। ये स्थितियां शासक वर्गों के हित में होती है, इसलिए वे इन्हें खूब बढ़ावा देते हैं। इन हालात को बदलने के लिए भगतसिंह के शब्दों में कहें तो इंसानियत की रूह में हरकत पैदा करने के लिए क्रांति की सोच को फिर से ताजी करने की जरूरत होती है।

-फेसबुक वॉल से

नवरात्रि का अर्थ

प्राचीन काल से ही हिन्दू धर्म तीन मुख्य संप्रदायों में बंटा रहा है- विष्णु का उपासक वैष्णव, शिव का उपासक शैव और शक्ति का उपासक शाक्त संप्रदाय। दुनिया के दूसरे तमाम धर्मों की तरह वैष्णव और शैव संप्रदाय सृष्टि की सर्वोच्च शक्ति पुरुष को मानते हैं।

देवी को ईश्वर के रूप में पूजने वाला शाक्त संप्रदाय दुनिया का संभवतः एकमात्र धार्मिक संप्रदाय है। शाक्त परंपरा के अनुसार शक्ति पूजा के नौ-दिवसीय उत्सव नवरात्रि का कल प्रारंभ हो चुका है। लोगों का विश्वास है कि इन नौ दिनों की कठिन उपासना से प्रसन्न होकर देवी उनका कल्याण करने उतरती हैं। सच तो यह है कि किसी आसमान में कोई देवी नहीं रहती। वह हर स्त्री के भीतर ही अवस्थित है उस सृजनात्मक और पालक शक्ति के रूप में जिसे प्रकृति ने सिर्फ और सिर्फ स्त्रियों को सौंपा है। उस अथाह प्यार, ममता और करुणा के रूप में जो कभी मां के रूप में व्यक्त होता है, कभी बहन, कभी बेटी, कभी मित्र, कभी प्रिया और कभी पत्नी के रूप में। दुर्गा पूजा,गौरी पूजा और काली पूजा स्त्री-शक्ति के तीन विभिन्न आयामों के सम्मान के प्रतीकात्मक आयोजन हैं। काली स्त्री का आदिम, अनगढ़ और अनियंत्रित स्वरुप है, जिस पर काबू करना पुरुष अहंकार के बस की बात नहीं। गौरी या पार्वती स्त्री का सामाजिक तौर पर नियंत्रित, गृहस्थ, ममतालु रूप है,जो सृष्टि का जनन और पालन करती है। दुर्गा स्त्री के आदिम और गृहस्थ रूपों के बीच की स्थिति है,जो परिस्थितियों के अनुरूप सौम्य भी है, करुणामयी भी और संहारक भी।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

नवरात्रि की सार्थकता तब है जब स्त्रियां अपने ही भीतर मौजूद काली, गौरी और दुर्गा को पहचानने, जगाए और आवश्यकता के अनुरूप उनका उपयोग करना सीखें। पुरुषों पर देवी तब ही प्रसन्न होगी जब वे स्त्रियों को अपने से कमतर और उपभोग की वस्तु समझने की मानसिकता छोड़कर उनका सम्मान करना सीख लेंगे।

मुंबई का बच्चा और इतना हो हल्ला

मशहूर होने की चाहत में एक झल्ली लड़की जरूरत से कुछ कम कपड़ों में घूमने निकलती है। नादान मीडिया उसके झांसे में आकर जरूरत से ज्यादा हल्ला करता है। समाज और राजनीति के नेता बेवजह इस हल्की बहस में कूद पड़ते हैं, फिर भूख,बेरोजगारी,ट्रैफिक जाम और बदहाल सड़कों की चिंता छोड़ सारा शहर इस नैतिक पतन के शोक में डूब जाता है। किसी लड़की के ब्लाउज की गहराई एक दो इंच कम ज्यादा होने पर जो शहर ऐसे बावला हो जाए तो उसे मुंबई का बच्चा कहना ठीक नहीं। ऐसा अफगानिस्तान ईरान में होता है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

इस बवाल को समझना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि शायद इससे हमें अपने आसपास हो रहे बलात्कार और यौन हिंसा के बारे में कोई सुराग मिल सकता है।

मुंबई में हर सड़क पर इतने (कम) कपड़ों में महिलाएं दिखती हैं और उन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन मेरे शहर इंदौर की सारी नैतिकता एक लड़की के ब्लाउज के सहारे खड़ी थी,जो उसके नीचे खिसकने से भरभरा कर गिर पड़ी। व्हाट्सएप दुनिया के नागरिकों ने उसके वीडियो के साथ अपने शोक संदेश नत्थी किए और उसे वायरल कर अपने नैतिक होने की जिम्मेदारी निभाई, वे थोड़ी देर के लिए उन मादक और उत्तेजक तस्वीरों के खजाने को भूल गए,जो उनके उसी मोबाइल में था। सोचना चाहिए हमें स्त्री देह के खुले या बंधे रहने की इतनी चिंता क्यों और कब से होने लगी है? कौन क्या पहनेगा कितना पहनेगा ये तय करने वाले हम कौन हैं? महानगर होने का अरमान रखने वाले शहर को अपने रहवासियों को इतनी आजादी तो देनी ही चाहिए कि वे क्या पहनें? जो लोग संस्कृति की दुहाई दे रहे हैं,उन्हें कालिदास की नायिकाओं की वेशभूषा के बारे में पढ़ना चाहिए न हो तो मृच्छकटिकम नाटक पर बनी फिल्म 'उत्सव' ही देख लें। इस बवाल पर बात करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि इस बहस का आखिरी सिरा उसी गंदी सोच तक पहुंचेगा, जहां कोई नेता बलात्कार के लिए लड़कियों के कम कपड़ों को जिम्मेदार ठहराने की हिमाकत करेगा।

इस बवाल को समझना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि शायद इससे हमें अपने आसपास हो रहे बलात्कार और यौन हिंसा के बारे में कोई सुराग मिल सकता है। लड़की के कपड़ों पर बवाल करना और फिर मौका मिलते ही किसी अधेड़ द्वारा अपनी पोती बराबर उम्र की बच्ची के साथ बलात्कार करना दरअसल एक ही समस्या के दो पहलू हैं। शायद स्त्री-पुरुष संबंध उलझ गए हैं, यौनिकता के बारे में हम असहज हो गए हैं, कुंठित हो गए हैं। यह पतन पिछले 30-40 सालों में ज्यादा हुआ है। स्त्री-पुरुष के बीच संवाद खत्म होने की हद तक औपचारिक हो गया है। शायद हम अपनी बच्चियों महिलाओं को बचाने के प्रयास में इतना दूर चले गए हैं कि लड़कियां अब लड़कों के लिए किसी दूसरे ग्रह की निवासी हैं। यह अपरिचय,यह उत्सुकता,ये दमित इच्छाएं कभी किसी लड़के से लड़कियों के बाथरूम में कैमरे लगवाती हैं,कोई अपनी सहपाठी को कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर जबरदस्ती कर रहा है, कोई बस की कतार में खड़ी स्त्री को छूने की कोशिश कर रहा है और सबसे ज्यादा कोई एक सेवाभावी डॉक्टरनी का बलात्कार कर कत्ल कर रहा है।

नैतिकता के मायने समय और स्थान के साथ बदलते हैं। गांव में आज भी औरतें नदी-तालाब पर कपड़े बदल लेती हैं, कोई कुछ नहीं देखता। हमारे समय की नैतिकता क्या है वह हमारा समाज तय करेगा,लेकिन जब मीडिया और राजनीति नैतिकता की परिभाषा कपड़ों से तय करेंगे,तो इसकी रक्षा के लिए वे किसी मासूम लड़की की नादानी पर इतना बवाल करेंगे कि वह आत्महत्या की बात करने लगे। कोई शहर सिर्फ उसकी सड़क,शॉपिंग माल या खानपान के लिए ही नहीं जाना जाता,उसके रहवासियों की सोच शहर का असल आईना है, जिसमें मेरे शहर की शक्ल फिलहाल सुंदर तो नहीं ही दिख रही है।

ऑनलाइन गेम्स के खतरे

ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री भारत में तेजी से अपने पैर चुकी है। ऐप डाउनलोड के मामले में भारत सबसे बड़ा मोबाइल गेमिंग बाजार है। देश में 45 करोड़ से ज्यादा गेमर्स हैं। 2025 तक इनकी संख्या 50 करोड़ पहुंचने की उम्मीद है। इसके स्याह पहलू भी हैं। ऑनलाइन गेमिंग की वजह से कई लोग कर्जे में डूब गए हैं। यूपी निवासी पुलिसकर्मी सूर्य प्रकाश अपना 10-15 लाख का कर्ज उतारने के लिए साथियों से 500-500 रुपये मांग रहे हैं। ऐसे कई और उदाहरण होंगे, जो इस लत के दुष्प्रभावों को बताते हैं, लेकिन इसके अलावा साइबर क्रिमिनल ऑनलाइन गेमिंग के जरिए लोगों की पहचान और क्रेडिट व डेबिट कार्ड की डिटेल चुराने के अलावा साइबर बुलिंग और ब्लैकमेलिंग तक कर सकते हैं। ऑनलाइन गेम्स को डाउनलोड करने के बाद अकाउंट खोलने के लिए यूजर की निजी जानकारी मांगी जाती है,जिसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसमें नाम व मोबाइल नंबर तक शामिल होता है। आज के समय मोबाइल से सभी अकाउंट, यहां तक कि आधार भी जुड़ा होता है। इस जानकारी के जरिए ठग आपके नाम पर अकाउंट खोलने,उसे बेचने या आपके मौजूदा बैंक अकाउंट्स तक पहुंचने के लिए कर सकते हैं।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

दक्षिण कोरिया में एक हजार से ज्यादा गेमर्स की पहचान 'लाइनेज' नामक एक काल्पनिक गेम के जरिए खतरे में पड़ गई थी। बहुत से गेम्स में प्वाइंट या सिक्के आदि और स्टेज पार करने के लिए क्रेडिट कार्ड की जानकारी देने को कहा जाता है। कुछ ऐप क्रेडिट कार्ड की जानकारी का दुरुपयोग भी कर सकते हैं। इसके लिए कुछ ठग ऑनलाइन पैसे भी ट्रांसफर करा लेते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों पर निगरानी रखने की जरूरत है। बच्चों के हाथ में क्रेडिट और डेबिट कार्ड न पड़ने दें। सरकार को भी इन ऑनलाइन गेम्स पर ध्यान देने की जरूरत है।

एक नजर

दिल्ली पीआरएस की सेवाएं रहेंगी बंद

नई दिल्ली, अमृत विचार। उत्तर रेलवे दिल्ली पीआरएस में फाइलों के कम्प्रेशन के मद्देनजर, 4 अक्टूबर को रात्रि 23.45 बजे से 5 अक्टूबर को प्रातः 4.15 बजे तक साढ़े चार घंटों के लिए पीआरएस साइट बंद रहेगी। उक्त अवधि के दौरान दिल्ली साइट के लिए पीआरएस एप्लीकेशन की कई सेवाऐं उपलब्ध नहीं रहेंगी। पीएनआर पूछताछ, करंट रिजर्वेशन, निरस्तीकरण चार्टिंग, ईडीआर असाधारण डेटा रिपोर्ट, काउंटरों पर पीआरएस रिपोर्ट नहीं रहेंगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।

वंदेभारत पर पथराव, कोच का शीशा टूटा

कानपुर, अमृत विचार। वाराणसी से दिल्ली जा रही 22435 वंदेभारत एक्सप्रेस पर बुधवार शाम पनकी स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास शरारती तत्वों ने पथराव कर दिया। पथराव में चेयरकार कोच का एक शीशा टूट गया और यात्रियों में हड़कंप मच गया। पनकी आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद आरपीएफ व जीआरपी टीम ने पनकी से भाऊपुर तक पेट्रोलिंग की। वंदेभारत एक्सप्रेस बुधवार शाम सेंट्रल से रवाना हुई थी। ट्रेन शाम 7.05 बजे जैसे ही पनकी स्टेशन के आउटर सिग्नल से प्रवेश करने लगी, तभी सी-7 कोच पर पथराव हो गया। जिससे कोच का एक शीशा टूट गया। आरपीएफ पनकी ने बताया कि चालक और टीटीई ने कंट्रोल को सूचना दी थी। इस पर आरपीएफ में अज्ञात के खिलाफ रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा में गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हत्यारोपी को बच्चियों पर भी नहीं आई दया

अमेठी हत्याकांड : अयोध्या मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, एसपी-एएसपी देर रात तक मौके पर डटे रहे

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम अहोरवा भवानी कस्बे के मुख्य चौराहे पर किराये के मकान में रह रहे शिक्षक सुनील कुमार, उनकी पत्नी व मासूम दो बेटियों को गोलियों से भून दिया गया। गोलियों की तड़तड़ाहट से क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। आसपास के रहने वाले लोग डर के मारे अपने-अपने घरों में दुबक गए। क्षेत्र में उक्त घटना से स्थानीय नागरिकों में रोष उत्पन्न हो गया है। वह लोग घटना के शीघ्र खुलासे की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें घटना का जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। क्षेत्र में तनाव की स्थिति के मद्देनजर अधिकारियों ने भारी संख्या में पीएसी एवं पुलिस बल तैनात कर दिया है। आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उधर, दूसरी तरफ देर रात्रि वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर डेरा डाले थे। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अधिकारियों से घटना का अपडेट लेते रहे। हत्या की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। फोरेंसिक, सर्विलांस और डॉग स्क्वायड टीमें सबूत खंगाल रही हैं। एसपी अनूप सिंह व एएसपी हरेंद्र प्रताप भी देर रात मौके पर जांच पड़ताल में जुटे रहे। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल, अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व बीएसए संजय तिवारी भी घटना स्थल पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, शिक्षक सुनील कुमार (35) रायबरेली जिले में जगतपुर थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव के रहने वाले थे। गांव में पिता राम गोपाल रहते हैं। सुनील अहोरवा भवानी चौराहे पर मुन्ना अवस्थी के यहां तीन महीने से किराए पर रहे थे। परिवार में पत्नी पूनम भारती(32) और दो बच्चियां- सृष्टि (6) और समीक्षा (2) थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार शाम करीब 7 बजे असलहों से लैस आधा दर्जन से अधिक लोग सुनील के घर पहुंचे। जब तक सुनील कुछ समझ पाते, तब तक उक्त लोगों ने शिक्षक सुनील पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसी बीच गोलियों की आवाज सुनकर उनकी पत्नी व बेटियां बचाने दौड़ी तो निर्दयी बदमाशों ने उन तीनों को भी गोलियां से भून डाला, जिससे मौके पर चारों लोगों की मौत हो गई। बदमाश घटना का अंजाम देकर मौके से भागने में सफल रहे। बताया यह भी जा रहा कि सुनील की पत्नी पूनम भारती ने 18 अगस्त को रायबरेली के नगर कोतवाली में अश्लील हरकत, मारपीट एवं धमकी आदि का मुकदमा पंजीकृत कराया था। मामले में चंदन वर्मा आरोपी है। पुलिस ने चार्जशीट लगा रखी है। हालांकि पुलिस ने मखूदमपुर चौकी बुलाकर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। 10 दिसंबर, 2020 को सुनील की बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी लगी थी। 12 मार्च 2021 को उन्हें अमेठी जिला मुख्यालय से 62 किमी दूर सिंहपुर ब्लॉक के पनहौना प्राथमिक विद्यालय (पीएमश्री विद्यालय) में जॉइनिंग मिली थी।

पुत्री के साथ सुनील की फाइल फोटो।

> परिवार किराए पर रहता था, मरने वालों में दो बच्चियां थीं। हत्यारों का सुराग लगाने के लिए टीम लगा दी गई है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।
> **-अनूप कुमार सिंह, एसपी, अमेठी**

> अगस्त माह में छेड़खानी के दर्ज मुकदमे में रायबरेली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दिया था। मुकदमा में वांछित व्यक्ति ही दोषी है या नहीं जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।
> **-यशवीर सिंह, एसपी रायबरेली**

घटनास्थल पर पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

रात में पोस्टमार्टम कराने की थी तैयारी

शिक्षक सुनील कुमार, पत्नी पूनम भारती, बेटी सृष्टि और समीक्षा के शव गौरीगंज स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम रात में ही पोस्टमार्टम करवाने की तैयारी में है। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद सीएचसी सिंहपुर पर डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी लेकिन दुर्भाग्य रहा कि अस्पताल पहुंचने से पहले से सबकी मौत हो गई। रात में ही पोस्टमार्टम करवाने की तैयारी है। डॉक्टर व अन्य टीम मौजूद है। परिजनों के पहुंचने व पुलिस की ओर से कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

पिता बोले- सिपाही की नौकरी छोड़ पुत्र बना था शिक्षक

रायबरेली, अमृत विचार। मृतक सुनील कुमार के पिता रामगोपाल ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। बोले- पहले लड़का ईंट-भट्ठे पर ईंट पाथने का काम करता था। मनरेगा में काम किया। साथ मे पढ़ाई भी की। पढ़ाई करके वह यूपीपी में सिपाही बना व एक वर्ष तक नौकरी की। पुलिस की नौकरी में उसका मन नहीं लगा तो उसके बाद उसने सरकारी शिक्षक बनने की ठानी और वह सरकारी टीचर बन गया। रामगोपाल ने बताया कि रायबरेली से उसके लड़का अमेठी अप डाउन करके नौकरी करता था। यहां पर वह लोग भी आए थे जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। यह वही लोग थे जो उसे रास्ते में उसके लड़के को परेशान किया करते थे। इसकी शिकायत उनके लड़के ने रायबरेली में भी की थी। इसके बाद उन लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ था। पुलिस जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करे।

रामगोपाल

पत्नी ने पहले ही जताई थी हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नौ राउंड फायरिंग की हुई पुष्टि, गोलियों की आवाज से थर्राये पड़ोसी

अमृत विचार : अमेठी के शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बा गुरुवार शाम गोलियों की तड़तड़ाहट से कांप गया। पड़ोसियों की माने तो नौ राउंड गोली चलने की आवाज सुनाई दी। गोलियों की आवाज के साथ पूरे घर में सन्नाटा पसर गया। इस घटना की आशंका शिक्षक सुनील कुमार की पत्नी ने डेढ़ माह पहले रायबरेली में दर्ज कराई गई अपनी रिपोर्ट में जाहिर कर दिया था। बता दें कि गुरुवार देर शाम अमेठी में सरकारी शिक्षक समेत पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनकी पत्नी ने डेढ़ महीने पहले ही हत्या की आशंका जताई थी। रायबरेली जिले की नगर कोतवाली में एससी/एसटी और छेड़खानी की एफआईआर दर्ज कराई थी। परिवार को जान से मारने की धमकी देने का भी जिक्र किया था। पुलिस ने समय से कार्रवाई की होती तो 4 जानें बच जातीं। शिक्षक सुनील कुमार के घर के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर संचालक राम मनोहर ने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनी तो आसपास के लोगों को बुलाया। सभी लोग वहां जुट एग। चौराहे पर ही पुलिस भी थी। वह भी आवाज सुनकर पहुंच गई। पांच बार गोली चलने की आवाज सुनाई दी। हमलावर किस तरफ से आए थे? किस साधन से आए थे? किसी को पता नहीं। घर के पीछे से भी आने का रास्ता है। मकान टूटा है, निर्माण हो रहा है। सुशील दो-तीन महीने से यहां रह रहे थे। कहीं आना-जाना नहीं था।

एसटीएफ की टीम पहुंची

मुख्यमंत्री के आदेश पर आनन-फानन डीजीपी प्रशांत कुमार ने मामले के खुलासे के लिए एसटीएफ को लगाया। एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने तत्काल सुलतानपुर डकैती का खुलासा करने वाले डिप्टी एसपी डीके शाही की टीम को अमेठी रवाना कर दिया। डिप्टी एसपी डीके शाही टीम के साथ शिवरतनगंज स्थित अहोरवा कस्बा पहुंच गए हैं। उनकी टीम हमलावर की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी है। कुछ लोगों को संदेह के आधार पर अमेठी पुलिस ने हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

रखा था व्रत : शिक्षक सुनील कुमार व उनकी पत्नी नवरात्र के पहले दिन व्रत थीं। दोनों शाम को संध्या पूजन के बाद अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन करने जाने की तैयारियां कर रहे थे। लेकिन इसी बीच अचानक पहुंचे हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर पूरे परिवार को मौत को नींद सुला दिया।

योगी कानून व्यवस्था का झूठा राग अलापते हैं

घटना को लेकर सपा की मीडिया सेल ने एक्स पर लिखा- सरेशाम घर में घुसकर एक शिक्षक, उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या अंधाधुंध फायरिंग करके कर दी गई। सीएम योगी जो दूसरे प्रदेशों में जाकर सरेआम मंच से यूपी की कानून व्यवस्था का झूठा राग अलापते हैं, वो शर्म करें।

राममंदिर के शिखर का पूजन, निर्माण शुरू

चार माह में पूरा होगा शिखर का निर्माण : नृपेंद्र मिश्र

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: शारदीय नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को लंबी प्रतीक्षा के बाद अभिजीत मुहूर्त में राममंदिर के शिखर निर्माण का कार्य पूजन-अर्चन के बाद शुरू कर दिया गया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर के 161 फीट ऊंचाई तक का शिखर आने वाले चार माह में पूर्ण होगा। शिखर निर्माण से रामनगरी में चहुंओर हर्ष भी छाया रहा।

उन्होंने बताया इसके साथ ही मंदिर के अन्य निर्माण कार्य को भी पूरा करने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण संतोषजनक है। चार माह में पूर्णता की ओर होगा। ट्रस्ट महासचिव चंपतराय ने बताया कि शिखर में लगने वाले पत्थर का पहले पूजन किया गया। कहा कि बहुत ही बारीकी से मंदिर के पूर्णता काल अवधि का गणित निकाला गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही बैठक में वर्ष में अनायास आने वाली प्राकृतिक आपदाओं पर भी चर्चा हुई है। बीते दिनों तीन दिन लगातार हुई वर्षा के कारण भी मंदिर निर्माण का कार्य बाधित रहा है। उन्होंने बताया कि तैयारी दिसंबर की है लेकिन 30 से 35 दिन का रोलिंग टाइम को भी माना गया है। समिति की गुरुवार को हुई बैठक में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, आर्किटेक्ट के साथ एलएन्डटी, टाटा कंसल्टेंसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

शिला पूजन करते ट्रस्टी व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

दिसंबर 2025 तक पूरा होगा सप्तर्षियों का मंदिर

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि मंदिर निर्माण में पत्थरों पर कार्य करने वाले राजस्थान या फिर गुजरात के हैं। परकोटे के सप्तर्षियों के मंदिर का कार्य निरंतर चल रहा है। इसलिए दिसंबर 2025 तक सभी मंदिरों के पूर्णता की पूर्ण संभावना है।

प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की तैयारी पूरी : नवदीप रिणवा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: विधानसभा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और विधानसभा उपचुनाव की तैयारी का जायजा लेने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। जिले के अधिकारियों के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारी की समीक्षा की। अब तक के कार्यों के बारे में जानकारी ली।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कहा कि विधानसभा उपचुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की चेकिंग का काम भी पूरा हो गया है। रिटर्निंग अफसरों ट्रेनिंग करा दी गई है। मतदान केंद्र तैयार है। भारत निर्वाचन आयोग से तिथि की घोषणा का इंतजार है। कहा कि प्रदेश में रिक्त विधानसभा सीटों पर सात दिसंबर तक उपचुनाव हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर से शुरू होगा।

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

सार-संक्षेप

रेलवे स्टेशन पर सफाई करते रेल कर्मी। अमृत विचार

रेलवे स्टेशनों पर चला स्वच्छता अभियान

गोरखपुर, अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय रेल पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जं., वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर स्वच्छ स्टेशन के अन्तर्गत गोरखपुर, छपरा, बनारस, गाजीपुर सिटी एवं काठगोदाम सहित विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबंधक/लखनऊ अदित्य कुमार के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के स्टेशनों पर स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सफाई मित्रों द्वारा मशीनों, उपकरणों औजारों एवं सुरक्षात्मक गियर के उपलब्धता एवं डस्टबिन की पर्याप्त व्यवस्था, कचरे का पृथक्कीकरण, नालियों और शौचालयों की सफाई आदि के विषय पर जानकारी दी गई एवं स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ जं., गोरखपुर, गोंडा, खलीलाबाद, ऐशबाग, मैलानी स्टेशनों पर सफाई कराई गयी तथा पोस्टर बैनर के माध्यम से यात्रियों को कचरा कूड़ेदान में डालने के लिए जागरूक किया गया। वाराणसी मंडल के सभी मुख्य स्टेशनों पर सामूहिक श्रमदान किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों बढ़-चढकर अपना योगदान दे रहे हैं।

साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन करेगा रेलवे

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु नई गाड़ी सं.-14012/14011 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन आनन्द विहार टर्मिनस से 6 अक्टूबर से प्रत्येक रविवार को तथा राधिकापुर से 8 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा। 14012 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 06 अक्टूबर से आनन्द विहार टर्मिनस से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 00.23 बजे, हापुड़ से 01.05 बजे, मुरादाबाद से 03.00 बजे, चन्दौसी से 04.00 बजे, सीतापुर से 08.22 बजे, गोण्डा से 11.30 बजे, मनकापुर से 11.56 बजे, बस्ती से 12.53 बजे, गोरखपुर से 15.00 बजे, कप्तानगंज से 15.55 बजे, नरकटियागंज से 18.25 बजे, बेतिया से 18.56 बजे, सगौली से 19.20 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 19.38 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.08 बजे, समस्तीपुर से 23.00 बजे, बरौनी से 23.55 बजे, तीसरे दिन बेगूसराय से 00.14 बजे, खगड़िया से 00.55 बजे, मानसी से 01.07 बजे, नौगछिया से 02.00 बजे, कटिहार से 03.40 बजे, सोनैली से 04.08 बजे, सालमारी से 04.29 बजे, बारसोई से 04.50 बजे, रायगंज से 05.30 बजे तथा कालियागंज से 06.40 बजे छूटकर राधिकापुर से 07.00 बजे पहुंचेगी।

रेल कर्मचारियों के पीएलबी को मंजूरी

नई दिल्ली, अमृत विचार। मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के लिए उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दी और घोषणा की रेल कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,72,240 रेल कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के लिए 78 दिनों के पीएलबी के भुगतान को मंजूरी दे दी है।

यह राशि ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप एक्ससी स्टाफ जैसी विभिन्न श्रेणियों के रेल कर्मचारियों को भुगतान की जाएगी। पीएलबी का भुगतान रेल कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने के प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है।

पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा/दशहरे की छुट्टियों से पहले किया जाता है। इस वर्ष भी लगभग 11.72 लाख अराजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा रहा है।

पुलिस को फिर चकमा दे नीलू अदालत में हाजिर

कन्नौज, अमृत विचार। एक बार फिर से पुलिस हाथ मलती रह गई, जब किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण का सह आरोपी और अब गैंगस्टर में वांछित नीलू यादव पॉक्सो कोर्ट में हाजिर हो गया। जमानतगीरों के जमानत वापस लेने पर उसे यह कदम उठाना पड़ा। खास बात यह है कि पुलिस की टीमें लगातार सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही थीं, लेकिन उसके हाथ खाली ही रहे। न्यायालय से उसे फिर जिला जेल भेज दिया गया। 11 अगस्त की रात चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में कमेटी के अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

आउटसोर्सिंग भर्ती भविष्य से खिलवाड़ : शिवपाल

संवाददाता, बसरेहर, इटावा

अमृत विचार। आउट सोर्सिंग भर्ती युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ साबित हो रही है। यह तो अग्नि वीर से भी ज्यादा खतरनाक है। इसमें व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार के साथ शोषण भी किया जा रहा है। इसका प्रबल विरोध किया जाएगा।

सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव गुरुवार को जन सहयोगी बालिका इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। प्रधानाचार्य डा वंदना मिश्र ने बताया कि आउट सोर्सिंग भर्ती के तहत दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भेजे गए हैं, इनमें एक बिहार का युवा एमएससी है। इनको वेतन के नाम पर महज आठ दस हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख डा अजंट सिंह यादव ने भी जानकारी दी। उन्होंने इसका प्रबल विरोध करने का ऐलान करने की बात कही। बताते चलें कि सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव बसरेहर में जन सहयोगी बालिका इंटर कॉलेज तथा मनभावती इंटर कॉलेज के प्रबंधक भी हैं।

गबन में पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

कानपुर, अमृत विचार : एक करोड़ से भी ज्यादा रुपये के गबन के मामले में सीसामऊ थानाक्षेत्र में स्थित एसबीआई की पूर्व शाखा प्रबंधक को पति के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार उसने बैंक के ग्राहकों के पीपीएफ अकाउंट में छेड़छाड़ और कूटरचना करते हुए अपने कुछ सहयोगियों के नाम पर उक्त खातों को मर्ज करके रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। पुलिस ने आरोपी महिला शाखा प्रबंधक और उसके पति को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार जीटी रोड स्थित एसबीआई शाखा प्रबंधक प्रवीण ने आरोप लगाया था कि पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव ने करीब 1,01,78,080 रुपये का गबन किया है।

बांग्लादेश के छात्र भी विवि में करेंगे शोध

कानपुर, अमृत विचार : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने बांग्लादेश की डेफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया है। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय के छात्र एकेडेमिक व शोध कार्य के क्षेत्र में एक साथ काम कर सकेंगे। सीएसजेएमयू के डीन, इंटरनेशनल रिलेशन और अकादमिक कॉपरेशन सेल प्रो सुधांशु पांड्या एवं कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव एवं यूआईईटी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ संदेश गुप्ता ने दोनों विवि के बीच एमओयू साइन किए। विवि के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने बताया कि बांग्लादेश के साथ हुए एमओयू से दोनों देशों के छात्रों को अकादमिक क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे।

अधिवक्ता ने रेप पीड़िता की मां पर लगाए धमकी देने के आरोप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

माखी दुष्कर्म कांड

अमृत विचार। बहुचर्चित माखी दुष्कर्म कांड एक बार फिर चर्चा में है। इस बार पीड़िता की मां व उसके साथ आए युवक पर महिला अधिवक्ता ने रुपये मांगने व न देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर एक वीडियो भी वायरल है। हालांकि अमृत विचार ऐसे वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

माखी दुष्कर्म कांड में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को मिली उम्रकैद के बाद भी अक्सर चर्चा में रहता है। इस बार महिला अधिवक्ता रश्मि सिंह सेंगर ने एएसपी से शिकायत कर पीड़िता की मां पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिवक्ता ने बताया कि उसने पीड़िता के चाचा के पक्ष में दो साल पूर्व वकालतनामा लगाया था। जिनके केस लड़ने के लिए पेशगी के तौर पर उन्हें 10 हजार रुपये दिए गये थे। जबकि एक लाख रुपये फीस देने की बात तय हुई थी। लेकिन किन्हीं कारणों से रश्मि ने केस छोड़ दिया। बताया कि 1 अक्टूबर को पीड़िता की मां एक युवक के साथ उसके चेंबर आई और 10 हजार रुपये वापस मांगे। न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों का शॉर्ट-टर्मिनेशन

नई दिल्ली, अमृत विचार। अंबाला डिवीजन में किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों का शॉर्ट-टर्मिनेशन ओरिजिनेशन अंबाला डिवीजन में विभिन्न स्थानों पर किसान आंदोलन के कारण कई ट्रेनें अस्थायी रूप से शॉर्ट-टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन रहेंगी। ट्रेन संख्या 14525 अंबाला कैंट-श्री गंगानगर एक्सप्रेस जेसीओ 03/10/2024 को बठिंडा में शॉर्ट टर्मिनेशन किया जाएगा और बठिंडा-श्री गंगानगर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। वापसी सेवा में ट्रेन संख्या 14526 श्री गंगानगर-अंबाला कैंट एक्सप्रेस जेसीओ 03/10/2024 को बठिंडा से शॉर्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा और श्री गंगानगर-बठिंडा के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

7 को निरस्त रहेंगी कई ट्रेनें

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार। मुरादाबाद मंडल में मोतीचूर-रायवाला खंड के बीच पुल संख्या 57 के संकटग्रस्त हिस्से के पुनर्निर्माण के लिए उत्तर रेलवे ने 7 अक्टूबर को चार घंटे का यातायात अवरोध लेने का निर्णय लिया है। परिणामस्वरूप, कई ट्रेनें अस्थायी रूप से निरस्त, अल्पकालिक समापन, अल्पकालिक आरंभ पुनर्निर्धारित/विनियमित रहेंगी।

ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त : 04374 देहरादून-सहारनपुर जं. पैसेंजर जेसीओ, 04373 सहारनपुर जं.-देहरादून पैसेंजर जेसीओ। 04362 ऋषिकेश-हरिद्वार जं. पैसेंजर जेसीओ, 04363 हरिद्वार जंक्शन ऋषिकेश पैसेंजर जेसीओ।

शॉर्ट टर्मिनेशन : 14632 अमृतसर जंक्शन-देहरादून एक्सप्रेस जेसीओ 6 अक्टूबर को हरिद्वार जंक्शन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

14606 जम्मू तवी-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस जेसीओ 6 अक्टूबर को हरिद्वार जंक्शन पर और 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस जेसीओ हरिद्वार जंक्शन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

शॉर्ट ओरिजिनेशन : 14631 देहरादून-अमृतसर एक्सप्रेस जेसीओ 7 अक्टूबर को हरिद्वार जंक्शन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। 14605 योग नगरी ऋषिकेश-जम्मू तवी एक्सप्रेस जेसीओ 7 अक्टूबर को हरिद्वार जंक्शन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। 14816 ऋषिकेश-श्री गंगानगर जेसीओ 7 अक्टूबर को हरिद्वार जंक्शन से शुरू होगी।

पुनर्निर्धारण : 12017 नई दिल्ली-देहरादून शताब्दी जेसीओ 7 अक्टूबर को नई दिल्ली से 60 मिनट पुनर्निर्धारित किया जाएगा। 14113 सूबेदारगंज-देहरादून एक्सप्रेस जेसीओ 6 अक्टूबर को सूबेदारगंज से 120 मिनट पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

विनियमन : 19031 अहमदाबाद जंक्शन-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस जेसीओ 6 अक्टूबर को मार्ग में 75 मिनट विनियमित किया जाएगा। जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर ने दी।

दिल्ली-जयनगर त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर 04006/04005 दिल्ली-जयनगर-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी का संचालन दिल्ली से 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर तथा 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, एवं 26 नवम्बर दिन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा जयनगर से 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 अक्टूबर तथा 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24 एवं 28 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को 15 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 1, द्वितीय श्रेणी के 2, तृतीय श्रेणी के 6, शयनयान श्रेणी के 5, साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 तथा एसएलआर के 2 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

एक नजर

पांच वर्षीय बीए एलएलबी कोर्स शुरू करने की तैयारी

बरेली : बरेली कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस के तहत अगले सत्र से पांच वर्षीय बीए एलएलबी कोर्स शुरू हो सकता है। कॉलेज प्रशासन की ओर से इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन ने पांच वर्षीय बीए एलएलबी कोर्स शुरू करने की योजना बनाई है। इस संबंध में स्व वित्त पोषित पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. एपी सिंह ने हाल ही में दिल्ली में कई प्रमुख कानूनी शिक्षा से संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। वार्ता के दौरान पाठ्यक्रम के ढांचे, पाठ्यक्रम सामग्री और आवश्यक सुविधाओं पर चर्चा की गई।

इस महीने आठ दिन बंद रहेंगे बैंक

बरेली : इस महीने से त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। साप्ताहिक अवकाश समेत आठ दिन बैंक बंद रहेंगे। एटीएम में कैश की कमी न हो, इस संबंध में एलडीएम वीके अरोड़ा ने बैंकों को निर्देश दिए हैं। शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं। दशहरा और दिवाली का त्योहार भी इसी महीने है। एलडीएम के अनुसार, इस महीने पांच साप्ताहिक के अलावा तीन दिन त्योहारों का अवकाश रहेगा। हालांकि, त्योहार के सीजन के मद्देनजर बैंकों ने पूरी तैयारी कर ली है। किसी तरह की असुविधा होने नहीं दी जाएगी। एटीएम में पर्याप्त कैश उपलब्ध रहेगा। इस संबंध में बैंकों को निर्देशित किया गया है।

भारत से ही कैलाश के दिव्य दर्शन

पिथौरागढ़ के ओल्ड लिपुलेख पास से ऊं पर्वत व आदि कैलाश का भी होगा दर्शन

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : भारत की भूमि से ही पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन करने का श्रद्धालुओं का सपना गुरुवार को पूरा हो गया। अब श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए चीन नहीं जाना होगा। इधर, नवरात्रि के प्रथम दिन पांच श्रद्धालुओं के दल ने पिथौरागढ़ जनपद में ओल्ड लिपुलेख पास से माउंट कैलाश के दर्शन किए।

राज्य विकास परिषद की पहल पर कुमाऊं मंडल विकास निगम ने माउंट कैलाश के दर्शन के लिए पांच दिवसीय टूर पैकेज बनाया है। इस पैकेज में प्रभु शिव के दो धामों आदि कैलाश एवं ऊँ पर्वत के दर्शन भी कराए जाएंगे। इसी क्रम में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन पांच श्रद्धालुओं के दल ने आदि कैलाश के दर्शन किए। उन्होंने ओल्ड लिपुलेख से ॐ पर्वत और माउंट कैलाश के दर्शन किए। शुक्रवार को इन्हें जौलिकॉन्ग से आदि कैलाश के दर्शन करवाए जाएंगे। दर्शन करने वालों में नीरज मनोहर लाल चौकसे, मोहिनी नीरज चौकसे, अमनदीप जिन्दल, केवल कृष्ण, नरेन्द्र कुमार शामिल हैं।

- श्रद्धालुओं को नहीं पार करने पड़ेगा चीन का बॉर्डर
- कुमाऊं मंडल विकास निगम ने पांच दिवसीय टूर पैकेज बनाया

ग्रामीणों ने खोजा व्यू प्वाइंट

पिथौरागढ़ जिले के स्थानीय ग्रामीणों ने 18 हजार फीट ऊंची लिपुलेख पहाड़ियों पर एक ऐसा व्यू प्वाइंट खोजा जहां से कैलाश पर्वत साफ दिखाई देता है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अफसरों और विशेषज्ञों की टीम ने रोड मैप, लोगों के ठहरने की व्यवस्था, दर्शन के प्वाइंट तक जाने का रूट सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सर्वे किया। फिर, केन्द्र सरकार की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद शासन ने 15 सितंबर से ओल्ड लिपुपास को श्रद्धालुओं के लिए खोलने का फैसला लिया।

<< नवरात्रि के प्रथम दिन पिथौरागढ़ जनपद के ओल्ड लिपुलेख पास से माउंट कैलाश के दर्शन करते श्रद्धालु।

पहले जाना पड़ता था चीन बॉर्डर के पार

हल्द्वानी : कोरोना काल से पहले तक केन्द्र सरकार कुमाऊं मंडल विकास निगम के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा कराती थी। तब शिव भक्त लिपुपास से पैदल यात्रा कर चीन बार्डर पार कर कैलाश मानसरोवर के दर्शन करते थे। कोरोना काल के बाद से यह यात्रा बंद पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर भारत चीन विवाद के कारण अभी तक चीन सरकार ने भारत सरकार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए अपनी सहमति नहीं दी है। लंबे समय से शिव भक्त कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने को आतुर थे। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने भारत की भूमि से ही श्रद्धालुओं को पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन कराने का फैसला लिया।

भारत की भूमि से ही शिव भक्तों को कैलाश पर्वत के दर्शन होना बहुत ही सुखद है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं। हमारी सरकार सीमान्त गांवों में पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों के पलायन की समस्या को रोकने की दिशा में काम कर रही है। भविष्य में इस यात्रा को और भी अधिक सुगम बनाने के लिए सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

–पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड

तुम मेरी नहीं हुईं तो किसी की नहीं होने दूंगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की एक जूनियर महिला डॉक्टर ने उर्सला में तैनात आंख के डॉक्टर पर छेड़छाड़, पीछा करने, धमकी और गालीगलौज देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वह एक वर्ष से पीछा करके परेशान कर रहा है। आरोपी के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया तो वह माफी मांगकर शांत हो गया। इसके बाद अंजान नंबर से फोन कर अभद्रता की, कहा कि तुम मेरी नहीं हुईं तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। तुम्हें भी मार दूंगा, तुम्हारे पति को भी। तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा। स्वरूप नगर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

महिला डॉक्टर ने बताया कि उनकी जिला निवास कार्यक्रम की पोस्टिंग अक्टूबर 2023 में तीन-महीने के लिए उर्सला अस्पताल में लगी थी। वहां पर नेत्र रोग विभाग में तैनात डॉक्टर केएन कटियार उन्हें परेशान करता था। पोस्टिंग

- मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर से बोला उर्सला अस्पताल का डॉक्टर
- एक वर्ष से कर रहा परेशान, पीछा करने, धमकी देने का भी आरोप लगाया

खत्म होने के बाद वह फोन करके और वाट्सएप पर मैसेज करके परेशान करता था व तरह-तरह की धमकियां देने लगा। इसके बाद नशे में धुत होकर डॉक्टर केएन कटियार ने 8 और 13 अगस्त को उनके कमरे का दरवाजा पीटकर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। गार्ड के आने पर उसने गार्ड से भी गाली गलौज की। जिसकी शिकायत उन्होंने छात्रावास अधीक्षक और प्रधानाचार्य से की। प्रधानाचार्य ने स्वरूप नगर थाने में डॉक्टर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया।

शिकायत पर मांगी थी माफी

पुलिस में शिकायत करने पर डॉक्टर के एन कटियार ने परिवार व बच्चों का वास्ता देकर माफी मांगने लगा और भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। इस पर पीड़िता ने मानवता दिखाते हुए डॉक्टर के खिलाफ शिकायती पत्र वापस ले लिया। पीड़िता के अनुसार उसने भय से अपना मोबाइल नंबर तक बदल लिया।

अंजान नंबर से आई कॉल बोला तेजाब डाल दूंगा

पीड़ित डॉक्टर ने आरोप लगाया कि 1 अक्टूबर को डॉ केएन कटियार ने एक अंजान मोबाइल नंबर से फोन किया और कहा कि तुम्हें भी मार दूंगा और तुम्हारे पति को भी। तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा ताकि तुम्हारा पति तुम्हें खुद छोड़ दे। तुम्हारे बारे में अफवाहें फैलाकर तुम्हारे रिश्ते और छवि दोनों बर्बाद कर दूंगा। तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। पीड़िता के अनुसार, घटना से वह बहुत डरी-सहमी और परेशान है। इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय ने बताया कि पीड़ित डॉक्टर की तहरीर पर डॉक्टर केएन कटियार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

बरेली व मुरादाबाद के 249 शिक्षक हुए स्थायी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : उच्च शिक्षा निदेशालय ने बरेली और मुरादाबाद मंडल के 249 शिक्षकों के स्थायीकरण की प्रक्रिया पूरी कर दी है।

इस संबंध में उच्च निदेशालय के विशेष सचिव शिपू गिरी ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है। बरेली मंडल के 12 और मुरादाबाद मंडल

- बरेली के 98 व मुरादाबाद के 151 शिक्षकों के स्थायीकरण की प्रक्रिया हुई पूरी

के 16 महाविद्यालयों में 249 शिक्षक लंबे समय से स्थायीकरण का इंतजार कर रहे थे। इनमें बरेली के 98 और मुरादाबाद के 151 शिक्षक शामिल हैं।

जारी पत्र के अनुसार, बरेली मंडल के बरेली कॉलेज के 23, साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय के आठ, कन्या महाविद्यालय आर्यसमाज भूड़ के चार, राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज के छह, गन्ना उत्पाद स्नातक महाविद्यालय के 11, उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के एक, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज शाहजहांपुर के आठ, आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाहजहांपुर के चार, जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर के 17, जीबी पंत डिग्री कॉलेज बदायूं के चार, एनएम दास पीजी कॉलेज बदायूं के एक, गिंदो देवी महिला महाविद्यालय बदायूं के 11 शिक्षक शामिल हैं।

नकली शराब बनाने वाले तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, बरेली : महानगर कॉलोनी में किराए के मकान में नकली शराब बनाई जा रही थी। आबकारी विभाग और थाना इज्जतनगर पुलिस की टीम ने छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से नकली शराब और शराब बनाने का सामान बरामद हुआ है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों में शाहजहांपुर के थाना तिलहर क्षेत्र निवासी सचिन, इज्जतनगर के परवाना नगर निवासी राजीव गुप्ता और अलीगंज के गांव अनिरुद्धपुर निवासी पंकज पारस के रूप में हुई है। नकली शराब बनाकर शाहजहांपुर और बदायूं जिले में सप्लाई की जाती थी।

रेलवे ने दो साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन की घोषणा की

अमृत विचार, मुरादाबाद : यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाड़ी संख्या 14012-11 आनंद विहार टर्मिनल-राधिकापुर-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 6 अक्टूबर से शुरू किया जा रहा है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 6 अक्टूबर से आनंद विहार टर्मिनल से ट्रेन का नियमित संचालन शुरू होगा। जबकि 8 अक्टूबर से राधिकापुर से नियमित संचालन शुरू होगा। इन ट्रेनों में वातानुकूलित, स्लीपर एवं सामान्य (जनरल) कोच की सुविधा रखी गई है। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 14012 (आनंद विहार टर्मिनल-राधिकापुर) आनंद विहार टर्मिनल से 23 .45 बजे प्रस्थान करेगी, जो मुरादाबाद में 2 :52 बजे पहुंचेगी और यहां से 3 :00 बजे प्रस्थान करेगी। आनंद विहार टर्मिनल से निकलकर ट्रेन गाजियाबाद, हापुड़ होते हुए मुरादाबाद आएगी। इसके बाद वह चंदौसी, सीतापुर जंक्शन, गोंडा, मानकपुर, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज समेत अन्य जिले पहुंचेगी।

राज्य के असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत गर्भवती का पीएम मातृवंदन योजना में होगा पंजीयन

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूडी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को 4 से 18 अक्टूबर तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर असंगठित क्षेत्रों, निर्माण स्थलों, घरेलू नौकरों के रूप में कार्यरत और शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) में पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव रतूड़ी ने कहा कि निर्धारित समय सीमा में असंगठित क्षेत्र में काम करने

- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए निर्देश, 4 से 18 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

वाली सभी गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत रूप से पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने एएनएम की ओर से सभी गर्भवती महिलाओं के तीन एएनसी अनिवार्य रूप से कराने व गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान मृत्यु पर डेथ ऑडिट अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं। शहरी क्षेत्रों में मलिन बस्तियों एवं निर्माण स्थलों के निकट आंगनबाड़ियों की मैपिंग के निर्देश दिए, ताकि पांच वर्ष की आयु से छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को वितरित करने वाले टेक होम राशन के तहत मिलेट्स को प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने राज्य में मातृ मृत्यु दर, गर्भवती महिलाओं व किशोरियों में एनिमिया तथा बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने के लिए सभी विभागों को समन्वित रणनीति से काम करने की हिदायत दी।

13.51करोड़ गबन प्रकरण का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : एलएसओ और एनएच के संयुक्त खाते से फर्जी चेक लगाकर निकाली करोड़ों की धनराशि प्रकरण में पुलिस ने फरार चल रहे मास्टरमाइंड को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से सरकारी गबन प्रकरण के दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

2 सितंबर को समीक्षा बैठक के दौरान एलएलओ कौस्तुभ मिश्रा ने एनएच के काला व एसएलओ के संयुक्त खाते से 13.51 करोड़ की मुआवजा राशि के गबन का मामला पकड़ा था। इसमें आरोपियों ने फर्जी

- फर्जी चेक लगाकर निकाली थी करोड़ों की राशि

चेक,फर्जी हस्ताक्षर व दस्तावेज लगाकर करोड़ों की धनराशि को कई खातों में ट्रांसफर किया था। मामले में दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। प्रकरण में पांच अन्य व्यक्तियों की भी भूमिका सामने आई थी। पुलिस ने फरार चल रहे ललित कुमार, महेंदू, शिव दास पाटिल निवासी बलवंत इन्कलेव बिलासपुर रामपुर यूपी को पंजाब के जीरकपुर से गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि करोड़ों गबन का मास्टरमाइंड ललित ही है।

7 को बंद होंगे चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के कपाट

देहरादून : चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट बंद होने की तिथि घोषित हो गई है। कार्तिक सक्रांति 17 अक्टूबर को रुद्रनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

उसी दिन रुद्रनाथ की विग्रह डोली पितृधार, पनार, ल्वींठी बुग्याल और ग्वाड़ गांव में जाख देवता के मंदिर से होते हुए सूर्यास्त होने से पहले शीतकालीन गद्दीस्थल गोपीनाथ मंदिर पहुंचेगी। भगवान रुद्रनाथ को लगने वाला राजभोग ल्वींठी बुग्याल में लगाया जाएगा। मुख्य पुजारी वेदप्रकाश महादेव भट्ट ने बताया कि रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 17 अक्टूबर को सुबह छह बजे बंद कर दिए जाएंगे।

सब्जी विक्रेता की हत्या कर शव धान के खेत में फेंका

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के कादरपुर कुकैटा में सब्जी विक्रेता की हत्या कर शव धान के खेत में फेंक कर आरोपी भाग गए। युवक बुधवार की शाम से लापता था। घटना की सूचना मिलने पर एएसपी, थाना पुलिस ने पहुंच जानकारी की। घटना की रिपोर्ट अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराई गई है।

गांव कादरपुर कुकैटा निवासी जसवंत दिवाकर का बेटा रामसेवक (28) ठेले पर सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करता था। बुधवार की शाम

- बुधवार की शाम से लापता था युवक, रंजिश से इनकार कर रहे परिजन

जसवंत सब्जी बेचकर घर आया और कहीं और चला गया। कई स्थानों पर खोजबीन के बाद भी जसवंत का कोई सुराग नहीं लगा। सुबह 7.30 बजे युवक का शव महेश के धान के खेत में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही एसपी कृष्ण कुमार ,एएसपी श्रीशचंद्र ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फारेसिंक टीम ने पहुंच घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक के पिता ने बताया कि उनकी व परिवार की किसी से कोई रंजिश नहीं है।

नवरात्र त्रिपुरा के धर्मनगर में एक महिला कलाकार देवी दुर्गा का स्वरूप धारण किए हुए।

सीनियर और जूनियर रेजीडेंट चिकित्सकों का कार्यकाल बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी : दिल्ली सरकार ने गुरुवार को सरकारी अस्पतालों में मौजूदा नियमित सीनियर रेजिडेंट (एसआर) व जूनियर रेजिडेंट (जेआर) डॉक्टर का कार्यकाल बढ़ा दिया। आदेश के अनुसार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सरकारी अस्पतालों को अगली सूचना तक मौजूदा आदेशों का पालन करते हुए तदर्थ आधार पर जूनियर और सीनियर रेजिडेंट की भर्ती के लिए अधिकृत किया है। आदेश अनुसार सरकारी अस्पतालों में मौजूदा तदर्थ एसआर और जेआर का कार्यकाल भी तब तक बढ़ाया जाएगा, जब तक कि केंद्रीयकृत समिति द्वारा भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दे दिया जाता।

वायु सेना के जवान की सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: चेन्नई में ड्यूटी के दौरान शांतिपुरी निवासी भारतीय वायु सेना के जवान सुरेश जोशी (संतोष) (38) पुत्र चिंतामणि जोशी की गुरुवार शाम को रानीबाग के चित्रशिला घाट में सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। वह भारतीय वायुसेना में सार्जेंट के पद पर चेन्नई में तैनात थे।

सुरेश जोशी।

गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे उनका पार्थिव शरीर शांतिपुरी नंबर दो स्थित उनके निवास स्थान पर

शव पहुंचने पर रोते बिलखते जवान के परिजन। अमृत विचार

रानीबाग में जवान के सम्मान में फायरिंग करते सैनिक।

- वायुसेना में सार्जेंट के पद पर चेन्नई में तैनात थे सुरेश

लाया गया। जहां क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़, ग्राम प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों तथा रिश्तेदारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। देर शाम रानीबाग के चित्रशिला घाट पर भारतीय वायुसेना के जवानों द्वारा शस्त्र सलामी के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी पत्नी प्रीति जोशी व मां सीता देवी ने कहा कि सुरेश परिवार का अकेला एक मात्र पालनहार था।

मात्र 38 वर्ष की उम्र में उनके निधन के बाद अब बूढ़ी सास सीता देवी व दो बच्चे बेटी कीर्ति जोशी, बेटा दीपांशु जोशी की पूरी जिम्मेदारी पत्नी प्रीति पर आ गई है। मां सीता देवी ने कहा कि बेटे सुरेश का सपना अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा कर बड़ा अफसर बनाने का था।

छत्तीसगढ़ : नक्सलियों से मुठभेड़, विस्फोट बरामद

सुकमा, एजेंसी : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के अस्थाई शिविर को ध्वस्त कर भारी मात्रा में सामान और विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिंतावागू नदी के किनारे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बुधवार को सुरक्षाबलों के संयुक्त दल को बोटेलंका, एरनपल्ली और आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान नक्सलियों के पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन के सदस्यों के साथ चिंतावागू नदी के किनारे आज सुबह मुठभेड़ हुई।

रिकॉर्ड 1257 रेडियो का संग्रहालय बनाने पर मिली उपल्बधि

गिनीज बुक में दर्ज हुआ राम सिंह बौद्ध का नाम

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरित होकर रेडियो संग्रहालय बनाने वाले रामसिंह बौद्ध का सपना साकार हो गया है। उनके संग्रहालय को अति उत्कृष्ट मानते हुए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है। उनके संग्रहालय में वर्षों पुराने 1257 रेडियो शामिल हैं।

गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम शामिल पर राम सिंह बौद्ध ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3 अक्टूबर 2014 को प्रारंभ किए गए मन की बात कार्यक्रम

राम सिंह बौद्ध

- प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात रोडियो कार्यक्रम से मिली प्रेरणा

से उन्हें रेडियो संग्रहालय बनाने की प्रेरणा मिली। हालांकि वह रेडियो एकत्र करने में काफी समय जुटे थे। लेकिन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम ने उन्हें उत्साह दिया। इसके बाद वह अपनी आंखों में रेडियो संग्रहालय बनाने का बड़ा सपना देखने लगे। वर्ष 2023 में राम सिंह बौद्ध के इस कार्य की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम मन की बात में की तो उनकी ख्याति और भी बढ़ गई। उनके रेडियो संग्रहालय को देखने के लिए दूर दराज के लोग पहुंचने लगे हैं। मंडलीय व जिला प्रशासन की टीम इसका निरीक्षण कर चुकी है। इस संग्रहालय को और आगे बढ़ाने के लिए रिपोर्ट भेजी गई थी।

वर्ष 2023 के दिसंबर में उन्होंने गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में अपने संग्रहालय को दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। कई महीने की लंबी जांच प्रक्रिया के बाद गुरुवार को उनका नाम गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल होने का पत्र प्राप्त हुआ तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बताया कि गिनीज ने उनके 1257 रेडियो के आधार पर यह उपलब्धि दी है। प्रधानमंत्री के मन की बात रेडियो कार्यक्रम से प्रेरित होकर उन्होंने ऐसा काम किया है। इस पर अमरोहा समेत प्रदेश और देश भर को गर्व है।

राम सिंह बौद्ध ने कहा कि वह रिकार्ड की मूल प्रति आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करेंगे और उनसे आग्रह करेंगे कि वह इस संग्रहालय का अवलोकन करने के लिए आएं। कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री उनके संग्रहालय को देखने के लिए जरूर आएंगे और मार्गदर्शन करेंगे।

ट्रैक्टर-ट्राली ने टेंपो में मारी टक्कर किशोर की मौत

मुरादाबाद : मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर कुन्दरकी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार किशोर की मौत हो गई। जबकि टेंपो पलटने से चालक घायल हो गया।

बिलारी थाना क्षेत्र के गांव सफीलपुर निवासी मसरूर मसरूल का बेटा अयान(12) बीते 8-10 दिन से अपने ननिहाल में आया था। कुन्दरकी के ही डोमघर निवासी टेंपो चालक नसीम रिश्ते में अयान का मौसा है। बताया गया कि गुरुवार सुबह जब नसीम टेंपो लेकर निकला तो अयान घूमने के लिए साथ में बैठ गया। मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांव हुसैनपुर के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली ने टेंपो में टक्कर मार दी।

श्रीराम भारतीय कला केंद्र, नई दिल्ली में श्री राम के जीवन पर आधारित नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

एक नजर

सेटेलाइट पुल के नीचे डॉक्टर का मोबाइल छीना

बरेली : सेटेलाइट चौकी से चंद कदम की दूरी पर पुल के नीचे लुटेरों ने डॉक्टर से मोबाइल छीन लिया और भाग गए। थाना बारादरी पुलिस ने सात दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। बारादरी के गार्डन सिटी कॉलोनी निवासी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि वह बदायूं के समरेर ब्लॉक में सीएचसी पर मेडिकल ऑफिसर हैं। 25 सितंबर को शाम 6 :45 बजे वह कार से सेटेलाइट पुल के पास पहुंचे थे कि तभी दो लड़के अचानक उनकी कार के पास आए। बात करने के लिए उन्होंने जैसे ही कार का शीशा खोला, वैसे ही एक युवक ने मोबाइल छीन लिया और दोनों भाग गए।

डूंगरपुर के मामले में इंस्पेक्टर की गवाही शुरू

रामपुर : डूंगरपुर से जुड़े मामले में गुरुवार को इंस्पेक्टर रामवीर सिंह की गवाही शुरू हो गई। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रहीं है। अब 7 अक्टूबर की तारीख नियत की है। बता दें कि सपा शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराया गया था। जिसमें आरोप लगाया था कि सपा नेता आजम खां के इशारे पर बस्ती में तमाम सपाई घुस आए थे। उनके घरों को बुलडोजर से गिरा दिया था। मारपीट और लूटपाट भी की थी। इस मामले में सपा नेता आजम खां सहित काफी लोगों को आरोपी बनाया गया था।

फरीदपुर टोल प्लाजा को हटाने की मांग

बरेली : आंवला सांसद नीरज मौर्य ने बरेली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर फरीदपुर में बने टोल प्लाजा को अवैध बताते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र सौंपकर इसे हटाने की मांग की है। सांसद ने पत्र में कहा कि फरीदपुर में बना टोल प्लाजा नेशनल अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार अवैध है। नियम है कि दो टोल प्लाजा के बीच की दूरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए, लेकिन फतेहगंज पश्चिमी में बने टोल प्लाजा और फरीदपुर में बने टोल प्लाजा की दूरी सिर्फ 42 किलोमीटर ही है, जिससे लोगों को दो बार नियमों के विरुद्ध टोल देना पड़ता है।

एक और शव मिलने के बाद मरने वालों की संख्या हुई छह

पटाखा फैक्ट्री विस्फोट पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आधी रात के बाद मलबे में एक और महिला का शव मिलने के साथ सिरौली के गांव कल्याणपुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से मरने वालों की संख्या अब छह हो गई है। थाना सिरौली के लाइनहाजिर किए गए इंस्पेक्टर की ओर से गुरुवार को इस मामले में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई। हादसे के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार नासिर शाह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिरौली के कौआ टोला मोहल्ले में रहने वाले नासिर शाह के ही नाम आतिशबाजी का स्टॉक रखने और बेचने का लाइसेंस था लेकिन वह अवैध रूप से अपने घर पर पटाखे बनाता था। 21 सितंबर को उसके घर में मौजूद पटाखों के स्टॉक में विस्फोट हो गया। जिसके बाद उसका यह लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद नासिर ने पटाखे बनाने का अपना धंधा अपने भाई नाजिम की ससुराल कल्याणपुर गांव में शुरू कर दिया। नाजिम का ससुर रहमान शाह और उसके परिवार के लोग भी इस धंधे में शामिल हो गए। बुधवार शाम पटाखों में हुए भीषण विस्फोट से

▸▸ आधी रात के बाद मलबे में दबा मिला शव, हादसे का मुख्य जिम्मेदार नासिर गिरफ्तार

रहमान शाह के घर समेत आसपास के पांच घर मलबे में तब्दील हो गए थे। धमाके की गूंज तीन किमी दूर तक सुनाई दी थी।

एसडीआरएफ ने बचाव कार्य शुरू करने के बाद बुधवार को रहमान के घर में मलबे के ढेर से उसके बेटे वाहिद की पत्नी तबस्सुम (30), नासिर शाह की पत्नी सितारा (35) और रहमान के पड़ोस में ही रहने वाले रुखसार की पत्नी रुखसाना के शव निकाले थे। रात करीब 1 बजे मलबे से वाहिद के दोनों बेटों पांच वर्षीय हसनान और तीन वर्षीय हसन के शव बरामद हुए। इसके बाद एक और शव निरवत उर्फ नीना (32) का मिला जो सिरौली के कौआ टोला में ही रहने वाले हसनैन की पत्नी थीं और निसार के परिवार के साथ पटाखे बनाने के लिए कल्याणपुर आई थीं। निरवत का शव मिलने के बाद मृतकों की संख्या छह हो गई।

नौ बच्चों के सिर से उठ गया मां का साया

विस्फोट में चार महिलाओं की मौत हुई है। तब्बसुम की दो बेटों के साथ जान चली गई, सबसे बड़ा तीसरा बेटा ट्यूशन पढ़ने गया था जो अब मां और दो भाइयों की मौत के बाद अकेला रह गया है। नासिर की पत्नी सितारा की मौत से उनकी पांच बेटियां बेसहारा हो गईं। पांचों की उम्र काफी कम है। हादसे में मारी गई नासिर के भाई हसनैन की पत्नी निरवत के भी दो बेटियां और एक बेटा है। इनमें सबसे बड़ी बेटी सात वर्ष की है। इस तरह नौ बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। गुरुवार को ये बच्चे पूरे दिन रो-रोकर बेहाल होते रहे। सभी के पिता के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज है।

जिला मुख्यालय पर सभी छह शवों का पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर उनके रिश्तेदारों के साथ गांव के लोगों की अच्छी-खासी भीड़ इकट्ठी हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल से भागे नासिर शाह को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की जा रही है। रहमान शाह का इलाज पुलिस की निगरानी में चल रहा है। एसपी उत्तरी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

निलंबित पुलिसकर्मियों के साथ सीओ और सीएफओ की भी जांच करेंगे एसपी सिटी

अमृत विचार, बरेली : कल्याणपुर हादसे के बाद निलंबित किए गए थाना सिरौली के पुलिसकर्मियों और लाइनहाजिर किए गए इंस्पेक्टर के साथ सीओ मीरगंज गौरव सिंह और सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा की भी भूमिका की जांच कराई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ये दोनों जांच एसपी सिटी को सौंपी है। कल्याणपुर में बुधवार को हुए धमाके से पांच मकान जमींदोज होने के साथ छह लोगों की मौत हो चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बुधवार को ही सिरौली के थाना प्रभारी रवि कुमार को लाइन हाजिर और कस्बा इंचार्ज दरोगा देशराज सिंह, हल्का इंचार्ज दरोगा नाहर सिंह, बीट सिपाही अजय कुमार और हेड मोहर्रिर सुरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया था।

अब हादसा हुआ तो सीओ और एसडीएम भी नपेंगे

कार्यालय संवादाता, बरेली

▸▸ सिरौली हादसे में छह मौतों के बाद जिलाधिकारी ने जारी की सख्त चेतावनी

▸▸ सात दिन अभियान चलाकर आतिशबाजी दुकानों का किया जाएगा सत्यापन

अमृत विचार : सिरौली के गांव कल्याणपुर हैबतपुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से छह लोगों की मौत के बाद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मातहतों को सख्त चेतावनी जारी की है। कहा है कि सिरौली जैसी घटना कहीं और हुई तो दरोगा-सिपाही ही नहीं, सीओ और एसडीएम पर भी कार्रवाई की जाएगी।

दिवाली से पहले कल्याणपुर में हुए धमाके की गूंज लखनऊ तक सुनाई दी है। मुख्यमंत्री के इस घटना का संज्ञान लेने के बाद पुलिस-प्रशासन में अब सतर्कता दिखाई दे रही है। जिलाधिकारी की ओर से आम लोगों की सुरक्षा के लिए सात दिन का विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया गया है। इसमें देखा जाएगा कि कहीं भी पटाखों का अवैध भंडारण तो नहीं हो रहा है और लाइसेंसधारक मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं। कहीं आतिशबाजी की दुकानों, गोदामों और निर्माण स्थलों के ऊपर बिजली की लाइन तो नहीं गुजर रही है। कहा गया है कि कहीं लाइसेंस का नवीनीकरण न हो आतिशबाजी कारोबार न होने दिया जाए। फौरन दुकान बंद कराकर विधिक कार्रवाई की जाए।

यह अभियान चलाने की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट, दोनों एसीएम, सभी एसडीएम, सीओ, इंस्पेक्टर, थानेदार और सीएफओ को दी गई है। अधिकारियों को जांच का वीडियो भी रिकॉर्ड करने को कहा गया है। डीएम और एसएसपी खुद इसकी क्रॉस चेकिंग करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेट और सीओ को निर्धारित प्रारूप पर संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त रिपोर्ट 9 अक्टूबर को देने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अनधिकृत भंडारण के बारे में जानकारी जुटाने के लिए राजस्व अधिकारियों और एलआईयू के नेटवर्क की मदद लेने के लिए भी कहा है।

खांसी की जगह दिया कीड़े मारने का सिरप, नाबालिग की हालत बिगड़ी

मिलक,(रामपुर) : मिलक तहसील क्षेत्र के क्रमचा गांव में मेडिकल संचालक ने खांसी के सीरप की जगह कीड़े मारने का सिरप दे दिया। सिरप पीते ही नाबालिग की हालत बिगड़ गई। गांव निवासी राजकुमार ने अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है वह आटा चक्की चलाता है। सोमवार को उसके बेटे देवेश को खांसी आने लगी। ज्यादा खांसी आने पर देवेश मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गया था। जहां मेडिकल संचालक ने उसे गलत दवा दे दी। जिसके सेवन से बेटे की हालत बिगड़ी गई। उसका बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पैसों के बंटवारे को लेकर ट्रैक्टर मैकेनिक की हत्या

संवाददाता, पुवायां (शहजहांपुर)

▸▸ इनाम में मिले लगभग 200 रुपये हत्यारोपी के पास ज्यादा चले जाने पर हुआ विवाद

अमृत विचार : इनाम के पैसों के बंटवारे को लेकर ट्रैक्टर एजेंसी पर दो मैकेनिकों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि एक मैकेनिक ने दूसरे के सिर पर डंडा मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

नगला जहरना गांव का धनपाल (40) पुवायां में बंडा रोड पर सोनालिका ट्रैक्टर की एजेंसी पर मैकेनिक था। इसी एजेंसी पर राम प्रताप निवासी जेवां रोड भी मैकेनिक था। नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को शोरूम से पांच ट्रैक्टर बिके। ट्रैक्टर बिक्री होने पर मैकेनिक खरीदारों से बतौर इनाम 200 से 500 रुपये तक ले लेते हैं। गुरुवार को इनाम के 200 रुपये आरोपी रामप्रताप ने ज्यादा ले लिए। जबकि ट्रैक्टर के छाता आदि की फिटिंग धनपाल ने की थी। इन्हीं पैसों को लेकर धनपाल और राम प्रताप के बीच विवाद हो गया। पहले दोनों शोरूम पर झगड़ते रहे और हाथापाई करते रहे। शोरूम पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने दोनों का बीच-बचाव कर दिया। इसके बाद धनपाल वर्कशॉप में चला गया, पीछे से राम प्रताप बाइक से डंडा लेकर गया और धनपाल के सिर पर मार दिया। डंडा लगने से धनपाल की मौत हो गई। मृतक धनपाल के भाई प्रमोद की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामप्रताप के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया।

जिला खनन कार्यालय का संविदा कर्मी 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ मिट्टी उठाने की अनुमति देने पर 3 लाख रुपये की घूस मांगने का आरोप

अमृत विचार : एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को जिला खनन अधिकारी कार्यालय के संविदा कर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर को 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी संविदा कर्मी मिट्टी उठाने की अनुमति देने के लिए जिला खनन अधिकारी के कहने पर 3 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। टीम ने भ्रष्टाचार के मामले में दर्ज कराए गए मुकदमे में जिला खनन अधिकारी को भी आरोपी बनाया है।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के बूझपुर आशा निवासी मोहम्मद रफी ने बताया है कि वह मिट्टी उठाने का काम करते हैं। आरोप है कि खनन के लिए पर्यावरण निदेशालय लखनऊ ने आवेदन स्वीकार कर 3 जुलाई को स्थानीय स्तर पर खनन अधिकारी को पत्र जारी करने का आदेश दिया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह 5 जुलाई को जिला खनन अधिकारी के पास अनुमति पत्र लेने पहुंचे। अनुमति पत्र देने के एवज में खनन अधिकारी राहुल सिंह 3 लाख रुपये की मांग करने लगे। वह कांवड़ यात्रा की बात कहकर मामले को टालते रहे। फिर संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर शाहरुख पाशा से मिलने के लिए कहा। संविदा पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर ने सौदेबाजी करके मामला 2 लाख रुपये में तय कर दिया।

वह गुरुवार को योजनाबद्ध तरीके से 20 हजार रुपये लेकर जिला खनन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे। 2 लाख रुपये थोड़ी देर में आने की बात कहकर रफी ने बाबू को 20 हजार रुपये पकड़ा दिए। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने कंप्यूटर ऑपरेटर शाहरुख को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

पिता को बंधक बनाकर महिला से किया दुष्कर्म

संवाददाता, भोजपुर (मुरादाबाद)

अमृत विचार : भोजपुर थाना क्षेत्र में पिता को बंधक बनाकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। वह अपने पिता के साथ दवा लेकर लौट रही थी। तभी रास्ते में युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 सितंबर को पिता के साथ बाइक से दवा लेने के लिए भोजपुरा कस्बा गई थी। इसी दौरान लौटते समय रास्ते में सत्तूनगला नदी के घाट पर रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के सैरिया नरपत निवासी इमरान और मबतिया के फुरकान ने जबरन बाइक रुकवा ली। आरोप है कि पिता को बंधक बनाकर दोनों महिला को जबरन खींचकर सरसों के खेत में ले गए। वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी शरद मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं से शौचालय साफ कराने का वीडियो हुआ था वायरल

अमृत विचार : दमखोदा ब्लॉक के गरगईया प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं से शौचालय साफ कराने के मामले में प्रधानाध्यापक हैदर अली और सहायक अध्यापक जगदीश को निलंबित कर दिया गया। वायरल वीडियो की जांच और छात्राओं से पूछताछ के बाद बीएसए ने कार्रवाई की।

दमखोदा के खंड शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण कर जांच की। जांच में उन्होंने वीडियो को सात-आठ महीने पुराना बताया है। जांच में पाया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैदर अली, सहायक अध्यापक जगदीश, राजवीर और शिक्षामित्र लाखन सिंह के बीच विवाद की वजह से वीडियो वायरल किया गया। वीडियो में कोई शिक्षक नहीं नजर आ रहा है। वीडियो में दिख रही एक छात्रा ने सहायक अध्यापक जगदीश के कहने पर शौचालय साफ करने की बात कही। वहीं अध्यापक का कहना है कि छात्राएं प्रधानाध्यापक ने बहकावे में उनका नाम ले रही हैं। इस पर अन्य विद्यार्थियों से भी पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि उनसे शौचालय साफ नहीं कराया जाता है। प्रधानाध्यापक ने बताया यह वीडियो उनकी अनुपस्थिति में बनाया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने प्रधानाध्यापक हैदर अली और सहायक अध्यापक जगदीश को स्कूल की छवि धूमिल करने के आरोप में दोषी पाकर लंबित कर दिया है।

पुराने किराएदार ने उड़ाए थे 16 लाख के जेवर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार चोरी हुए जेवरात बरामद

अमृत विचार : रेडीमेड कपड़े व्यापारी के घर से 16 लाख के जेवर चोरी होने की घटना का गुरुवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस घटना को व्यापारी के पुराने किराएदार ने अंजाम दिया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से चोरी हुए जेवर भी बरामद हो गए।

गुरुवार को एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि 29 सितंबर को कॉलोनी के निवासी सुनगढ़ी क्षेत्र की बल्लभ नगर कॉलोनी निवासी रेडीमेड कपड़ा व्यापारी अक्षित गुप्ता मां सीमा गुप्ता के साथ पिंडदान करने बिहार गए थे। उनकी पत्नी कोमल गुप्ता घर में अकेली थीं। रात करीब 12 बजे वह खाना खाने के बाद सो गईं। सुबह को जागने पर उन्होंने देखा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 16 लाख के जेवर गायब थे।

एएसपी ने बताया कि व्यापारी के घर चोरी करने वाला कानपुर देहात के थाना रूरा क्षेत्र के ग्राम अन्दाया का रहने वाला पंकज कुमार निकला। आरोपी देवेंद्र वर्तमान में मुरादाबाद में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी पंकज को बरहा अंडरपास के पास गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी किए गए जेवरात भी मिल गए। आरोपी पंकज कुमार चोरी के जेवर बेचने के लिए सराफा की कई दुकानों पर गया। चूंकि जेवर अधिक थे, लेकिन उसके पास रसीद किसी की नहीं थी। सराफा दुकानदार जेवरों की रसीद मांगते थे। जिसकी वजह से वह जेवर नहीं बेच सका।

बिथरी के कई गांवों में तेंदुए की दहशत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ लगातार वायरल हो रहे हैं तेंदुए के खेतों में टहलने के वीडियो

अमृत विचार : सियार के हमलों के बाद अब बिथरी चैनपुर क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से दहशत फैल गई है। कई वीडियो वायरल हुए हैं जिनमें तेंदुआ खेतों में दिख रहा है। इसके बाद वन विभाग की टीमों ने कई गांवों में कांबिंग की है।

अधिकारियों के मुताबिक, अब तक की जांच में इलाके में तेंदुए के होने की पुष्टि तो नहीं हुई है लेकिन वायरल वीडियो देखने के बाद इस बात से इन्कार भी नहीं किया जा सकता कि इलाके में तेंदुए की मौजूदगी नहीं है। बिथरी चैनपुर के अलग-अलग गांवों में वन विभाग छानबीन कर रहा है। अफसरों के मुताबिक परतापुर समेत बिथरी के जिन गांवों के वीडियो वायरल हुए हैं, उनमें वन विभाग की टीमों ने कांबिंग की है लेकिन अब तक कहीं भी तेंदुए के पग मार्क नहीं मिले हैं।

डीएफओ दीक्षा भंडारी का कहना है कि वीडियो को नजरंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन अब तक कहीं भी तेंदुए के पग मार्क भी नहीं मिले हैं।

वर्ग पहेली-211

बाएं से दाएं

2.1. छोटी मूसल 2. हल्दी की जाति का एक पौधा 3. एक औषधीय पौधा।

5.1. ध्यान से देखना 2. निरीक्षण करना 3. चाव से निहारना।

6.1. किसी कष्ट या आह के कारण गले से खांसने जैसी कराहने की ध्वनि निकलना 2. भारी वस्तु उठाने पर या कुश्ती में गले से निकलने वाली ध्वनि 3. बहुत कठिन परिश्रम करने

8.1. (ज्योतिष) एक प्रकार का योग 2. पुस्तक या ग्रंथ का खंड या विभाग 3. मुख का एक विशेष रोग।

ऊपर से नीचे

1.1. छोटा 2. कनिष्ठ।

3. किसी के द्वारा किसी वस्तु को सुसज्जित कराना, सुसज्जित करवाना।

4. गरजने जैसा शब्द होना, गड़गड़ाना।

5.1. निर्मल या स्वच्छ होना 2. मैल आदि हटने से रंग-रूप का खिलना 3. पहले से बेहतर स्थिति में होना, परिमार्जित होना।

7. आठ टांगों और दो पंजों का एक जलीय कीड़ा, कर्क, (क्रैब)।



वर्ग पहेली -210 का हल

1 स	जू	री	■	2 रो	■
■	■	■	3 ए	ष	णी
■	4 सं	■	■	म	■
5 जी	व	नो	6 पा	य	■
■	र	■	व	■	7 चौ
■	ण	■	दा	■	को
■	■	8 बि	न	वा	ना

सुडोकू -124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3				6				9
	7		5		9	1		
	2		4	8				
5	9				2		1	
6		1				3		7
	8		6				9	4
				1	5		6	
		5	2		4		8	
7				9				3

सुडोकू - 123 का हल

9	8	6	2	1	5	7	4	3
3	1	5	6	4	7	8	9	2
2	4	7	3	9	8	5	6	1
8	5	4	9	2	6	1	3	7
6	3	2	5	7	1	9	8	4
1	7	9	4	8	3	6	2	5
7	2	3	8	5	9	4	1	6
5	6	8	1	3	4	2	7	9
4	9	1	7	6	2	3	5	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 5 अक्टूबर 05 .30 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 18 .38 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। सामाजिक रिश्तों को बेहतर बनाने का प्रयास करें। मांसपेशियों के खिंचाव की समस्या हो सकती है। दस्त और उल्टी की समस्या हो तो सीधे अपने चिकित्सक से संपर्क करें।

वृष — आज रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। मित्रों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अपनी प्रतिभा पर पूर्ण भरोसा रखें। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। वैवाहिक जीवन बेहद सुखद रहेगा।

मिथुन — आज राजनीति में आप काफी रुचि लेंगे। कर्ज बिल्कुल न लें वरना आपको परेशानी हो सकती है। नजदीकी लोग आपसे नाराज रहेंगे। सभी कार्यों को तय समय में पूरा कर लेंगे। कुछ नया जानने व खोजने की इच्छा मन में रहेगी।

कर्क — आज अपनी छवि को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। अपना पूरा फोकस अपने लक्ष्य पर बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में अनुभवी न बुजुर्ग सहकर्मियों का सहयोग मिल सकता है। धन की कमी के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं।

सिंह — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। ऑनलाइन शॉपिंग से आपको काफी अच्छी छूट और ऑफर का लाभ मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ यात्रा की योजना बना सकते हैं। पुरानी चोट का दर्द उभर सकता है। नए व्यापार में आ रही परेशानी दूर होगी।

कन्या — आज उच्चाधिकारी आपके प्रति अच्छा व्यवहार रखेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों को लेकर तनाव में हो सकते हैं। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। आपकी योजना के अनुरूप कार्य नहीं होंगे। वाहन के मेंटीनेंस में धन खर्च हो सकता है।

तुला — आज व्यवसाय में बेहतरीन अवसर मिलने की संभावना बन रही है। इससे आप में एक नया उत्साह और जोश देखने को मिलेगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

वृश्चिक — आज लंबी दूरी की यात्रा न करें। दूसरों की भावनाओं को आप काफी महत्व देंगे, लेकिन लोग आपको उतना भाव नहीं देंगे, जिससे आपको अपमान महसूस हो सकता है। सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

धनु — आज महत्वपूर्ण वस्तुओं व सेवाओं की खरीदारी के समय मोलभाव अवश्य कर लें। शाम के समय आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार में कुछ बड़ी डील हो सकती है।

मकर — आज जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। ऑफिस का काम आपको घर पर भी करना पड़ सकता है। इसके अलावा दिन काफी अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

कुंभ — आज फाइनेंस से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें। दोपहर के बाद सभी काम बनते नजर आएंगे। बौद्धिक विषयों में रुचि लेंगे। अपने शौक के अनुसार करियर बनाने का विचार आ सकता है।

मीन — आज अपने गुप्त रहस्य किसी को न बताएं। अधीनस्थ कर्मचारियों पर निगरानी बनाए रखें। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। मन में महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर शंका रहेगी। गलत आदतों के कारण आलोचना का शिकार हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
सपूत — सुबह : 11 .40
वीरगति — रात : 07 .01

&pictures
नाच लकी नाच — सुबह : 11 .12
द रियल तेवर — रात : 07 .30

SONY PIX
इट — सुबह : 10 .00
लव अगैन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
महाबली — सुबह : 10 .29
सूर्यवंशी — रात : 08 .00

ZEE ACTION
नागमती — सुबह : 10 .31
गुमनाम — रात : 07 .30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

आधी रात को एक लड़के ने अपनी गर्लफ्रेंड के घर का दरवाजा खटखटाया।
ममता- कौन है?
लड़का- मैं हूं?
ममता- मैं कौन?
लड़का अरे बेवकूफ, तू ममता और कौन।

बॉयफ्रेंड- क्या तुम जानती हो कि संगीत में इतनी शक्ति होती है कि पानी गरम हो सकता है।
गर्लफ्रेंड- हां जरूर, क्यों नहीं जब तुम्हारा गाना सुनकर मेरा न खौल सकता है, तो पानी क्यों नहीं!

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	82,497.10	25,250.10
गिरावट	1,769.19	546.80
प्रतिशत में	2.10	2.12

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024

एक नजर

पीएनबी का दूसरी तिमाही में कर्ज वितरण 13% बढ़ा

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में ऋण वितरण 13% बढ़कर 10.64 लाख करोड़ हो गया। पीएनबी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। 30 सितंबर, 2023 के अंत तक बैंक का कुल अग्रिम 9.41 लाख करोड़ था। बैंक ने बताया कि कुल जमा राशि 11.41% बढ़कर 14.59 लाख करोड़ हो गई, जबकि 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के अंत में यह 13.09 लाख करोड़ थी।

इनविट लॉट घटाकर सेबी ने किया 25 लाख

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों की भागीदारी और निवेश साधनों की तरलता बढ़ाने के लिए निजी तौर पर रखे गए ढांचागत निवेश ट्रस्ट (इनविट) के लेनदेन आकार में बड़ी कटौती करते हुए इसे 25 लाख रुपये कर दिया है। निजी तौर पर रखे गए इनविट्स के लिए शेयर बाजार में लेनदेन के लिए मौजूदा लॉट एक करोड़ रुपये निर्धारित है। अगर इनविट अपनी संपत्ति के मूल्य का 80 प्रतिशत हिस्सा पूर्ण और राजस्व अर्जित करने वाली संपत्तियों में निवेश करता है, तो फिर लेनदेन का लॉट दो करोड़ रुपये है।

किसानों को मिलता है ग्राहकों के प्याज पर खर्च का 36%

मुंबई। आरबीआई के शोध पत्र में कहा गया है कि प्याज किसानों को उपभोक्ताओं के खर्च का 36% ही मिलता है। वहीं टमाटर के लिए 33 और आलू में 37% ही मिलता है। पत्र में कृषि विपणन क्षेत्र में सुधार का सुझाव दिया गया है। इसमें किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद के लिए निजी मंडियों की संख्या बढ़ाने की बात शामिल है। टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों को लेकर सब्जियों की महंगाई पर अध्ययन पत्र में कहा गया है, चूंकि सब्जियां जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं हैं, ऐसे में टमाटर, प्याज और आलू के विपणन में पारदर्शिता में सुधार के लिए निजी मंडियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

नए नियम, प. एशिया में तनाव से दोनों सूचकांक दो प्रतिशत टूटे

चीन में बाजार का मूल्यांकन आकर्षक होने से विदेशी निवेशकों रुख बदला

मुंबई, एजेंसी

एफएंडओ में सेबी के नए नियमों और पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव के बीच गुरुवार को हुई बिकवाली से शेयर बाजार 2.10 और निफ्टी 2.12% टूट गया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड के लिए सेबी के नए नियमों ने भी बाजार में सौदों की संख्या कम होने से जुड़ी चिंता बढ़ाने का काम किया है। साथ ही चीन में बाजार का मूल्यांकन आकर्षक होने से विदेशी निवेशकों ने पूंजी का रुख उधर मोड़ दिया है, जिससे भारतीय शेयरों पर दबाव बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 5,579.35 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। व्यापक बाजार में बीएसई का मिडकैप 2.27% जबकि स्मालकैप 1.84% की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में 4.49% की गिरावट रही। पूंजीगत उत्पाद खंड 3.18% और वाहन खंड 2.94% के नुकसान में रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के उप प्रमुख (खुदरा शोध) देवर्ष वकील ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और एफआईआई के भारत से निकलकर चीन का रुख करने की आशंकाएं हावी रहीं। चीन की तुलना में घरेलू बाजारों के अधिक मूल्यांकन से इसे बल मिला।

निवेशकों को हुई लाखों करोड़ रुपये की हानि

नई दिल्ली। चौतरफा बिकवाली से निवेशकों के 9.78 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई की सभी कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बड़ी गिरावट के बीच 4.65 लाख करोड़ पर आ गया। इस गिरावट से निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 9,78,778.57 लाख करोड़ घटकर 4,65,07,685.08 करोड़ रुपये (5.54 लाख करोड़ डॉलर) रह गई।

कॉल ऑप्शन : निवेश का लचीला उपकरण

कॉल ऑप्शन एक डेरिवेटिव अनुबंध है, जो निवेशक को भविष्य में किसी निश्चित तारीख तक या उससे पहले एक निश्चित मूल्य पर एसेट (जैसे स्टॉक) खरीदने का अधिकार प्रदान करता है। यह निवेशकों को बढ़ते बाजार से लाभ कमाने का अवसर प्रदान करता है, बिना उस एसेट को तुरंत खरीदने की जरूरत के। कॉल ऑप्शन में जोखिम और लाभ दोनों ही होते हैं। जहां सही समय पर खरीदी गई कॉल ऑप्शन भारी मुनाफा दे सकती है, वहीं गलत पूर्वानुमान से प्रीमियम की पूरी राशि गंवाई जा सकती है। निवेशकों को इसके लिए ऑप्शन चेन, ग्रीक्स, और वोलैटिलिटी जैसे कारकों पर नजर रखना जरूरी है। आइये इस पर नजर डालें...

मुख्य बिंदु

- **बायर का अधिकार :** कॉल ऑप्शन खरीदने वाले को यह अधिकार होता है कि वह भविष्य में किसी एसेट को निर्धारित मूल्य पर खरीदेगा।
- **प्रीमियम :** कॉल ऑप्शन खरीदने के लिए प्रीमियम का भुगतान करना होता है, जो कि कॉन्ट्रैक्ट की लागत होती है।
- **स्ट्राइक प्राइस :** यह वह मूल्य होता है जिस पर एसेट को खरीदा जा सकता है।
- **एक्सपायरी डेट :** वह अंतिम तारीख जब तक ऑप्शन होल्डर को यह अधिकार होता है।
- **इन-द-मनी (आईटीएम) :** जब एसेट का मार्केट मूल्य स्ट्राइक प्राइस से ऊपर होता है।
- **आउट-ऑफ-द-मनी (ओटीएम) :** जब एसेट का मार्केट मूल्य स्ट्राइक प्राइस से कम होता है।
- **एसेट का प्रकार :** यह स्टॉक, इंडेक्स, या किसी अन्य सिक्योरिटी से संबंधित हो सकता है।

कॉल ऑप्शन का उपयोग निवेशक लाभ कमाने, हेजिंग या किसी अन्य स्ट्रैटेजी के हिस्से के रूप में करते हैं।

जोखिम

- **प्रीमियम :** अगर ऑप्शन एक्सपायर हो गया और आप एक्सरसाइज नहीं करते, तो पूरा प्रीमियम खो जाएगा।
- **वोलैटिलिटी :** अगर स्टॉक की कीमत कम बढ़ती है या स्थिर है, तो प्रीमियम गिरता है। इसका गिरना ऑप्शन की वैल्यू कम करता है।
- **टाइम डिके :** एक्सपायरी डेट पास आते-आते ऑप्शन का मूल्य घटता है, जिसे थीटा कहते हैं। समय के साथ कॉल की कीमत कम होती है, अगर स्टॉक की कीमत में उछाल नहीं आता।
- **अनुमान का गलत होना :** अगर आपने कॉल ऑप्शन खरीदा और स्टॉक की कीमत उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ी, तो आपको नुकसान हो सकता है।

कॉल में संभावनाएं ज्यादा होती हैं, लेकिन इसमें जोखिम भी अधिक है। इसलिए इससे जुड़े रिस्क को समझना आवश्यक होता है।

विश्लेषण

- **प्राइस मूवमेंट :** स्टॉक की वर्तमान कीमत और स्ट्राइक प्राइस में अंतर देखें। अगर स्टॉक की कीमत स्ट्राइक प्राइस से ऊपर जाने की संभावना है, तो कॉल ऑप्शन की वैल्यू बढ़ेगी।
- **टाइम टू एक्सपायरी :** एक्सपायरी जितनी नज़दीक आती है, ऑप्शन की कीमत में बदलाव आता है। यदि स्टॉक की कीमत बढ़ती है, तो ऑप्शन की वैल्यू बढ़ती है, लेकिन कीमतें नहीं बढ़ीं, तो ऑप्शन बेमूल्य हो सकता है।
- **इम्प्लाइड वोलैटिलिटी :** ये दर्शाता है कि भविष्य में कीमतें कितनी तेज या धीमी हो सकती है। अगर वोलैटिलिटी बढ़ती है, तो ऑप्शन की कीमत भी बढ़ती है।
- **ऑप्शन चेन :** यह सभी ऑप्शंस को दिखाता है, जिनमें स्ट्राइक प्राइस, प्रीमियम, एक्सपायरी डेट, और वोलैटिलिटी की जानकारी होती है।
- **ऑप्शन ग्रीक्स :** ग्रीक्स वो संकेतक होते हैं जो ऑप्शन की कीमत में बदलाव का अनुमान लगाने में मदद करते हैं।

देश के शीर्ष आठ शहरों में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की इंडिया रियल एस्टेट रिपोर्ट**

देश में मकानों तथा कार्यालय स्थलों की ऊंची मांग के दम पर आठ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 5 और कार्यालय स्थल की कुल मांग 18% बढ़ी है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने गुरुवार को तीसरी तिमाही के लिए रिपोर्ट इंडिया रियल एस्टेट जारी की।

आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर में आठ शहरों में मकानों की बिक्री 5% बढ़कर 87,108 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 82,612 इकाई थी। कार्यालय स्थल की मांग 1.61 करोड़ वर्ग फुट से 18% बढ़कर 1.9 करोड़ वर्ग फुट हो गई। यह वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने की इच्छुक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की उच्च मांग से प्रेरित रही। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट एनारॉक और प्रॉपइक्विटी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के विपरीत है।

युवाओं को काबिल बनाने के लिए 800 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

- **एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में मिलेगा प्रशिक्षण**
- **चयनित युवाओं को 5,000 रुपये मासिक मिलेगी वित्तीय सहायता**
- **चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर देने की योजना**

सरकार ने युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के लिए गुरुवार को पायलट आधार पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की। इसके तहत चयनित युवाओं को 5,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता मिलेगी और उन्हें इंटर्नशिप के लिए जॉवइन करने को लेकर एकबारगी 6,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने की योजना है। इस पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा था कि सरकार इंटर्नशिप के लिए व्यापक योजना शुरू करेगी। इसके तहत पांच साल में एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें कारोबारी माहौल, विभिन्न क्षेत्रों में 12 महीने कामकाज के गुर सीखने का मौका और रोजगार के अवसर मिलेंगे। सूत्रों ने कहा कि योजना को ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पीएमइंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट गॉव डॉट इन के जरिये लागू किया जाएगा। पोर्टल का विकास कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने किया है।

इंटर्नशिप के लिए चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवर दिया जाएगा। प्रीमियम का भुगतान सरकार करेगी। कंपनियां उम्मीदवार को अतिरिक्त दुर्घटना बीमा दे सकती हैं। सूत्रों ने कहा कि पायलट परियोजना दिसंबर के पहले सप्ताह में पूरी होने की उम्मीद है, जिसके बाद इसे लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार की नौकरियों में आरक्षण का नियम इस योजना में भी लागू होगा।

कैप्टिव, वाणिज्यिक ब्लॉक से कोयला उत्पादन 32% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कोयला मंत्रालय ने कहा- दोनों ब्लॉक से उत्पादन व आपूर्ति में हुई उल्लेखनीय वृद्धि**

कैप्टिव तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में 32% बढ़कर 7.972 करोड़ टन (एमटी) हो गया। 2023-24 की पहली छमाही में कैप्टिव तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन 6.052 करोड़ टन था।

कोयला आपूर्ति सालाना आधार पर 34% की वृद्धि हुई, जो 2023-24 की पहली छमाही में 6.537 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 की पहली छमाही में 8.786 करोड़ टन हो गई। कोयला मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की पहली छमाही यानी एक अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 के दौरान कैप्टिव तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन व आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई। कोयला उत्पादन सितंबर 2023 के 1.040 करोड़ टन से 32% बढ़कर पिछले महीने 1.374 करोड़ टन हो गया।

राष्ट्रीय

एक नजर

महादेव एप : छत्तीसगढ़ के कारोबारी को जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महादेव सट्टेबाजी एप से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले साल अगस्त में ईडी द्वारा गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के कारोबारी सुनील दम्मानी को गुरुवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें दम्मानी को जमानत देने से इनकार किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि दम्मानी 23 अगस्त, 2023 से हिरासत में हैं।

राजद के प्रदेश महासचिव को अपराधियों ने मारी गोली

मुंगेर। बिहार में मुंगेर जिले के कासिमबाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने गुरुवार सुबह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को गोली मारकर घायल कर दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) राजेश कुमार ने बताया कि पंकज यादव सुबह हवाईअड्डा परिसर में मार्निंग वाक कर रहे थे। दो बाइक पर सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया। घायल राजद नेता को निजी अस्पताल में भर्ती है।

लड्डू : कोर्ट की निगरानी में जांच पर आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट तिरुपति में लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के मामले में अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध वाली याचिका समेत अन्य पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से अनुरोध किया कि शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे मामले को लिया जा सकता है। पहले इस सुनवाई गुरुवार को अपराह्न 3.30 बजे होनी थी। मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ से कहा कि अगर आप अनुमति दें तो क्या मैं कल सुबह 10.30 बजे जवाब दे सकता हूं? पीठ ने इसे स्वीकार कर लिया और कहा कि वह शुक्रवार को सुनवाई होगी।

पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन को ईडी ने किया तलब

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन की जांच में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। पूर्व क्रिकेटर ने एजेंसी से और समय मांगा। अजहरुद्दीन को 8 अक्टूबर को पेश होने के लिए नया समन जारी हुआ है। ईडी ने पिछले साल नवंबर में एचसीए के पूर्व पदाधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे थे, जिनमें पूर्व उपाध्यक्ष एवं क्रिकेटर शिवलाल यादव, कांग्रेस विधायक एवं एचसीए के पूर्व अध्यक्ष गद्दाम विनोद, पूर्व सचिव अरशद अयूब के अलावा एसएस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर व एमडी सत्यनारायण के आवास शामिल थे।

कांग्रेस यानी दलाल-दामाद का सिंडिकेट : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा - हरियाणावासी देशभक्त, भारत को मजबूती देने वाली पार्टी को चुनेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- **बोले- कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की गारंटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के लोगों को देशभक्त और कांग्रेस को विभाजनकारी करार देते हुए कहा कि आज दुनिया भारत की ओर उम्मीद से देख रही है, लिहाजा वे राज्य में ऐसी सरकार चुनें जो भारत को मजबूती देने की दिशा में प्रयास करे। मतदान के लिए प्रचार थमने से पहले मोदी ने मतदाताओं से एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने की अपील करते हुए दावा किया कि कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता और भाई-भतीजावाद की गारंटी है। कांग्रेस यानी दलाल और दामाद का सिंडिकेट...।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर सिलसिलेवार किए पोस्ट में कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए काम किया है। हमने सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। किसान हों, युवा हों, महिलाएं हों, गांव और शहरों का विकास हो, हमने कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। हम हरियाणा को कांग्रेस के घोटालों और दंगों वाले दौर से बाहर निकालकर लाए हैं।

मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उससे उन्हें पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर आशीर्वाद देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के देशभक्त लोग, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे। गांधी और हुड्डा परिवार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता और भाई-भतीजावाद की गारंटी' है। बापू-बेटे की राजनीति का मूल उद्देश्य सिर्फ स्वार्थ है। कांग्रेस यानी दलाल और दामाद का सिंडिकेट। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल से कर्नाटक तक कांग्रेस की सरकारें विफल साबित हुई हैं और साथ ही आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां लोगों को तबाह करती हैं।

हरियाणा विस चुनाव का प्रचार थमा, शनिवार को मतदान

चंडीगढ़। हरियाणा में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आने को तो कांग्रेस को एक दशक के बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद। चुनाव में दो करोड़ से अधिक मतदाता पात्र हैं, जिनमें 8,821 की उम्र 100 साल से अधिक है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि 90 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान पांच अक्टूबर को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। कुल 20,629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

भाजपा साबित कर दे कि वाड्रा को जमीन दी, मैं राजनीति छोड़ दूंगा : हुड्डा

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए गुरुवार को कहा कि अगर वह यह साबित कर दे कि कांग्रेस शासन में रॉबर्ट वाड्रा को सरकारी जमीन दी तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। भाजपा ने कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में शासनकाल के दौरान किसानों की जमीन औने-पौने दामों में अपने दामादों को दी थी। भाजपा ने सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा पर निशाना साधते हुए यह बात कही थी। हुड्डा ने करनाल में कहा कि मैं चुनौती देता हूं कि वे जमीन का ब्योरा दें। कांग्रेस ने रॉबर्ट वाड्रा को एक इंच भी जमीन नहीं दी। मैं चुनौती देता हूं कि अगर भाजपा वाड्रा को जमीन देने का सबूत दिखाए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

देश में मोहब्बत-नफरत के बीच लड़ाई : राहुल गांधी

नूंह/महेंद्रगढ़(हरियाणा), एजेंसी

- **कांग्रेस नेता ने नूंह की चुनावी सभा में भाजपा सरकार पर किए तीखे हमले**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को हरियाणा की भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि राज्य में कांग्रेस का तूफान आ रहा है तथा मोहब्बत की सरकार बनने जा रही है। गांधी ने नूंह में सभा में भाजपा पर तीखे हमले किए और कहा कि आज मोहब्बत और नफरत के बीच लड़ाई है। पिछले साल नूंह में विश्व हिंदू परिषद के जुलूस पर भीड़ के हमला करने के बाद हिंसा भड़क गई थी जिसमें दो होम गार्ड और एक मौलवी सहित छह लोगों की मौत हो गई थी।

राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आरोप लगाया कि कि कांग्रेस प्यार फैलाती है जबकि भाजपा नफरत। राहुल ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण चीज भाईचारा है। भाजपा और आरएसएस के लोग जहां जाते हैं, नफरत फैलाते हैं। वे जिस भी राज्य में जाते हैं, कहीं भाषा तो कहीं धर्म और कहीं वे जाति के बारे में बात करते हैं। गांधी का कहना था कि नफरत को खत्म करना होगा। भारत नफरत का नहीं मोहब्बत का देश है। उन्होंने कहा कि भारत मोहब्बत की दुकान का देश है, नफरत का बाजार का नहीं है। हम देश में इस नफरत को जीतने नहीं देंगे।

सीएक्यूएम ने पराली जलाने से रोकने का नहीं किया प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को एक सप्ताह में हलफनामा देने का निर्देश दिया**

सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में विफल वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को गुरुवार को फटकार लगाई और कहा कि उसने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उसके निर्देश लागू करने का प्रयास नहीं किया है। कोर्ट ने केंद्र और सीएक्यूएम को इस मामले में एक सप्ताह में हलफनामा देने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 16 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि सीएक्यूएम ने पराली जलाने के खिलाफ एक भी मुकदमा शुरू नहीं किया है। इस मुद्दे पर 29 अगस्त को बैठक हुई थी। न्यायालय ने कहा कि बैठक में 11 में से पांच सदस्य ही मौजूद थे, जहां उसके निर्देशों पर चर्चा तक नहीं हुई।

एनआईए अधिकारी रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने एनआईए की पटना इकाई में तैनात पुलिस उपाधीक्षक और दो बिचौलियों को एक व्यक्ति से 20 लाख की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए के आरोपी अधिकारी ने व्यक्ति को उसके खिलाफ जारी मामले की जांच से बचाने के लिए रिश्वत ली थी।

सीबीआई.को रमैया कंस्ट्रक्शन के मालिक रॉकी यादव से शिकायत मिली थी कि पुलिस उपाधीक्षक अजय प्रताप सिंह उसके परिवार को बिना लाइसेंस के हथियार रखने के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर उससे पैसे वसूल रहे हैं। एनआईए ने 19 सितंबर को यादव के परिसरों की तलाशी ली थी और उसे 26 सितंबर को मामले के जांच अधिकारी सिंह के समक्ष पूछताछ के लिए आने को कहा था। सिंह पर आरोप है कि उसने यादव को धमकी दी और जांच परिणामों से बचाने के लिए 2.5 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी।

ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु जग्गी वासुदेव की ओर से कोयंबटूर में संचालित ईशा फाउंडेशन आश्रम के खिलाफ दो महिलाओं को बंधक बनाकर रखने के मामले में तमिलनाडु पुलिस की कार्रवाई पर गुरुवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने ईशा फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा मौखिक उल्लेख पर आदेश पारित किया, जिसमें हाईकोर्ट के निर्देश और टिप्पणियों पर आपत्ति जताई गई। सुप्रीम कोर्ट ने 39 और 42 साल की दो साध्वियों से बात की और पाया कि वे बिना दबाव के वहां रह रही हैं।

मराठी, बांग्ला समेत 5 भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी अध्यक्षता की। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि शास्त्रीय भाषाएं भारत की सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक हैं तथा प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सार को प्रस्तुत करती हैं। भारत सरकार ने 2004 को शास्त्रीय भाषा की नई श्रेणी बनाने का निर्णय लिया, जिसके तहत तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया को इसमें शामिल किया गया। 2013 में महाराष्ट्र सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का अनुरोध किया था। महाराष्ट्र में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और यह एक बड़ा चुनावी मुद्दा था। इस बीच, बिहार, असम और बंगाल से भी पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे।

बदलापुर मामला

आरोपी की मौत की जांच रिपोर्ट 18 नवंबर तक दें

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को मजिस्ट्रेट को बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत की जांच रिपोर्ट 18 नवंबर तक देने को कहा है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया।

पीठ ने आदेश दिया कि मामले से संबंधित सभी साक्ष्य जुटाएं, संरक्षित करें और फोरेंसिक विशेषज्ञों से उनकी जांच कराएं। पुलिस जांच में फोरेंसिक साक्ष्य शामिल करे, जिसमें आरोपी पुलिस की गोलीबारी में मारा गया था।

बृज बिहारी की हत्या में दो दोषियों को उम्रकैद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की 1998 में हुई हत्या में पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, संजय कुमार और आर महादेवन की पीठ ने मंटू तिवारी व पूर्व विधायक को 15 दिन में आत्मसमर्पण करने को कहा। अदालत ने पूर्व सांसद सूरजभान सिंह समेत छह अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी करने के हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।

कर्नाटक के मंत्री बोले- जिन्ना नहीं, सावरकर थे कट्टरपंथी

बेंगलुरु। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने दावा किया है कि विनायक दामोदर सावरकर मांस खाते थे और वह गो वध के खिलाफ नहीं थे। बुधवार को राव ने कहा कि सावरकर ब्राह्मण थे और वह मांस खाते थे। वह गो वध के खिलाफ नहीं थे। मंत्री ने दावा किया कि कुछ लोग कहते हैं कि वह बीफ भी खाते थे। एक ब्राह्मण के रूप में वह मांसाहार का खुलेआम समर्थन करते थे। राव ने कहा कि महात्मा गांधी शाकाहारी थे और हिंदुत्व के प्रति उनकी दृढ़ आस्था थी। कहा कि एक अन्य ध्रुव मोहम्मद अली जिन्ना थे। वह शराब पीते थे। कहा जाता है कि वह सूअर का मांस भी खाते थे, लेकिन जिन्ना कट्टरपंथी नहीं थे, बल्कि सावरकर कट्टरपंथी थे।

- **दावा- वे मांस खाते थे और गो वध के खिलाफ नहीं थे**

चुनाव से दो दिन पहले भाजपा नेता तंवर कांग्रेस में शामिल

चंडीगढ़, एजेंसी

- **महेंद्रगढ़ जिले में आयोजित राहुल गांधी की रैली में हुए शामिल**

भाजपा को छोड़कर उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अशोक तंवर हरियाणा में विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले गुरुवार को महेंद्रगढ़ जिले में राहुल गांधी की रैली में कांग्रेस में शामिल हो गए। जैसे ही गांधी भाषण समाप्त कर रहे थे, मंच से घोषणा की गई जिसमें दर्शकों से कुछ मिनट प्रतीक्षा करने को कहा गया। इसके तुरंत बाद तंवर मंच पर आए और घोषणा की गई कि आज उनकी घर वापसी हो गई है। तंवर इस वर्ष की शुरुआत में भाजपा में शामिल हुए थे। तंवर ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ मतभेदों के बाद 2019 में पार्टी छोड़ दी थी। चुनाव प्रचार शाम छह बजे समाप्त होने से कुछ घंटे पहले वह पार्टी में शामिल हुए। तंवर को राहुल गांधी का करीबी माना जाता था। दलित समुदाय के नेता तंवर की कांग्रेस में वापसी से पार्टी को मजबूती मिलने की संभावना है।

कालकाजी मंदिर में करंट से एक की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के कालकाजी मंदिर में बुधवार आधी रात को 17 वर्षीय लड़के को करंट लगने के बाद भगदड़ मच गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि करंट से लड़के की मौत हो गई और भगदड़ में छह लोग घायल हो गए। पुलिस को बुधवार रात 12.40 बजे कालकाजी मंदिर के पास भगदड़ की सूचना मिली थी। इसके बाद वह फोरेंसिक टीम और बीएसईएस के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची और छह घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर और सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया।

जांच में मुख्य आरोपी के तार राजनीतिक दल से जुड़े मिले

मादक पदार्थ जब्ती मामला

नई दिल्ली। शहर में मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त होने के मामले में जांच तेज करते हुए दिल्ली पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की हैं। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी के राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेताओं के साथ कथित संबंध होने का पता चला है। पुलिस ने बुधवार को दक्षिण दिल्ली से 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त करने का दावा किया, जिसकी अनुमानित कीमत 5,620 करोड़ रुपये है। विशेष शाखा ने दिल्ली निवासी तुषार गोयल, हिमांशु और औरंगजेब सिद्दीकी तथा मुंबई निवासी भरत जैन (48) को गिरफ्तार किया है।

खेल डायरी

टी-20 फ्रेंचाइजी के लिए सीएसए अनुबंध से हटे तबरेज

जोहानिसबर्ग। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी ने गुरुवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के केंद्रीय अनुबंध पूल से हटने का फैसला किया ताकि वह दुनिया भर की टी-20 लीग में अधिक सक्रिय रूप से हिस्सा ले सकें। हालांकि शम्सी अब भी दक्षिण अफ्रीका के लिए सफेद गेंद के प्रारूपों में बड़े द्विपक्षीय या आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। शम्सी ने सीएसए द्वारा जारी एक बयान में कहा मैंने अपने केंद्रीय अनुबंध से हटने का फैसला किया है ताकि घरेलू सत्र के दौरान और अधिक लचीलापन आ सके और मैं सभी उपलब्ध मौकों का फायदा उठा सकूं तथा अपने परिवार की सर्वश्रेष्ठ तरीके से देखभाल कर सकूं। शम्सी ने हालांकि दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा होने की उम्मीद जताई।

वंशिक के नाम दो स्वर्ण सहित चार पदक

मुंबई। वंशिक ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत का बाली चरण में अभियान दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। खास बात है कि भारत के इन चारों पदक में वंशिक का योगदान रहा। उन्होंने पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ईशा लखानी के साथ मिलकर 35 से अधिक उम्र के युगल वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। वंशिक ने इसके साथ ही तेजस के साथ पुरुष युगल और वृषाली के साथ मिश्रित युगल में रजत पदक जीत कर अपने अभियान को यादगार बनाया। स्वर्ण पदक विजेता ईशा और वंशिक ने कहा, ऐसे प्रतिष्ठित आयोजन में स्वर्ण पदक जीतना सपने के सच होने जैसा है।

कृष्णव चोपड़ा संयुक्त 12वें स्थान पर

गोटेम्बा (जापान)। भारत के पूर्व क्रिकेटर निखिल चोपड़ा के बेटे कृष्णव चोपड़ा ने यहां एशिया पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप (एएसी) के शुरूआती दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 12वें स्थान पर बने हुए हैं। वह शीर्ष पर चल रहे इंडोनेशिया के रैंडी बिनटांग (65) से तीन शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में वेदांत सिरोही (69) संयुक्त 16वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि कार्तिक सिंह 71 के कार्ड से संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। वहीं पदार्पण कर रहे रक्षित दहिया ने 75 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 69वें स्थान पर बने हुए हैं। अमेरिका में लोंग आइलैंड पर कॉलेज गोल्फ खेलने वाले 19 वर्षीय चोपड़ा ने चार बर्डी लगाई जबकि दो बोगी कर बैठे।

महिला लीग भारतीय हॉकी के लिए गेम चेंजर : सविता

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने हॉकी इंडिया लीग में महिलाओं के लिये अलग स्पर्धा शुरू करने के हॉकी इंडिया के फैसले की प्रशंसा करते हुए इसे देश में खेल के लिए गेम चेंजर बताया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार हॉकी इंडिया लीग में पुरूषों के साथ महिला टीमें भी भाग लेंगी। दिसंबर के आखिरी सप्ताह से फरवरी 2025 तक चलने वाली एफआईएच से मान्यता प्राप्त इस लीग में पुरूष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीमें भाग लेंगी। सविता ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा महिलाओं के लिए एक अलग लीग गेम चेंजर होगी और भारतीय हॉकी के लिये बड़ा कदम होगा। युवा खिलाड़ियों के लिए यह मंच उन्हें उच्च स्तर पर खेलने का मौका देगा और बतौर खिलाड़ी निखारने में भी मदद करेगा।

खुशी ने 50 मीटर राइफल 3पी निशानेबाजी में जीता कांस्य

लीमा। खुशी ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक हासिल किया। पेरू की राजधानी लीमा में बुधवार को हुए स्पर्धा में खुशी ने 447 .3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित भारत के पदकों की संख्या 15 हो गई है। भारत पदक तालिका में शीर्ष पर है। खुशी ने क्वालिफिकेशन राउंड में 585-29x स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। साथी भारतीय निशानेबाज अनुष्का थोकुर, 585-26x के साथ 11वें, साक्षी पाडेकर, 581-28x के साथ 24वें, मेल्विना असफल रहीं।

पाउला बाडोसा ने झांग को हराया

चाइना ओपन : यूलिया को हराकर गॉफ सेमीफाइनल में पहुंचीं

कोको गॉफ >>

बीजिंग, एजेंसी

- अंतिम चार में स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला से भिड़ेंगी कोको गॉफ
- शंघाई मास्टर्स में बेरेटिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिस्टोफर ओकॉनेल को हराया

स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चल रहे चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय दावेदार झांग शुआई को 6-1, 7-6 (4) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बाडोसा ने मई से अब तक अपने 35 में से 28 मुकाबले जीते हैं और वह पिछले पांच टूर्नामेंट में से तीन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी।

45 वर्षीय झांग ने इस प्रतियोगिता में 24 मैचों में हार के बाद वाइल्ड कार्ड धारक के रूप में प्रवेश किया था हालांकि उन्होंने इस सप्ताह अपने चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया। झांग के खिलाफ शुरुआती सेट को आसानी से जीतने वाली बाडोसा ने दूसरा सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और क्वार्टरफाइनल के टाईब्रेक में प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त दे दी। वहीं, छठी रैंकिंग की खिलाड़ी कोको गॉफ ने यूक्रेन की क्वालीफायर खिलाड़ी यूलिया स्टारोडुबत्सेवा के खिलाफ पहले सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की। गॉफ अंतिम चार में स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा से भिड़ेंगी।

<< पाउला बाडोसा

दूसरी ओर शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में इटली के माटेओ बेरेटिनी ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रिस्टोफर ओकॉनेल को दो घंटे और 13 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-6, (9) 7-6 (6) से पराजित किया। पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट बेरेटिनी का सामना अगले दौर में 14वें स्थान पर काबिज होल्गर रूने से होगा। पहले दौर के अन्य मुकाबलों में मार्कोस गिरोन, डेविड गोफिन, जैम मुनार, झोउ यी, जैकब मेनसिक और मिओमिर केकमैनोविच ने जीत दर्ज की।

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को शीर्ष प्रदर्शन की उम्मीद

दुबई, एजेंसी

महिला टी-20 विश्व कप

- भारतीय महिला टीम का पहला मुकाबला आज

भारत शुक्रवार को यहां महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अपने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा तो सीनियर स्टार खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की दरकार होगी क्योंकि टीम अतीत में बेहद करीब पहुंचकर चूकने की यादों से उबरने के लिए सकारात्मक शुरुआत के लक्ष्य के साथ उतरेगी।

संभवतः अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर कई बार खिताब के करीब पहुंचकर चूकने और निराशाजनक क्षणों की गवाह रही हैं जिसमें टी-20 विश्व कप 2020 में मेलबर्न में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार भी शामिल है। अतीत की तरह यह भारतीय टीम भी प्रतिभा से भरपूर है और संभवतः केवल ऑस्ट्रेलिया के पास ही इतनी अच्छी टीम है। लेकिन मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के पास छह टी-20 विश्व कप खिताब हैं जबकि भारत को पहले खिताब का इंतजार है।

पाकिस्तान ने श्रीलंका को 31 रन से हराया

शारजाह। पाकिस्तान ने महिला टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में गुरुवार को यहां श्रीलंका को 31 रन से हराया। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 116 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके स्पिनरों ने श्रीलंका की टीम के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा बना दिया जिसकी टीम नौ विकेट पर 85 रन ही बना पाई।

आईसीसी ने शुरू किया एआई उपकरण

दुबई। आईसीसी ने महिला टी-20 विश्व कप में क्रिकेट समुदाय, खिलाड़ियों और प्रशंसकों को विषाक्त सामग्री से बचाने, एक सुरक्षित और समावेशी ऑनलाइन वातावरण बनाने के लिये एक सोशल मीडिया मॉडरेशन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरण युक्त कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की शुरुआत की है।

विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना में मेस्सी की वापसी

ब्यूनस आयर्स। स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ होने वाले दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है।

37 वर्षीय मेस्सी टखने की चोट के कारण हाल ही में हुए मुकाबलों से बाहर रहे थे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने 10 अक्टूबर को वेनेजुएला और उसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में बोलीविया से होने वाले मैचों के लिए बुधवार को टीम की घोषणा की। कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका फाइनल में चोटिल होने के बाद मेस्सी पिछले दो दौर के मुकाबले नहीं खेल पाए थे। अर्जेंटीना 18 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में सबसे आगे है। उसके बाद कोलंबिया के 16 और उरुग्वे के 15 अंक हैं। यहां से शीर्ष छह टीमें 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

चैंपियंस लीग में लिली से हारा रियल मैड्रिड

मैड्रिड, एजेंसी

काइलियान एमबापे स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे लेकिन गत चैंपियन रियाल मैड्रिड को बुधवार को यहां चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिली के खिलाफ 0-1 की हार से नहीं बचा पाए। पैर की मांसपेशियों में मामूली चोट के बाद एमबापे को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारा।

लिली के लिए मैच का एकमात्र गोल कनाडा स्ट्राइकर जोनाथन डेविड ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर दागा। वीडियो समीक्षा में पाया गया कि मिडफील्डर एडवर्डो कैमाविंगा का हाथ गेंद पर लगा था जिसके बाद लिली को पेनल्टी मिली। पिछले सप्ताहांत हैट्रिक बनाने वाले डेविड ने इसके बाद गोलकीपर एंड्री लुनिन को छकाते हुए गोल किया। एमबापे रियल मैड्रिड के लिए 57वें मिनट में मैदान पर आए लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए।

एस्टन विला और बायर्न म्यूनिख के बीच मैच के बाद जश्न मनाते एस्टन विला के जॉन ड्यूरन, बाएं और लुकास डिग्ने। ● एजेंसी

लीवरपूल ने मिडफील्डर एलेक्सिस मैक एलिस्टर और दिग्गज फारवर्ड मोहम्मद सालाह के गोल से बोलोग्ना को 2-0 से हराया। इस बीच स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरान ने अंतिम लम्हों में गोल करके एस्टन विला को बायर्न म्यूनिख पर 1-0 से जीत दिलाई। यूवेंटस ने लेपजिग को 3-2 से हराया जबकि बेनेफिका ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से रौंदा। इटली की टीम अटलांटा ने यूक्रेन के शाख्तर पर 3-0 से जीत दर्ज की जबकि नीदरलैंड के क्लब फेयेनोर्ड ने गिरोना पर 3-2 से जीत हासिल की।

इंटर मिलान ने एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड जीती, मेस्सी की 46वीं ट्रॉफी

कोलंबस (ओहियो)। इंटर मिलान ने बुधवार को यहां गत चैंपियन कोलंबस क्रू को 3-2 से हराकर मेजर लीग सॉकर सपोर्टर्स शील्ड जीत ली। लियोनल मेस्सी ने पहले हाफ के अंतिम लम्हों में दो गोल दागे जबकि गोलकीपर ड्रेक कैलेंडर ने 84वें मिनट में पेनल्टी किक रोककर टीम की जीत सुनिश्चित की। नियमित सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को सपोर्टर्स शील्ड दी जाती है। मेस्सी की यह 46वीं ट्रॉफी है जो उन्होंने अपने क्लब या देश के लिए जीती है। उन्होंने पुरुष फुटबॉल के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी के रिकॉर्ड को और बेहतर किया। इंटर मियामी के लीग सत्र में 20 जीत, चार हार और आठ ड्रॉ से 68 अंक रहे। अपने अंतिम दो मैच जीतकर इंटर मियामी कुल अंकों को 74 तक पहुंचा सकती है जो नया रिकॉर्ड होगा।

गैरी कर्स्टन के कारण बाबर ने छोड़ी कप्तानी

- कर्स्टन ने रिपोर्ट में कहा- कप्तान के तौर पर बाबर के दबाव झेलने की क्षमता से नहीं बहुत प्रभावित

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने सीमित ओवरों के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सौंपी गई रिपोर्ट को लेकर इसके दोनों प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ दी। बोर्ड के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक यह स्पष्ट था कि जुलाई में टी-20 विश्व कप के बाद बाबर का कप्तानी को लेकर मोहभंग हो गया था।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए इस विश्व कप में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा कर्स्टन और यहां तक कि सहायक कोच अजहर महमूद की टिप्पणियों और सिफारिशों से बाबर खुश नहीं थे और उन्हें लगा कि टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए केवल उन्हें दोषी ठहराया गया है। कर्स्टन की रिपोर्ट के कुछ हिस्सों के सार्वजनिक होने के बाद बाबर ने क्रिकेट बोर्ड को संकेत दिया था कि उन्हें कप्तान बने रहने में कोई दिलचस्पी नहीं है। अंदरूनी सूत्र ने कहा कि बाबर ने बोर्ड अधिकारियों के इस बात को लेकर निराशा जताई कि पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) ने उनके पिछले प्रदर्शन और परिणामों पर विचार नहीं किया। बोर्ड ने उन पर जरूरी विश्वास और भरोसा भी नहीं दिखाया। सूत्रों के मुताबिक कर्स्टन ने बोर्ड को अपनी रिपोर्ट में ड्रेसिंग रूम के माहौल के साथ-साथ इंग्लैंड और टी-20 कप विश्व कप में कुछ खिलाड़ियों के व्यवहार और असहयोग पर भी चर्चा की थी।

कर्स्टन कप्तान के तौर पर बाबर के दबाव झेलने की क्षमता से बहुत प्रभावित नहीं है। उनके मुताबिक पिछले साल से मानसिक तनाव और आलोचना के बाद एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में टीम में उनकी भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। पीसीबी सफेद गेंद प्रारूप में कप्तान के नाम की घोषणा करने की जल्दी में नहीं है। उसने चयनकर्ता असद शफीक और चयन समिति के कुछ सदस्यों से गहन विचार विमर्श करने के बाद नाम की सिफारिश को कहा है।

पतन के लिए मुदस्सर ने पीसीबी को ठहराया दोषी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुदस्सर नजर ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी के बीच बढते तनाव के लिए पीसीबी को दोषी ठहराते हुए कहा कि बोर्ड को कप्तान का साथ देना चाहिए। बाबर ने पाकिस्तान की कप्तानी से बुधवार को दूसरी बार इस्तीफा दे दिया। इससे पहले उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद कप्तानी छोड़ी थी जब शाहीन को सीमित ओवरों के प्रारूप में कप्तान बनाया गया था। पीसीबी ने इस साल मार्च मे फिर बाबर को सीमित ओवरों का कप्तान बनाया। मुदस्सर ने यूएई में क्रिकेट प्रेडिक्टा कांक्लेव से इतर पीटीआई से कहा यह सब हमारा किया धरा है (बाबर और शाहीन के बीच मतभेद)। हमें कप्तान को लंबा कार्यकाल देना चाहिए और अगर किसी और को कप्तान बनाया गया है तो उसे भी समय दिया जाना चाहिए।

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए घोषित की टीम

लंदन। इंग्लैंड ने जोस बटलर की अगुवाई में वेस्टइंडीज के दौरे के लिए अपनी सीमित ओवरों के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषणा की है। बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर रहे थे। इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में बराबरी की थी और एकदिवसीय सीरीज में मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था।

बटलर की अनुपस्थिति में फिल साल्ट और हैरी ब्रुक ने क्रमशः टी-20 और एकदिवसीय टीमों की अगुआई की थी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैड की टीम में लेग स्पिनर जाफर चौहान, जॉन टर्नर और डैन मूसली अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड 31 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। वेस्टइंडीज दौरे के लिए घोषित की गई इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली और जॉन टर्नर शामिल है।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले वनडे में आयरलैंड को 139 रन से हराया

अबु धाबी, एजेंसी

- रेयान रिकेल्टन ने खेली 91 रनों की शानदार पारी, आयरलैंड के एडेयर ने 10 ओवर में 50 रन देकर चटकाए चार विकेट

मार्क एडेयर ने आयरलैंड के लिए चार विकेट चटकाए लेकिन इसके बावजूद टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 139 रन से हार का समना करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (91 रन, 102 गेंद, तीन छक्के, सात चौके) और ट्रिस्टन स्टब्स (79) के अर्धशतक से नौ विकेट पर 271 रन का स्कोर खड़ा किया। रिकेल्टन और स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की साझेदारी की और दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटकों से उबारा। इसके बाद लिजाड विलियम्स (32 रन पर चार विकेट) ने आयरलैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया और आठ ओवर के शुरुआती स्पैल में तीन विकेट चटकाए। आयरलैंड ने शुरुआती 15 ओवर में ही पांच विकेट गंवा दिए। विलियम्स के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के अलावा लुंगी एनगिडी और ब्योर्न फोर्टुइन ने भी दो-दो विकेट हासिल किए जिससे आयरलैंड की टीम 31.5 ओवर में 132 रन पर आउट हो गई। आयरलैंड के लिए जॉर्ज डॉकरेल 32 गेंद में 21 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। इससे पहले एडेयर ने 10 ओवर में 50 रन देकर चार विकेट चटकाए। रविवार को भी इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 रन देकर चार विकेट चटकाए थे जिससे आयरलैंड ने टी-20 श्रृंखला के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस प्रारूप में अपनी पहली जीत हासिल की। टी-20 मैचों की तरह वनडे श्रृंखला भी अबु धाबी में हो रही है।

बॉलीवुड हलचल

प्रियंका ने नई तस्वीरों में दिखाया ग्लैमरस लुक

लंदन। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री एवं पूर्व विश्व सुंदरी प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार ग्लैमरस तस्वीरें साझा की है। प्रियंका अपने फैशन स्टाइल से प्रशंसकों को प्रभावित करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। प्रियंका ने हाल ही में एक कार्यक्रम से अपना ग्लैमर दिखाते हुए शानदार तस्वीरें साझा की हैं, जिससे प्रशंसक उनकी सुंदरता पर फिदा हो गए हैं। कुछ लोग तो उनके पति निक जोनास को एक भाग्यशाली व्यक्ति भी कह रहे हैं। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने आकर्षक लुक को दिखाते हुए तस्वीरों की एक शृंखला पोस्ट की। एक तस्वीर में प्रियंका शीशे में देखती नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह हल्के भूरे रंग के पैंटसूट के साथ शानदार सफेद टॉप और पैंट में नजर आ रही हैं। आखिरी दो तस्वीरों में प्रियंका फिटेड ब्लैक, फुल-स्लीव टॉप में पोज देती नजर आ रही हैं।तस्वीरों के साथ प्रियंका ने एक मजेदार कैप्शन जोड़ा, जब ग्लैम इतना अच्छा हो।

200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1

मुंबई। मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 208 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभायी। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने छह दिनों में भारतीय बाजार में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने छह दिनों में 208 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

आईएमडीबी की शीर्ष 250 भारतीय फिल्मों की सूची में 12वीं फेल नंबर वन पर

मुंबई। इंटरनेट मूवी डेटाबेस (आईएमडीबी) ने शीर्ष 250 भारतीय फिल्मों की सूची जारी की है, जिसमें विधु विनोद चोपड़ा निर्मित-निर्देशित फिल्म 12वीं फेल नंबर वन पर है। आईएमबीडी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शीर्ष 250 भारतीय फिल्मों की सूची जारी की है।इस लिस्ट में आईएमडीबी ने वर्ष 1913 से लेकर वर्ष 2024 तक की फिल्मों के नाम शामिल किए हैं। सूचीबद्ध फिल्मों के लिए 80 लाख से अधिक लोगों ने वोट डाले।इस सूची में पहले स्थान पर फिल्म 12वीं फेल है। 12वीं फेल इसी नाम से आई हिंदी उपन्यास का फिल्मी रूपांतरण है। इस किताब को अनुराग पाठक ने लिखा है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और आईआरएस अधिकारी श्रद्धा जोशी के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी ने मुख्य किरदार निभाया है। इसके अलावा उनके साथ मेधा शंकर, भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। 12वीं फेल को कई पुरस्कार समारोह में पुरस्कार मिले हैं। आईएमडीबी की टॉप 10 की सूची में 12वीं फेल, गोल माल, नायकन, द वर्ल्ड ऑफ अप्पू, अंबे शिवम, पेरीयेरुम पेरुमल, 3 इडियट्स, महाराजा, मणिचित्राथाझु, और होम शामिल है। सूची में सर्वाधिक सात फिल्में फिल्मकार मणिरत्नम की है,छह फिल्मों के साथ अनुराग कश्यप दूसरे स्थान पर हैं।

उषा ने की सीईओ की नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईओए अध्यक्ष ने कोषाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर बैठक बुलाई

विवादों में घिरी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर की नियुक्ति, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों और कार्यकारी परिषद (ईसी) के कुछ सदस्यों की पद पर बने रहने की अयोग्यता जैसे विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए 25 अक्टूबर को संस्था की विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई है।

इन सभी मुद्दों पर उषा का ईसी के अधिकांश सदस्यों के साथ टकराव रहा है। अय्यर की नियुक्ति इसमें सबसे चर्चित मुद्दा है क्योंकि उनके वेतन पैकेज और इस पद के लिए उपयुक्तता को लेकर ईसी सदस्यों ने उनका पुरजोर विरोध किया है। इस पूर्व महान धाविका ने आईओए के पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को भेजे ईमेल में लिखा ये सभी मुद्दे असाधारण और तात्कालिक हैं। इसे सुलझाने और प्रभावी निर्णय लेने के लिए सदन की भागीदारी की आवश्यकता है। मैं इस संबंध में 25 अक्टूबर 2024 को सुबह 11 बजे आईओए भवन आईओए की एक विशेष आम बैठक बुला रही हूं। आईओए संविधान की अनुच्छेद 8.3 के मुताबिक इस बैठक का आयोजन हाइब्रिड प्रारूप में होगा। जो पदाधिकारी इस बैठक के लिए शारीरिक तौर पर मौजूद नहीं हो सकेंगे वे वेबक्स की मदद से इससे जुड़ सकते हैं। इसका ऑनलाइन लिंक आईओए की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। ईसी के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी ईसी की मंजूरी नहीं मिली है। एसजीएम के एजेंडे के अनुसार, उनकी नियुक्ति पर मतदान किया जाएगा कि क्या उनका चयन 'संविधान के अनुच्छेद 15.3.1 के अनुसार नामांकन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया गया है' या आईओए ईसी के पास इस प्रक्रिया को अस्वीकार करने की शक्ति है। उषा ने चेतावनी दी है कि संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण हैं। ईसी के कुछ सदस्यों द्वारा इस नियुक्ति को स्वीकार करने में देरी और इनकार से हमारे शासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ रहा है। इससे भारत में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों 2036 की मेजबानी के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण में बड़ी बाधा पैदा होने की संभावना है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

पाकिस्तानी कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय ने नहीं दिया भगत सिंह से संबंधित न्यायिक रिकॉर्ड

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत के रजिस्ट्रार कार्यालय ने गुरुवार को एक गैर-लाभकारी संस्था के उस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के नायक भगत सिंह और उनके दो सहयोगियों राजगुरु और सुखदेव से संबंधित न्यायिक रिकॉर्ड मांगे गए थे।

भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी ने लाहौर उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय में एक आवेदन दायर किया, जिसमें लाहौर उच्च न्यायालय के तीन सदस्यीय विशेष न्यायाधिकरण से भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के न्यायिक रिकॉर्ड की मांग की गई। यह रिकार्ड सात अक्टूबर, 1930 की है। लाहौर उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय ने अनुरोध स्वीकार करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वह फाउंडेशन को रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करा सकता।

- गैर-लाभकारी संस्था के अनुरोध को किया अस्वीकार

रिकॉर्ड उपलब्ध न कराना घोर अन्याय : कुरैशी

कुरैशी ने कहा कि लाहौर हाईकोर्ट के उप रजिस्ट्रार ताहिर हुसैन ने कहा कि जब तक उच्च न्यायालय भगत सिंह और अन्य लोगों का न्यायिक रिकॉर्ड फाउंडेशन को उपलब्ध कराने का आदेश नहीं देता, तब तक उनका कार्यालय ऐसा नहीं कर सकता। रजिस्ट्रार कार्यालय का न्यायिक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने से इनकार करना घोर अन्याय है। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे।

साइबर फ्रॉड का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट

डिजिटल अरेस्ट के मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठग आसानी से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। देशभर में कई लोग इसका शिकार बन चुके हैं। इस मामले में बहुत तरह की सजा हो सकती है। गलत डॉक्यूमेंट बनाने, लोगों से ठगी करने, सरकारी एजेंसी को गुमराह करने की सजा हो सकती है। इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है उसकी सजा, आईटी एक्ट के तहत सजा, ट्राई के कानून के तहत गलत सिम कार्ड लेने की सजा का प्रावधान है।

क्या है डिजिटल अरेस्ट?

डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है, उसे पेनल्टी या जुर्माना देना होगा। डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा शब्द है जो कानून में नहीं है। लेकिन, अपराधियों के इस तरह के बढ़ते अपराध की वजह से इसका उद्भव हुआ है। पिछले तीन महीने में दिल्ली-एनसीआर में 600 मामले ऐसे आए हैं, जिनमें 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है। कई सारे अन रिपोर्टेड मामले होते हैं। कई ऐसे मामले भी आते हैं जिसमें ठगी करने की कोशिश करने वाले सफल नहीं हो पाते हैं।

ऐसे फंसाया जाता है लोगों को

इसमें ठगी करने के 4- 5 तरीके होते हैं। जैसे, किसी कूरियर का नाम लेकर कि इसमें गलत सामान आया है। कुरियर में ड्रग्स है, जिसकी वजह से आप फंस जाएंगे। आपके बैंक खाते से इस तरह के ट्रांजैक्शन हुए हैं जो फाइनेंशियल फ्रॉड रिलेटेड हैं। मनी लॉन्ड्रिंग, एनडीपीएस का भय दिखाकर अधिकतर उन लोगों को फंसाया जाता है, जो पढ़े-लिखे और कानून के जानकार होते हैं। ऐसे लोगों को डराकर उनसे डिजिटल माध्यम से फिरौती मांगी जाती है। अगर उनके खातों में पैसे नहीं हैं तो उनको लोन दिलवाया जाता है। कई बार उनके पास लोन लेने वाले एप्स नहीं होते हैं तो उन एप्स को भी डाउनलोड कराया जाता है। कई बार दो से तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा जाता है।

इस तरह करें बचाव

- गलत तरीके से सिम कार्ड लेकर बैंक खाता खोला जाता है। पैन कार्ड, आधार कार्ड समेत कई अन्य डेटा को गैरकानूनी तरीके से इकट्ठा किया जाता है। उनके खाते से पैसे ट्रांसफर कराये जाते हैं। इसलिए अपने अपने दस्तावेज संभाल कर रखें।
- कोई भी सरकारी एजेंसी ऑनलाइन तरीके से पूछताछ नहीं करती है। यदि करती है तो आप इसको लेकर सदैव सचेत रहें।
- साइबर फ्रॉड के हेल्पलाइन नंबर या ईमेल से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।
- स्थानीय पुलिस को भी शिकायत दे सकते हैं। अगर आप पुलिस को एक घंटे के भीतर सूचना देते हैं तो ट्रांसफर किए गए पैसे को वापस पाने की संभावना रहती है।

एक नजर

ब्रिटेन ने चागोस द्वीपसमूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने पर सहमति जताई

लंदन। ब्रिटेन ने लंबे समय से विवादित चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने पर बृहस्पतिवार को सहमति व्यक्त की। यह समझौता डिएगो गार्सिया में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ब्रिटेन-अमेरिका सैन्य अड्डे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किया गया है। चागोस, हिंद महासागर में 60 से अधिक द्वीपों का एक द्वीपसमूह है। ब्रिटेन सरकार ने एक बयान में कहा कि इस समझौते को अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का पुरजोर समर्थन प्राप्त है।

कांगो में नौका पलटने से 78 लोगों की मौत

गोमा (कांगो)। मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में किवु झील में बृहस्पतिवार को सैकड़ों यात्रियों को ले जा रही एक नौका के पलट जाने से कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नौका पर कितने लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने बचाव सेवाओं को पानी से शव निकालते देखा।

हत्या के मामले में हसीना पर आईसीटी में मामला दर्ज

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 24 अन्य के खिलाफ चंखरपुल जिले में गज 05 अगस्त को स्कूली छात्र की हत्या के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में मामला दर्ज किया गया है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक स्कूली छात्र अनस के पिता पलाश ने बुधवार को आईसीटी के मुख्य अभियोजक कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी है।

नाटो के महासचिव यूक्रेन यात्रा पर पहुंचे

कीव। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के नए महासचिव मार्क रूट ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के तहत गुरुवार को यूक्रेन का दौरा किया और देश के लिए निरंतर समर्थन का संकल्प जताया। रूट ने कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। नाटो प्रमुख के दौरे के बीच कीव में हवाई हमले के सायरन दो बार बजे।

हिंसा रोकने के लिए दागे थे रॉकेट

संयुक्त राष्ट्र की आपात बैठक में ईरान ने रखा अपना पक्ष, इजराइल बोला- अमानवीय कृत्य किया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के दौर पर ध्यान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक आपातकालीन बैठक की। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि उनके देश ने मंगलवार को इजराइल पर लगभग 200 मिसाइल दागी थीं, ताकि इजराइल की हिंसा को रोका जा सके, जबकि उनके इजराइली समकक्ष ने इस हमले को आक्रामकता का अभूतपूर्व कृत्य करार दिया।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार देर रात जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प व्यक्त किया, वहीं एक ईरानी कमांडर ने धमकी दी कि अगर इजराइल ने ऐसा किया तो वे बुनियादी ढांचे पर व्यापक हमले करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर किए जाने वाले इजराइली हमले का समर्थन नहीं करेंगे। इजराइल ने बुधवार को तब और खलबली मचा दी जब उसके विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव को देश में अवांछनीय व्यक्तिघोषित कर दिया और संगठन के खिलाफ दशकों से लग रहे यहूदी विरोधी आरोपों को दोहराया।

इस बीच इजराइल हाल में दो मोर्चों पर आतंकवादियों से जूझ रहा था। वह हिजबुल्ला के खिलाफ लेबनान में जमीनी स्तर पर निपट रहा था तो गाजा में भी हमले कर रहा था जिनमें बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग मारे गए। इजराइल की सेना ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में संघर्ष में आठ सैनिक मारे गए हैं। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के सीमा पार हमले के बाद से ही इजराइल और हिजबुल्ला के बीच लेबनान सीमा पर लगभग रोजाना गोलीबारी हो रही है, जिसमें 1,200 इजराइली मारे गए और 250 अन्य को बंधक बना लिया गया। जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में आतंकवादी समूह के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस क्षेत्र में 41,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं और मृतकों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे थे।

लेबनान में इजराइल की ओर से किए गए हमले के बाद उठता धुआं। एजेंसी

गाजा में हमास के वरिष्ठ नेता को मार गिराया

यरूशलम। इजराइली सेना ने गुरुवार को कहा कि उसने तीन महीने पहले गाजा पट्टी में हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ नेता को मार गिराया था। सेना ने कहा है कि उत्तरी गाजा में एक भूमिगत परिसर पर हमले में रवही मुश्तहा और दो अन्य हमास कमांडर- सामी सिराज और सामी ऊदा की मौत हो गई। हमास की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। सेना ने कहा है कि मुश्तहा हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार का करीबी सहयोगी था, जिसने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले की साजिश रचने में मदद की थी।

अमेरिका परमाणु प्रतिष्ठानों को नष्ट करने में सक्षम

वाशिंगटन। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि केवल अमेरिकी वायु सेना ही ईरान के परमाणु ढांचे को नष्ट करने में सक्षम है। द न्यू यॉर्कर ने अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की वायु सेना अकेले ही ईरान के बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से फ्रोडो में उसके भूमिगत परमाणु संवर्धन स्थल को नष्ट कर सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हालांकि कहा है कि वह ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने वाले इजरायल का समर्थन नहीं करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल फिर भी ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने का प्रयास कर सकता है और अमेरिका पर मिशन को पूरा करने के लिए दबाव डाल सकता है।

इजराइली प्रतिबंध राजनीतिक बयानबाजी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व निकाय के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के इजराइल में प्रवेश पर प्रतिबंध को उसके विदेश मंत्री की राजनीतिक बयानबाज़ी बताया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र इजराइल के साथ संपर्क बनाए रखेगा क्योंकि ऐसा करना ही पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संवाददाताओं से कहा कि इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कैट्ज द्वारा संयुक्त राष्ट्र प्रमुख को अवांछित व्यक्ति कहना भी इजराइल सरकार की ओर से संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों पर एक और हमला है। संयुक्त राष्ट्र पर पक्षपात और यहूदी-विरोधी होने के इजराइल के आरोप दशकों पुराने हैं, लेकिन देश पर सात अक्टूबर को हमास के हमलों के बाद से यह दरार और बढ़ गई है।

युद्ध के कारण हैती में सात लाख लोग हुए विस्थापित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा- विस्थापितों में आधे से अधिक बच्चे

हैती में अब 7,00,000 से ज्यादा लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं, जो जून के बाद से 22 प्रतिशत की वृद्धि है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के नए आंकड़ों का उल्लेख करते हुए दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि विस्थापित हुए लोगों में आधे से अधिक बच्चे हैं।

उन्होंने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय का कार्यालय हाल के महीनों में बढ़ते विस्थापन से बहुत चिंतित है, क्योंकि सामूहिक हिंसा बढ़ने से देश में मानवीय संकट गहरा गया है। डुजारिक ने कहा कि विस्थापितों में से लगभग तीन-चौथाई अन्य प्रांतों में आश्रय चाहते हैं, अकेले ग्रांड सूड क्षेत्र में कुल विस्थापित आबादी का लगभग आधा हिस्सा रहता है। राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस में, जहां सुरक्षा स्थिति अत्यधिक अस्थिर बनी हुई है, विस्थापित लोगों में से एक चौथाई भीड़भाड़ वाली जगहों पर रहते हैं, जहां बुनियादी सेवाओं तक पहुंच बहुत सीमित है। मंगलवार को हैती में स्कूल वर्ष शुरू हुआ और संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादी साझेदार राष्ट्रीय स्कूल वापसी अभियान का समर्थन करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। व्याप्त असुरक्षा के कारण पिछले वर्ष लगभग 14 लाख छात्रों और शिक्षकों को शिक्षा में गंभीर व्यवधान का सामना करना पड़ा है।

हवाई हमले से मध्य बेरूत में नौ की मौत

बेरूत। इजराइल ने मध्य बेरूत की एक इमारत को निशाना बनाकर हवाई हमला किया, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। इन लोगों को हिजबुल्ला का सदस्य बताया गया है। इजराइल सितंबर के अंत से ही लेबनान के उन क्षेत्रों पर बमबारी कर रहा है जहां उग्रवादी समूह हिजबुल्ला की मजबूत उपस्थिति है, लेकिन राजधानी बेरूत के मध्य क्षेत्र को शायद ही कभी निशाना बनाया गया हो।

सीरिया के जबलेह में हथियार डिपो नष्ट

दमिश्क। इजराइली ड्रोन हमले में सीरियाई शहर जबलेह में एक हथियार डिपो को निशाना बनाकर नष्ट किया गया। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि ड्रोन और युद्धक विमान मिसाइलों द्वारा किए गए हमले ने डिपो को नष्ट कर दिया और बड़े पैमाने पर विस्फोट की आवाज सुनी गई।

ट्रंप पर अपराध का सहारा लेने का आरोप

अभियोजन ने पूर्व राष्ट्रपति के मामले में नए सबूत पेश किए

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 का चुनाव हारने से पहले ही नतीजे पलटने की कोशिश करने के लिए आधार तैयार कर लिया था तथा जानबूझकर मतदाता धोखाधड़ी के झूठे दावे किए और सत्ता पर काबिज रहने की अपनी असफल कोशिश के तहत अपराध का सहारा लिया। यह जानकारी अदालत में दायर अभियोजक के दस्तावेज से मिली है। इस दस्तावेज में पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ ऐतिहासिक आपराधिक मामले से जुड़ी नई जानकारियां सामने आई हैं। विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम द्वारा दायर किए गए दस्तावेज में अब तक का सबसे व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है जिससे पता चलता है कि अगर ट्रंप पर चुनाव के नतीजे को पलटने की साजिश रचने का आरोप लगाने वाला मामला सुनवाई तक पहुंचता है तो अभियोजक क्या साबित करना चाहता है। हालांकि महीनों तक चली कांग्रेस (संसद) की जांच और अभियोग में चुनाव परिणाम को पलटने के ट्रंप के प्रयासों का स्पष्ट विवरण दिया गया है।

अज्ञात विवरणों का हवाला दिया गया

नए दस्तावेज़ में ट्रंप के निकटतम सहयोगियों द्वारा दिए गए अज्ञात विवरणों का हवाला दिया गया है और इसमें एक हताश राष्ट्रपति की तस्वीर पेश की गई है, जो व्हाइट हाउस पर अपनी पकड़ खोते हुए देख चुनावी प्रक्रिया के हर चरण को निशाना बनाने के लिए छल का इस्तेमाल करता है। दस्तावेज़ में ट्रंप के सहयोगियों का जिक्र है।

ताइवान के अस्पताल में आग लगने से नौ लोगों की मौत

ताइपे (ताइवान)। दक्षिणी ताइवान के एक अस्पताल में गुरुवार की सुबह आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इस द्वीप पर तूफान का कहर जारी है जिससे आम जनजीवन बाधित हो गया है। क्रैथॉन तूफान से बुरी तरह प्रभावित पिंगटंग प्रांत के एक अस्पताल में आग लगी। बताया जाता है कि आग के कारण धुआं फैल गया और दम घुटने से नौ लोगों की जान चली गई। घटना की फिलहाल जांच की जा रही है। अस्पताल से दर्जनों अन्य मरीजों को सुरक्षित निकालकर पास के शरण स्थलों में ले जाया गया। मरीजों को निकालने और आग बुझाने में चिकित्साकर्मियों तथा दमकल कर्मियों की सहायता के लिए सैनिकों को बुलाया गया।

बांग्लादेश ने भारत से अपने राजदूत को वापस बुलाया

ढाका, एजेंसी

- कूटनीतिक फेरबदल के बीच सरकार ने लिया फैसला

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने नई दिल्ली में अपने उच्चायुक्त सहित पांच दूतों को वापस बुला लिया है। इसके साथ ही सरकार ने घरेलू प्रशासन के साथ-साथ राजनयिक सेवा में भी दूसरे चरण का फेरबदल किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मुख्य सलाहकार के रूप में प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने नवीनतम फेरबदल के तहत भारत, ब्रुसेल्स, कैनबरा, लिस्बन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी मिशन में बांग्लादेश के दूतों को तत्काल वापस लौटने और यहां विदेश मंत्रालय को रिपोर्ट करने को कहा है। नाम न जाहिर करने की इच्छा व्यक्त करते हुए एक अधिकारी ने कहा, राजदूतों को वापस बुलाना सरकार के उस निर्णय का हिस्सा है जिसके तहत भारत में हमारे उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान को ढाका में विदेश मंत्रालय में वापस लौटने को कहा गया है। लंदन में बांग्लादेश की उच्चायुक्त सादिया मुना तस्नीम को चार दिन पहले ढाका लौटने को कहा गया था। विदेश सेवा में अगस्त के अंत में एक बड़ा परिवर्तन देखा गया।

सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री को 12 माह जेल की सजा

सिंगापुर। उच्च न्यायालय ने भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को दो व्यापारियों से करीब 403,300 सिंगापुर डॉलर के उपहार प्राप्त करने के सात साल पुराने मामले में गुरुवार को 12 माह जेल की सजा सुनाई। ईश्वरन व्यापारियों अपना दोस्त बताते थे। ईश्वरन (62) ने 24 सितंबर को मुकदमे की सुनवाई के पहले दिन उपहार प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने से जुड़े चार आरोपों में अपना जुर्म कबूल किया। अभियोजन पक्ष के 56 गवाहों के बयान दर्ज कराने के लिए इस सुनवाई को लंबा चलना था लेकिन इसे संक्षिप्त कर दिया गया। न्यायमूर्ति ने कहा कि उन्होंने सजा के अनुरोध पर अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष दोनों की दलील पर गौर किया था।

गांधी मानते थे कि अहिंसा मानवता की बड़ी ताकत

- संरा प्रमुख ने कहा- आज दुनिया हिंसा का सामना कर रही है और संघर्ष बढ़ रहे

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने महात्मा गांधी के अहिंसा, शांति और समानता के संदेश को रेखांकित किया और हिंसा का सामना कर रही दुनिया और यूक्रेन से लेकर पश्चिम तक जारी संघर्षों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

दो अक्टूबर को गांधी जंयती के उपलक्ष्य में अपने संदेश में गुतारेस ने कहा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर, हम महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं और उन मूल्यों को दोहराते हैं जिनके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया: समानता, सम्मान, शांति और न्याय। गुतारेस ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा आज दुनिया हिंसा का सामना कर रही है और दुनिया भर में संघर्ष बढ़ रहे हैं।

यूक्रेन से लेकर सूडान, पश्चिम एशिया तथा और भी जगहों पर युद्ध के कारण विनाश हो रहा है। असमानता और जलवायु के प्रति असंवेदनहीनता शांति की नींव को कमजोर कर रही है। ऑनलाइन माध्यम से फैलाई गई नफरत का असर सड़कों पर हिंसा के रूप में दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि गांधी मानते थे कि अहिंसा मानवता के लिए सबसे बड़ी ताकत है, जो किसी भी हथियार से अधिक शक्तिशाली है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया कि वे मिलकर उस महान दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए संस्थाओं का निर्माण करें।

अमेरिका के सिएटल सेंटर में गांधी की प्रतिमा का अनावरण

अमेरिका में गांधी जी की प्रतिमा को अनावरण करते हुए।

वाशिंगटन। अमेरिका के सिएटल सेंटर में महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, सांसद एडम स्मिथ और भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल की उपस्थिति में बुधवार को आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। सिएटल में स्थापित गांधी की यह पहली आवक्ष प्रतिमा है। प्रतिमा को लोकप्रिय 'स्पेस नीडल' के नीचे तथा चिहुली गार्डन एवं ग्लास म्यूजियम के समीप स्थापित किया गया है। प्रतिमा के अनावरण समारोह का नेतृत्व सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता ने किया। समारोह में उत्तर पश्चिम प्रशांत में 'यूएस फर्स्ट कोर' के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जेवियर ब्रूनसन और 'मार्टिन लूथर किंग गांधी इनिशिएटिव' के अध्यक्ष एडी राई भी शामिल हुए थे।

ज्ञान-विज्ञान | ब्रह्मांड के एक हद तक अंश को समझने में मदगार साबित होगा

आकाशगंगाओं के कोलाज का सबसे बड़ा मानचित्र

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : ब्रह्मांड का आकार, संरचना, विस्तार व विद्यमान वस्तुओं के संसार की कोई थाह नही, लेकिन कही तो अंत होगा। आधुनिक खगोल विज्ञान इस पहेली को सुलझाने का प्रयास सदियों से कर रहा है। जिसे समझने के लिए खगोलविदों ने लंबे समय तक आकाशगंगाओं का अध्यन कर मानचित्र के रूप में कोलाज प्रस्तुत किया है, जो ब्रह्मांड का एक हद तक अंश समझाता है।

कोलाज में एनजीसी 3576, एनजीसी 6357, मेसियर 17, एनजीसी 6188, मेसियर 22 और एनजीसी 3603 व मेसियर 22 दिखाया गया है। पुराने तारों का घना समूह, गैस और धूल के बादल नजर आते हैं। तस्वीरों में तारों का निर्माण भी संमझ में आता है। कोलाज के विशाल मानचित्र में ब्रह्मांड की 1.5 अरब वस्तुएँ शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि ईएसओ ने हमारी गैलेक्सी का अब तक का सबसे विस्तृत इन्फ्रारेड मानचित्र जारी किया है। यह मानचित्र विशेष रूप से ब्रह्मांड की आंतरिक संरचना और कोर की वास्तविकता दर्शाता है। खगोलविद 13 वर्षों से अधिक समय से 4.1 मीटर विज़िबल और इन्फ्रारेड सर्वे टेलीस्कोप फॉर एस्ट्रोनॉमी का उपयोग करके आकाशगंगा का अवलोकन में जुटी है। मानचित्र में 200,000 से अधिक छवियों और 500 टेराबाइट्स डेटा शामिल है। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट भी है। चिली में यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला (ईएसओ) पैरानल वेधशाला व विस्टा टेलीस्कोप के जरिए यह शोध किया गया। चिली में स्थित यूनिवर्सिटी एंड्रेस बेल्लो के खगोल भौतिकीविद् दांते मिन्निटी के नेतृत्व में यह अध्ययन किया गया।

विन्हिन्न आकाशगंगाओं का जारी किया गया कोलाज।

ब्रह्मांड के पदार्थों की झलक

नैनीताल : कोलाज में ब्रह्मांड की विभिन्न आकाशगंगाओं में मौजूद गैस, धूल भरे गोलाकार समूहों में अंतर्निहित नवजात तारे, भूरे बौने, मुक्त-तैरते दुष्ट ग्रहों की झलक देखने को मिलती है। इमके अलावा भी अनेक पदार्थ नजर आते हैं, जो खगोलविदों को ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मदद कर सकते हैं।